RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 326
नई दिल्ली, बुधवार, 04 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

बिहार में आबादी के आंकड़ों में की गई गड़बड़ी
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

भारत ने कनाडा का कद घटाया

नई दिल्ली ने कनाडा से अपने 41 राजनयिकों को भारत से वापस बुलाने के लिए कहा है और इसकी समय सीमा 10 अक्टूबर तय की है

● ट्रूडो ने कहा-भारत के साथ संबंध चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहे, नई दिल्ली के साथ रचनात्मक संबंध जारी रखेंगे

पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली

नई दिल्ली स्थित कनाडा उच्चायोग

भारत और कनाडा के बीच जारी राजनयिक गतिरोध के बीच, नई दिल्ली ने कथित तौर पर कनाडा से अपने करीब 41 राजनयिकों को भारत से वापस बुलाने के लिए कहा है और इसकी समय सीमा 10 अक्टूबर तय की है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मे नई दिल्ली की संलिप्तता का आरोप लगाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गए हैं।

वहीं टोरंटो में प्रधानमंत्री ट्रूडो ने मंगलवार को कहा कि कनाडा भारत के संबंध बेहद चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओटावा नई दिल्ली के साथ रचनात्मक संबंध जारी रखेगा। यह भी पता चला है कि नई दिल्ली ने चेतावनी दी है कि वे निर्धारित तिथि तक देश छोड़ दें, यदि कनाडाई राजनयिक ऐसा नहीं करते हैं तो राजनयिक छूट वापस ले ली जाएगी। द फाइनेंशियल टाइम्स सहित अन्य रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि कनाडा के भारत में 62 राजनयिक हैं, जबकि नई दिल्ली ने उन्हें अपने उच्चायोग में कर्मचारियों की संख्या घटाकर 41 करने के लिए कहा है। विदेशी मामलों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कनाडाई सीनेट समिति के अध्यक्ष पीटर बोहेम के हवाले से समाचार पत्र ने कहा कि इस कदम से स्थिति को सुधारने में मदद नहीं मिलेगी और इस असहमति से जुड़ी भावनाओं को कम करना और अधिक कठिन हो जाएगा। बोहेम ने कहा कि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के पीछे हटने की उम्मीद नहीं है, उन्होंने कहा कि भारत कनाडा को 'एक आसान निशाने' के रूप में देखता है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि नई दिल्ली को ओटावा की जवाबी कार्रवाई करने की सीमित क्षमता के बारे में पता था क्योंकि ओटावा में अल्पमत सरकार है। लिबरल पार्टी के नेता ट्रूडो, भारतीय मूल और कनाडाई सिख नेता जगमीत सिंह, जो न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के प्रमुख हैं, के साथ सत्ता साझा करते हैं। द फाइनेंशियल टाइम्स ने बोहेम्स के हवाले से कहा कि भारत जानता है कि जवाबी कार्रवाई करने की हमारी क्षमता सीमित है, हमारी अल्पमत सरकार है और इसके परिणामस्वरूप होने वाली राजनीति के बारे में पता है। दूसरी ओर भारत में भी निश्चित रूप से चुनाव पास हैं। वहीं टोरंटो सन अखबार की खबर के मुताबिक, ट्रूडो ने ओटावा में पत्रकारों से कहा कि कनाडा के लिए भारत में जमीनी स्तर पर राजनयिकों का होना महत्वपूर्ण है। उनका यह बयान लंदन के फाइनेंशियल टाइम्स की उस रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें दावा किया गया है कि भारत शेष बचे 62 कनाडाई राजनयिकों में से 41 को वापस भेजना चाहता है। अखबार ने ट्रूडो के हवाले से कहा कि जाहिर है, हम इस समय भारत के साथ बेहद चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहे हैं।

हालांकि, उन्होंने फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी सरकार जवाबी कार्रवाई में भारत से कनाडा में तैनात राजनयिकों को हटाने के लिए कहेगी, ट्रूडो ने कहा कि उनकी सरकार नई दिल्ली के साथ काम करना जारी रखने की कोशिश करेगी। ट्रूडो ने कहा, जैसा कि मैंने कहा है, हम तनाव बढ़ाने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। हम वह काम करना चाहते हैं, जो इस बेहद कठिन समय में भारत के साथ रचनात्मक संबंध जारी रखने के लिए मायने रखता है। पिछले मौकों पर, भारत ने कहा है कि वह देश और कनाडा में समान संख्या में राजनयिक तैनात करना चाहता है। दिल्ली में अपने उच्चायोग में कनाडा के पास ओटावा में भारत की तुलना में कई दर्जन राजनयिक तैनात हैं। 18 सितंबर को ट्रूडो के यह कहने के बाद भारत और कनाडा के बीच एक अभूतपूर्व राजनयिक संकट पैदा हो गया कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियां? भारत सरकार के एजेंटों और निज्जर की हत्या (शेष पेज 9)

नेपाल में कुछ ही समय के अंतराल पर एक के बाद एक आए चार भूकंप के कारण दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस दौरान नोएडा स्थित पायनियर दफ्तर में काम कर कर्मचारी भी बाहर निकल आए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक 4.6 तीव्रता का पहला भूकंप दोपहर 2:25 बजे पश्चिम नेपाल में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। इसके बाद 2:51 बजे हिमालई राष्ट्र में एक बार फिर तेज भूकंप का झटका आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई। फोटो: रंजन डिमरी

जितनी आबादी, उतना हक बयान पर कांग्रेस में मतभेद

● राहुल गांधी की इस टिप्पणी से पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पहले असहमति जताई फिर पार्टी द्वारा आलोचना करने पर पोस्ट हटाई

● बाद में बयान देकर उन्होंने कांग्रेस के रुख को सही ठहराया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अमृतसर में मंगलवार को स्वर्ण मंदिर सेवा करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अपने आदर्श वाक्य 'जितनी आबादी उतना हक' के आधार पर जाति जनगणना की जोरदार वकालत को लेकर कांग्रेस के भीतर मतभेद पैदा हो गया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा में सदस्य, अभिषेक मनु सिंघवी ने पहले जाति जनगणना, विशेष रूप से राहुल पर कांग्रेस के रुख का विरोध किया और फिर पार्टी द्वारा आलोचना किए जाने के बाद उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट को हटा दिया और उसके बाद एक बयान दिया जिसमें उन्होंने अपनी पार्टी के रुख को सही ठहराया।

कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने अपनी पार्टी के सहयोगी सिंघवी के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कड़ा खंडन करते हुए कहा कि कांग्रेस अपने रायपुर घोषणापत्र के साथ खड़ी है और जाति जनगणना पर सिंघवी द्वारा व्यक्त किए गए विचार उनके व्यक्तिगत थे, न कि सबसे पुरानी पार्टी के। सिंघवी ने यह कहकर खलबली मचा दी कि 'अंततः इसकी परिणति बहुसंख्यकवाद में होगी', बाद में उन्होंने अपने कर्मचारियों पर इसका आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया से यह टिप्पणी वापस ले ली। सिंघवी, जिन्होंने पार्टी द्वारा उनकी टिप्पणी से दूरी बनाए जाने के तुरंत बाद अपना विवादास्पद पोस्ट हटा दिया, ने बाद में यह भी कहा कि वह जाति जनगणना का समर्थन करते हैं जिसके आधार पर अधिकारों का आनुपातिक निर्धारण किया जाएगा।

सिंघवी द्वारा 'बहुसंख्यकवाद' की चेतावनी देते हुए पोस्ट डालने के बाद रमेश ने कहा कि यह किसी भी तरह से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थिति को नहीं दर्शाता है। जैसे ही बिहार जाति जनगणना के निष्कर्ष सोमवार को जारी किए गए, कांग्रेस ने 'जितनी आबादी, उतना हक' (जनसंख्या के अनुपात में अधिकार) की वकालत करते हुए राष्ट्रीय जाति जनगणना की जोरदार वकालत की है। सिंघवी ने पहले एक्स पर कहा था कि अवसर की समानता कभी भी परिणामों की समानता के समान नहीं होती है। 'जितनी आबादी उतना हक' का समर्थन करने वाले लोगों को पहले इसके परिणामों को पूरी तरह से समझना होगा। यह अंततः बहुसंख्यकवाद में परिणत होगा।

सिंघवी ने कहा कि कर्मचारियों ने लापरवाही से इसे आगे बढ़ाया, जिसे थोड़े समय के अंतराल पर हटा दिया गया जब मैं सुप्रीम कोर्ट में एक सम्मान समारोह से बाहर आया और देखा और उसके बाद तुरंत हटा दिया।' उन्होंने मीडिया से कहा कि वह पार्टी के इस विचार के साथ हैं कि ऐसा होना चाहिए। देश भर में जाति जनगणना हो और उन्होंने कहा कि वह पार्टी के विचार से असहमत नहीं हैं। कांग्रेस ने एक बयान में कहा कि डॉ. सिंघवी का ट्वीट उनके निजी विचार का प्रतिबिंब हो सकता है, लेकिन यह किसी भी तरह से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करता है – जिसका सार 26 फरवरी, 2023 को रायपुर घोषणा और (शेष पेज 9)

पारुल-अनु को स्वर्ण, भारत को एथलेटिक्स में छह पदक

पारुल चौधरी

अनु रानी

भाषा। हांगझोउ

पारुल चौधरी ने शानदार दमखम का परिचय देते हुए महिला 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि अनु रानी सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ महिला भाला फेंक स्पर्धा में शीर्ष पर रही जिससे भारत मंगलवार को यहां एशियाई खेलों की ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में छह पदक जीतने में सफल रहा। मंगलवार को दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक के साथ भारत मौजूदा खेलों की एथलेटिक्स स्पर्धाओं में अब तक 22 पदक (चार स्वर्ण, 10 रजत और आठ कांस्य) जीत चुका है और इस तरह 2018 में 20 पदक के आंकड़े को पार कर चुका है।

1951 में पहले एशियाई खेलों में एथलेटिक्स में 34 पदक के बाद यह ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत की 28 वर्षीय पारुल अंतिम लैप में जापान की रिरिका हिरोनाका से पीछे चल रही थी लेकिन अंतिम 40 मीटर में उन्हें पछाड़कर 15 मिनट 14.75 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पारुल इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। इससे पहले सुनीता रानी (1998 में रजत और 2002 में कांस्य), ओपी जैशा (2006 में कांस्य), प्रीजा श्रीधरन (2010 में रजत) और कविता (2010 में कांस्य) एशियाई खेलों की महिला 5000 मीटर स्पर्धा में पदक जीत चुके हैं।पारुल ने कहा, मैंने कल (3000 मीटर स्टीपलचेज में) रजत पदक जीता और मैं थकी हुई थी इसलिए मैं केवल तीन घंटे सोई। मैं 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक नहीं जीत सकी इसलिए मैंने सोचा कि मैं आज अंत तक टक्कर दूंगी। उन्होंने कहा, मैं 2016 से राष्ट्रीय शिविर में कड़ी मेहनत और ट्रेनिंग कर रही हूं। पारुल का मौजूदा एशियाई खेलों में यह दूसरा पदक है। उन्होंने सोमवार को महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था। अनु का एशियाई खेलों का यह दूसरा पदक है। उन्होंने 2014 में कांस्य पदक जीता था। मोहम्मद अफजल ने पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में एक मिनट 48.43 सेकेंड के साथ रजत पदक जीता।

इसी स्पर्धा में कृष्ण कुमार डिस्क्वालीफाई हो गए। तेजस्विन शंकर ने पुरुष डेकाथलन स्पर्धा में 7666 अंक के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ रजत पदक हासिल किया। इससे पहले वह 1500 मीटर फाइनल में चौथे स्थान पर रहे थे। भारत का एशियाई खेलों की पुरुष डेकाथलन स्पर्धा में 1974 के बाद यह पहला पदक है। विजय सिंह चौहान एशियाई खेलों की इस स्पर्धा में 1974 में पदक जीतने वाले पिछले भारतीय थे। पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड भरतिंदर सिंह के नाम था जो 7658 अंक का था। तेजस्विन ने कहा, मैं इससे बेहतर की उम्मीद कर रहा था लेकिन यह सोचकर संतुष्ट हूं कि गोला फेंक स्पर्धा के ठीक बाद मुझे ऐंठन हुई थी।

उसके बाद कुल अंकों के बारे में चिंता करने के बजाय पदक जीतने के लिए खुद को प्रबंधित करना था। फिर भी मैं खुश हूं कि मैंने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। प्रवीण चित्रावेल ने पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में 16.68 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। इसी स्पर्धा में एन अब्दुल्ला अबुबाकर 16.62 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे। चीन के झू एमिंग (17.13 मीटर) और फेंग याओकिंग (16.93 मीटर) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। इससे पहले विथ्या रामराज अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाने के बावजूद महिला 400 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने में सफल रही। पच्चीस साल की विथ्या ने 55.68 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। बहरीन की ओलुवाकेमी मुजिदात आदेकोया ने 54.45 सेकेंड के खेलों के रिकॉर्ड (शेष पेज 9)

गरीब सबसे बड़ी जाति, उसका कल्याण ही मकसद: प्रधानमंत्री

● कांग्रेस पर लोकतंत्र को लूटतंत्र और प्रजातंत्र को परिवारतंत्र में बदलने का आरोप लगाया

पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली/जगदलपुर/निजामाबाद

निजामाबाद में समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जाति आधारित गणना की विपक्षी दलों की मांग के बीच कांग्रेस पर किसी भी कीमत पर देश के हिंदुओं को बांटने और भारत को तबाह कर देने की चाहत रखने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उनके लिए गरीब ही सबसे बड़ी जाति और सबसे बड़ी आबादी है।

वहीं तेलंगाना में एक अन्य रैली में प्रधानमंत्री ने राज्य की केसी राव सरकार पर केंद्रीय निधि 'लूटने' का आरोप लगाया। कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी को उसके नेता नहीं, बल्कि पर्दे के पीछे से ऐसे लोग चला रहे हैं, जो राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ मिले हुए हैं। बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में भाजपा की परिवर्तन महासंकल्प रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर लोकतंत्र को लूटतंत्र और प्रजातंत्र को परिवारतंत्र में बदलने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा, कल से कांग्रेस ने एक अलग राग अलापना शुरू कर दिया है। कांग्रेस के नेता कहते हैं कि जितनी आबादी उतना हक है। मैं कहता हूं कि इस देश में अगर कोई सबसे बड़ी आबादी है, तो वह गरीब की है।

इसलिए मेरे लिए गरीब ही सबसे बड़ी आबादी है और गरीब का कल्याण यही मेरा मकसद है। उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह क्या सोच रहे होंगे? मनमोहन सिंह जी कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है और उनमें भी पहला अधिकार मुसलमानों का (शेष पेज 9)

भारतीय में विकसित टीके से दुनिया देगी मलेरिया को मात

● पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया यूके में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के संयुक्त सहयोग से विकसित, नए स्वीकृत वैक्सीन की कीमत चार अमेरिकी डॉलर से कम होगी

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

दो साल के भीतर, दुनिया को बच्चों के लिए दूसरा कम लागत वाला और अत्यधिक प्रभावी मलेरिया टीका मिल गया है- जिसे आर21/मैट्रिक्स-एम के नाम से जाना जाता है। यह अच्छी खबर है क्योंकि वेक्टर-जनित मलेरिया का संकट इतना बड़ा है कि हर मिनट, पृथ्वी पर कहीं न कहीं एक बच्चा मलेरिया के खिलाफ अपनी लड़ाई हार जाता है।

दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीन निर्माता पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) और यूके में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के संयुक्त सहयोग से विकसित, नए स्वीकृत वैक्सीन की कीमत 4 अमेरिकी डॉलर से कम होगी, जो वर्तमान में उपलब्ध वैक्सीन से सस्ती है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रियस ने एक घोषणा के बाद कहा कि वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी ने आर21/मैट्रिक्स-एम मलेरिया वैक्सीन के नाम से जाने जाने वाले वैक्सीन की सिफारिश की है जिसे बड़े पैमाने पर विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक मलेरिया शोधकर्ता के रूप में, मैं उस दिन का सपना देखता था जब हमारे पास मलेरिया के खिलाफ एक सुरक्षित और प्रभावी टीका होगा। अब हमारे पास दो हैं। प्रति वर्ष 10 लाख से अधिक खुराक का उत्पादन करने के लिए पहले से ही एक समझौता है और एसआईआई ने अगले दो वर्षों में इसे दोगुना करने का वादा किया है। उत्पादन का यह पैमाना महत्वपूर्ण है क्योंकि मलेरिया के उच्च जोखिम वाले लोगों का टीकाकरण बीमारी के प्रसार को रोकने के साथ-साथ टीकाकरण करने वालों की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण होगा।

फाइल फोटो

जीएसके द्वारा विकसित आरटीएस, एस/एएस01 वैक्सीन 2021 में डब्ल्यूएचओ की मंजूरी प्राप्त करने वाला मच्छर जनित बीमारी के खिलाफ पहला टीका बन गया, जब दुनिया भर में लगभग 24.7 करोड़ मामले और 619000 मौतें हुईं। डब्ल्यूएचओ की स्वतंत्र सलाहकार संस्था, स्ट्रैटेजिक एडवाइजरी ग्रुप ऑफ एक्सपर्ट्स (एसएजीई) और मलेरिया पॉलिसी एडवाइजरी ग्रुप (एमपीएजी) ने पिछले महीने इसकी सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावशीलता मानकों की समीक्षा के बाद वैक्सीन के उपयोग की सिफारिश की थी। उनकी सिफारिश प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल परीक्षण डेटा पर आधारित थी, जिसने चार देशों में मौसमी और बारहमासी मलेरिया संचरण वाले स्थानों पर अच्छी सुरक्षा और उच्च प्रभावकारिता दिखाई थी।

डब्ल्यूएचओ महानिदेशक ने कहा कि आरटीएस, एस वैक्सीन की मांग आपूर्ति से कहीं अधिक है, इसलिए यह दूसरा टीका अधिक बच्चों को तेजी से बचाने और हमें मलेरिया मुक्त भविष्य के हमारे दृष्टिकोण के करीब लाने के लिए एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त उपकरण है। विकास पर प्रतिक्रिया देते हुए, डब्ल्यूएचओ की मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'बहुत अच्छी खबर है कि डब्ल्यूएचओ ने मलेरिया के दूसरे टीके को भारत में निर्मित करने की सिफारिश की है। निश्चित रूप से मलेरिया नियंत्रण और अंततः उन्मूलन में मदद मिलेगी। मलेरिया को समाप्त करने के लिए आरबीएम पार्टनरशिप ने विकास (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

वायुसेना 97 अतिरिक्त तेजस मार्क-1ए विमान खरीदने पर कर रही है विचार

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना 60,000 करोड़ रुपए की लागत से 84 सुखोई-30 एमकेआई विमानों को उन्नत बनाने और 97 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद के लिए 1.15 लाख करोड़ के सौदे को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। वायुसेना प्रमुख वी.आर. चौधरी ने यह जानकारी दी। फरवरी 2021 में, रक्षा मंत्रालय ने वायुसेना के लिए 83 तेजस एमके-1ए विमानों की खरीद के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रुपए का करार किया था। 97 अतिरिक्त तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद के बाद वायुसेना के बेड़े में इन विमानों की कुल संख्या 180 हो जाएगी। आठ अक्टूबर को वायुसेना दिवस से पहले संवाददाता सम्मेलन में वायु सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि 60,000 करोड़ रुपए से कुछ अधिक की लागत से 84 सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने का काम जाएगा। रक्षा मंत्रालय कुल 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए अगले साल एचएएल के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने पर भी विचार कर रहा है।

करोड़पति घरों की संपत्ति कब्जाने वाले गिरोह का खुलासा

कॉलेज समूह के मालकिन की 200 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी ऐंठने के फूलप्रूफ प्लान पर वसीयत ने फेरा पानी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

सांकेतिक फोटो।

गाजियाबाद में पुलिस ने लड़कियों के ऐसे गैंग का भंडाफोड़ किया है जो करोड़पति घरानों में पहले मेड की नौकरी करती हैं। फिर प्रॉपर्टी हथियाने के लिए घर के बुजुर्ग , मानसिक दिव्यांग या दिव्यांग लड़कों से शादी करने के बाद प्रॉपर्टी पर कब्जा जमाती हैं। इसके पीछे पूरा गिरोह काम करता है।

ऐसा ही एक मामले में एक लड़की ने 200 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी हथियाने के लिए कॉलेज मालकिन के मानसिक दिव्यांग बेटे से शादी कर ली। कॉलेज मालकिन की कैंसर से मौत होने के बाद वह पूरी प्रॉपर्टी पर काबिज हो गई। गनीमत यह रही कि महिला मरने से पहले प्रॉपर्टी की वसीयत शादीशुदा बेटी के नाम कर चुकी थी। फिलहाल बेटी की शिकायत पर गाजियाबाद पुलिस ने इस तरह की शादियां कराने वाले हिस्ट्रीशीटर बिचौलिये को गिरफ्तार कर लिया है।

डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद्र यादव ने घटना का खुलासा किया। मुरादनगर थाना क्षेत्र में गंगनहर पटरी के किनारे यूनिक ग्रुप ऑफ कॉलेज है। इसकी पूर्व चांसलर सुधा सिंह थीं, जिनकी 7 अगस्त, 2023 को कैंसर से मौत हो गई। उनके पति की भी कई साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। सुधा का बेटा शिवम सिंह (50) मानसिक दिव्यांग है। वहीं, बेटी आकांक्षा सिंह की शादी हो चुकी है।

सुधा सिंह के मकान में फरवरी 2023 में प्रीति नाम की एक युवती

● मेड के बहाने घर में घुसने के बाद तलाशते थे मौका, घर के बुजुर्ग या किसी मानसिक दिव्यांग सदस्य से शादी करने के बाद करते थे दावेदारी

मेड का काम करने के लिए आई। धीरे-धीरे प्रीति ने अपना भरोसा जमा लिया। उस वक्त सुधा कैंसर की आखिरी स्टेज में चल रही थीं। प्रीति ने कहा कि वह उनके मंदबुद्धि बेटे का शादी के बाद पूरा ख्याल रखेगी। इस बीच प्रीति ने शिवम से कथित तौर पर उस वक्त शादी कर लीए जब सुधा हॉस्पिटल में भर्ती थीं। इसकी एक तस्वीर भी आई थी, जिसमें प्रीति और शिवम गले में माला पहने हुए हैं। दोनों सुधा सिंह से आशीर्वाद लेते दिखाई दे रहे हैं। सुधा की बेटी आकांक्षा को इन सब बातों का कुछ पता ही नहीं चला। 7 अगस्त, 2023 को सुधा सिंह की मौत पर बेटी आकांक्षा घर आईं। उन्होंने प्रीति से कहा कि अब उन्हें मेड की जरूरत नहीं है। तब प्रीति ने आकांक्षा को बताया कि वह इस घर की बहू बन चुकी है। यह जानकर आकांक्षा के पैरों तले जमीन खिसक गई। प्रीति ने आकांक्षा को फोटो भी दिखाई। जिसमें वह हॉस्पिटल के रूम में शिवम के साथ गले में माला पहनकर खड़ी हुई हैं।

आकांक्षा को इस शादी पर शक हुआ। क्योंकि मां ने यह बात उनको नहीं बताई। न तो ये शादी कहीं रजिस्टर्ड थी, न ही मंदिर में हुई और न ही कोई फेरे हुए। पेशे से डॉक्टर आकांक्षा सिंह पिछले दिनों गाजियाबाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलीं और शक जाहिर किया कि प्रीति ने फ्रॉड करके संपत्ति हड़पने के लिए ये शादी की है। मुरादनगर थाना पुलिस ने 22 सितंबर को इस केस में एक मुकदमा दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी।

मास्टरमांइड है हिस्ट्रीशीटर सचिन

पुलिस की जांच के दौरान सचिन का नाम सामने आया। वो गाजियाबाद में नूरपुर गांव का रहने वाला है और मसूरी थाने का हिस्ट्रीशीटर है। सचिन पर मुरादनगर, मसूरी और सिहानी गेट थाने में धोखाधड़ी के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, सचिन ने ही रोहतक हरियाणा की रहने वाली प्रीति को सुधा सिंह के घर पर बतौर मेड रखवाया था। क्योंकि सचिन का सुधा सिंह के घर पर आना.जाना था। वो जानता था कि सुधा को कैंसर है और उन पर करोड़ों रुपए की संपत्ति है। पुलिस ने सचिन को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में सचिन ने बताया, करोड़ों रुपए की प्रॉपर्टी हथियाने के लिए उसने प्रीति नामक युवती को मेड का काम करने के लिए सुधा के घर भेजा। प्रीति ने धीरे.धीरे सुधा को अपनी बातों में फंसाया और ऐसे वक्त में उनके मंदबुद्धि बेटे से शादी कर ली, जब वो हॉस्पिटल में कैंसर की आखिरी स्टेज पर थीं। उस वक्त वो शादी का विरोध भी नहीं कर सकती थीं और बेटे को इस बारे में कोई समझ नहीं थी।

पुलिस पूछताछ में आरोपी सचिन ने बताया, हम सुधा सिंह की कैंसर से मृत्यु का इंतजार कर रहे थे। 7 अगस्त को उनकी मौत के तुरंत बाद ही प्रीति ने अपने गैंग की अन्य दो महिलाओं प्रवेश निवासी नूरपुर गाजियाबाद और नीलम निवासी साउथ वेस्ट दिल्ली को इस घर में बुला लिया। इसमें उसने नीलम को अपनी मौसी बताया। इस तरह प्रीति ने पूरे घर पर कब्जा जमा लिया।

केस दर्ज होने के बाद मौके से गायब हुई युवती

सुधा की बेटी आकांक्षा सिंह ने जब प्रीति को घर से चले जाने को कहा तो उसने इस घर की बहू बनने का हवाला देते हुए कहीं जाने से इनकार कर दिया। अब जैसे ही मुकदमा दर्ज होने की जानकारी हुई तो प्रीति अपनी दोनों साथी महिलाओं संग रफू चक्कर हो गई है। सुधा सिंह के गाजियाबाद में दो कॉलेज हैं। इसमें एक कॉलेज मसूरी गंगनहर पर 30 बीघे से ज्यादा जमीन पर है। जबकि दूसरा कॉलेज और कॉम्प्लेक्स मोदीनगर कस्बे के राज चौपला के आसपास है। टोटल संपत्ति करीब 200 करोड़ रुपए से ज्यादा बैठती है। पुलिस जांच में पता चला है कि प्रीति इस तरह अब तक सात शादियां कर चुकी है, जिसमें छह शादी हरियाणा और 7वीं शादी गाजियाबाद में की है। हालांकि पुलिस को अभी तक तीन शादियों के डॉक्यूमेंट मिले हैं। जहां भी प्रीति ने शादी की, वहां उसने ससुरालवालों पर दहेज एक्ट, छेड़छाड़ और रेप के मुकदमे दर्ज करा दिए, ताकि प्रॉपर्टी में हिस्सेदार बन सके या मोटा पैसा ऐंठ सके। विवेक चंद्र यादव ने बताया, सचिन को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। तीनों महिलाओं की ऑन डॉक्यूमेंट अरेस्टिंग करने के बाद उन्हें 41-ए का नोटिस सर्व करा दिया गया है। वहीं सचिन की गिरफ्तारी इसलिए हुई है, क्योंकि उसने 41.ए के नोटिस के बावजूद पीड़ित पक्ष को धमकाया।

संक्षिप्त समाचार

इंदिरापुरम में तैयार हुआ दूसरा हरित शवदाह केन्द्र

गाजियाबाद। स्मार्ट सिटी योजना के तहत इंदिरापुरम के शक्ति खंड में ग्रीन शवदाह केन्द्र बनकर तैयार हो गया है। इस पर नगर निगम ने करीब 41 लाख रुपये खर्च किए है। राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत गाजियाबाद सिटी में विकास की कई योजनाओं के लिए नगर निगम को यूपी सरकार पैसा दे रही है। इसी योजना में गाजियाबाद नगर निगम एरिया में एक हरित शवदाह केन्द्र बनाने की भी योजना थी। हिंडन शमशान घाट पर पहले से ही एक हरित शवदाह केन्द्र बना हुआ है। निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता देश राज सिंह ने बताया कि इंदिरापुरम शक्ति खंड में नया हरित यानी ग्रीन शवदाह केन्द्र बनकर तैयार हो गया है। इस पर करीब 41 लाख रुपये खर्च हुए है। इस शवदाह केन्द्र में कम लकड़ी लगने के साथ प्रदूषण भी कम होता है। इस शवदाह केन्द्र के चलाने का ठेका जारी किया जाएगा।

विधायक ने दिखाई जागरूकता रैली को हरी झंडी

गाजियाबाद। तीन से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। अभियान की शुरुआत जागरूकता रैली से की गई। घंटाघर रामलीला मैदान में शहर विधायक अतुल गर्ग ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएमओ डॉ भवतोष शंखधर ने बताया कि 31 अक्टूबर को संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा जिसमें 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलेगा जिसमें घर.घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीमें बीमार या बुखार से पीडित लोगों की डाटा एकत्र करेगी। रैली पैदल घंटाघर मैदान से शुरू होकर एमएमजी अस्पताल में समाप्त हुई। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, अनुज मित्तल, जिला सर्विलास अधिकारी डॉ आरके गुप्ता, एसीएमओ डॉ चरण सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी ज्ञानेन्द्र मिश्रा, नरेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

संभव में आई अतिक्रमण संबंधित शिकायतें

गाजियाबाद। नगर निगम में आज संभव दिवस का आयोजन किया गया। संभव दिवस आज अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान चीफ इंजीनियर एनके चौधरी, उद्यान प्रभारी डॉ0 अनुज सिंहए सीटीओ डॉ0 संजीव सिन्हा, हेल्थ अफसर डॉ0 मिथिलेश कुमार, अपर नगर आयुक्त पल्लवी सिंह आदि मौजूद रहे। संभव दिवस प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किया जाता है। संभव दिवस के दौरान 19 शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी थी। सबसे अधिक शिकायतें अतिक्रमण को लेकर आई है। अतिक्रमण की शिकायतें पांच दर्ज हो चुकी थी।

हिन्दू रक्षा दल के अध्यक्ष पर दो मुकदमे दर्ज

गाजियाबाद। हिन्दू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी भैया पर गाजियाबाद पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। गाजियाबाद में 24 घंटे के भीतर दो पुलिस स्टेशनों में दो अलग.अलग मुकदमे दर्ज हुए हैं। राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में एक सितंबर को वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने जय माता दी स्टीकर लगा होने पर एक वाहन का चालान काट दिया था। इसके विरोध में हिन्दू रक्षा दल ने वहां पहुंचकर हंगामा किया। कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। अब इस मामले में हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार ने थाना नंदग्राम में भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी भैया व 10 से 12 अज्ञात के खिलाफकेस दर्ज कराया है। इन लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली और अभद्रता की। दूसरा मुकदमा थाना शालीमार गार्डन में दर्ज हुआ है। दरअसल, यहां पर 23 सितंबर को नाले में गोवंश के अवशेष मिले थे।

मोबाइल टावर के विरोध में लामबंद हुए ग्रामीण

गाजियाबाद। मोदी नगर के आसिफपुर उजैड़ा में आबादी के बीच लग रहे मोबाइल टावर के विरोध में ग्रामीण लामबंद हो गए। मंगलवार को ग्रामीणों ने मोदी नगर तहसील में पहुंचकर जमकर प्रदर्शन और प्रदर्शन हंगामा किया। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मोबाइल टावर का निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की। मोदी नगर तहसील पहुंचे और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने तहसील गेट पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में बीच आबादी में मोबाइल का 5 जी टावर लगाया जा रहा है। टावर का निर्माण कार्य चल रहा है।

नोएडा में दो मुठभेड़ में चार बदमाश गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र में 30 सितंबर की रात को एक युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी और साथी को सोमवार को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। वहीं, डकैती के एक अन्य मामले में वांछित इनामी बदमाश और उसके साथी को भी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है।

ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र के हबीबपुर गांव में युवती की हत्या के सिलसिले में पुलिस ने घटना के बाद लूटे गए लाखों रुपए के जेवरात, मोबाइल फोन और नकदी आदि भी आरोपियों से बरामद किए हैं।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) राजीव दीक्षित ने बताया कि 30 सितंबर को हबीबपुर गांव निवासी पिंकी (26) की हत्या कर दी गई थी। मामले की जांच कर रही पुलिस ने

● युवती की हत्या में प्रेमी और साथी को पुलिस ने दबोचा

सोमवार को हत्या में शामिल सुमित सिंह व कौशल सिंह को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के संगम विहार से हिरासत में लिया।

उन्होंने बताया कि पूछताछ में पुलिस को पता चला कि इस घटना को अंजाम देने वाले सुमित का पिंकी से प्रेम संबंध था। पहले वह युवती के घर में किराए पर रहता था लेकिन युवती के घर वालों के इस रिश्ते पर आपत्ति जताने के बाद छह माह पूर्व वह हबीबपुर गांव में ही किसी अन्य जगह रहने चला लगा। लेकिन उसका युवती से मिलना जुलना बना रहा।

उन्होंने बताया कि 30 सितंबर की रात को वह पिंकी से मिलने उसके घर पर गया था, जहां दोनों के बीच लड़ाई हो गई और गुस्से में उसने वहां रखी ईंट से पिंकी के चेहरे पर वार कर उसकी हत्या कर दी।

नॉलेज पार्क के थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि बीटा-दो थाना क्षेत्र निवासी नौसेना के एक अधिकारी के घर पर डकैती के मामले में वांछित 25,000 रुपए का इनामी बदमाश आजिब और उसका साथी अमरेश सोमवार की रात बाइक से शारदा गोल चक्कर के पास पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वे रुकने के बजाय पुलिस पर गोली चलाकर भागने लगे। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई। पुलिस की गोली से आजिब घायल हो गया और साथी अमरेश भाग निकला। हांलाकि पुलिस ने पीछा करके उसे पकड़ लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने देसी तमंचा, एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

नोएडा में मकान से गिरकर महिला की मौत

नोएडा। बादलपुर थाना क्षेत्र में सोमवार रात को एक सोसाइटी के मकान से गिरकर 26 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

बादलपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली कुमकुम नामक महिला सोमवार रात को संदिग्ध परिस्थिति में छत से नीचे गिर गई।

उन्होंने बताया कि महिला को उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और महिला के परिजनों को सूचना दे दी गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजन कोई शिकायत करते हैं तो रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जाएगी।

ओवरटेक कर रही बाइक को बस ने रौंदा, युवक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर के मुरादनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव मनोटा गेट यूटर्न के सामने तेज रफ्तार बस ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक सवार एक परिवार को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी व दो साल का पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद जाम लग गया।

पूर्वी दिल्ली के थाना जगतपुरी की रामनगर कॉलोनी निवासी नरेश वर्मा का 33 साल का पुत्र दिपांकर वर्मा अपनी पत्नी अनुराधा व पुत्र युवान के साथ बाइक से अपनी ससुराल मोदीनगर के गांव बखरवा आए थे। देर रात को वह वापस दिल्ली की और जा रहे थे। जब वह दिल्ली.मेरठ मार्ग पर गांव मनोटा यूटर्न के पास पहुंचे,

● हादसे में महिला और दो साल का बच्चा घायल

तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार तीनों काफी दूर जा गिरे। हादसे के बाद दिल्ली मेरठ मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बन गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को मुरादनगर स्थित सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने दिपांकर वर्मा को मृत घोषित कर दिया। जबकि अनुराधा व युवान की हालात गंभीर होने के कारण मेरठ के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

छात्र से मारपीट में 10 पुलिस कर्मियों पर केस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के बीटा-दो थाना क्षेत्र में विधि स्नातक के एक दलित छात्र की शिकायत और आत्मदाह के प्रयास के बाद तत्कालीन थाना प्रभारी सहित 10 पुलिस कर्मियों के खिलाफ उससे मारपीट करने तथा अवैध रूप से हिरासत में रखने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि अलीगढ़ जिला निवासी एलएलबी के छात्र जितेंद्र उर्फ जीतू के खिलाफ एक महिला ने उसके स्पा सेंटर में आकर ब्लैकमेल करने तथा रंगदारी वसूलने

● दलित को थाने में अवैध रूप से हिरासत में रखने के मामले में थाना प्रभारी पर भी कार्रवाई

का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था।

प्रवक्ता ने बताया कि जमानत पर आने के बाद जीतू ने पुलिस पर उसे अवैध रूप से हिरासत में रखने और उसके साथ मारपीट करने तथा उसे जबरन मूत्र पिलाने का आरोप लगाया। छात्र ने बताया कि उसने अपने मोबाइल फोन के हिडन (गुप्त) कैमरे से घटना की तस्वीरें ले लीं।

उन्होंने बताया कि छात्र की शिकायत पर बीटा-दो के तत्कालीन थाना प्रभारी अनिल राजपूत, एच्क्षर चौक के तत्कालीन चौकी प्रभारी अनुज कुमार राणा, परी चौक के चौकी प्रभारी देवेंद्र राठी सहित 10 पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि छात्र काफी दिनों से पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई करने की मांग कर रहा था।

जेवर में घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

नोएडा। जेवर में दनकौर कोतवाली से महज 200 की दूरी से एक घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 50 हजार रुपये का कैश समेत लाखों का सामान चुरा ले गए।

घटना के वक्त पीड़ित परिवार घर पर नहीं था। मंगलवार की सुबह पीड़ित परिवार को मामले की जानकारी हुई। जिसके बाद पुलिस को भी सूचना दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। दनकौर कस्बा निवासी गिरीश शर्मा ग्रेटर नोएडा में प्राइवेट अस्पताल में मैनेजर के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि उनके नहीं रहने पर चोरी हो गई।

भूकंप : तेज झटके लगने पर जान बचाकर भागे लोग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में दोपहर बाद भूकम्प के तेज झटको से लोग सहम गए। भूकंप के दो झटके करीब 20 से 30 सेकंड तक महसूस किए व इमारतें हिलती रहीं। नेशनल सेंटर फॉर सिसमोजलॉजी के मुताबिक भूकम्प की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 आंकी गई भूकम्प दोपहर को ठीक 2 बजकर 51 मिनट पर आया था।

भूकंप के दौरान नोएडा में काम करने वाले लोग बाहर आ गए। हालांकि हाइराइज सोसाइटी के लोगों ने घरों में सुरक्षित स्थान पर रहे। उनको इतना समय मिलता कि वो

भूकंप आने के बाद मीडिया से बात करते औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी।

नीचे आ सके। भूकम्प के झटको के बाद नोएडा की कंपनियों में काम करने वाले लोग बाहर आ गए। साथ ही यहां दो से तीन फ्लोर में रहने वाले लोग भी बाहर आ गए। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कई झटके आए है लेकिन ये बहुत तेज था। जिसमें हम सभी को डरा कर रख दिया। लोगों ने एक दूसरे को फोन कर कुशल क्षेम जाना।

औद्योगिक विकास मंत्री नंदी ले रहे थे बैठक

भूकंप आने के समय प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। जैसे ही भूकम्प आया। वैसे ही प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम, सीइओ रवि कुमार एमजी के साथ औद्यागिक विकास मंत्री सीढियों के जरिए बाहर आ गए। यहां करीब 20 मिनट तक रुकने के बाद वो ऊपर गए। इसके बाद बैठक पूरी की।

गांधी जयंती : आबकारी विभाग और पुलिस ने चलाया संयुक्त अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में आबकारी विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर अलग-अलग स्थानों पर छापामार कर देसी और विदेशी महंगे ब्रांड की शराब बरामद की। इसमें देसी पव्वा में मिस इंडिया से लेकर जॉनी वॉकर और रेड लेबल और ऐब्सौल्यूट वोडका तक बरामद की गई। इन मामलों में 4 लोगों की गिरफ्तारी की गई। ये सभी दो अक्टूबर को ड्राइ डे होने के चलते महंगे दाम पर अवैध रूप से शराब बेच रहे थे। नोएडा की झुग्गियों में अवैध रूप से शराब लाई जा रही है। जानकारी मिलते ही आबकारी निरीक्षक क्षेत्र.1 ने सेक्टर.5 की झुग्गियों में थाना फेज.1 के साथ मिलकर दबिश दी। वहां से एक आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार किया। उसके पास से 148 पव्वें मिस

इंडिया ब्रांड का 200 एमएल की बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि बरामद अवैध शराब एवं गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। वहीं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 6 नामवर सिंह एवं थाना जेवर के साथ संयुक्त रूप अभियान चलाकर धनसिया प्याऊ के पास से सतेन्द्र पुत्र मुकुटपाल के कब्जे से 200एमएल के 45 पव्वें करीब नौ लीटर फार सेल इन यूपी के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति को थाना जेवर से मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 अभिनव शाही एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 गौरव चंद ने दबिश देकर थाना बिसरख स्थित गैलेक्सी ब्लू सफायर प्लाजा के पास से दो लोगों को माजिद खान पुत्र शबीर खान एवं अंकित कुमार पुत्र जगदीश नारायण को एक स्कूटी से जॉनी वॉकर, रेड लेबल ब्रांड की 6 बोतलें फॉर सेल इन हरियाणा 750 एमएल के साथ पकड़ा। साथ ही शाहबेरी स्थित उनके फ्लैट की तलाशी लेने पर जॉनी वॉकर रेड लेबल ब्रांड विदेशी मदिरा की 6 बोतल फॉर सेल इन हरियाणा की मिली और 4 बोतल जागरमेस्टर व 5 एब्सोल्यूट ब्रांड का वोदका विदेशी मदिरा फॉर सेल इन हरियाणा मिली।

शराब नहीं पीने पर दबंगों ने युवक को डंडों से पीटा, घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दनकौर कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी आजमपुर गांव निवासी एक युवक को शराब नहीं पीने पर पड़ोस के चार लोगों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायल का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस संबंध में मंगलवार को पीड़ित ने परिवार के साथ कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफशिकायत की है।

गांव निवासी राजेश नाम की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसका बेटा तुषार सोमवार की शाम घर पर था। उसी दौरान पड़ोस के चार युवक उसको बहकाकर अपने साथ जंगल में ले गए। आरोप है कि जहां आरोपियों ने उसको जबरदस्ती शराब पिलाने का प्रयास किया। जब उसके बेटे ने विरोध किया तो आरोपियों ने एक राय होकर उसकी लाठी.डंडों से जमकर उसकी पिटाई कर दी। बाद में पीड़ित को जंगल में फेंककर आरोपी अपने घर आ गए। कुछ देर बाद पीड़ित घर पहुंचा और अपने साथ की घटना की जानकारी अपने परिवार के लोगों को दी। इसके बाद रात के वक्त जब परिवार के लोग कोतवाली आने लगे तो आरोपियों ने रास्ते में उनको रोक लिया। साथ ही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिनके डर के चलते परिवार के लोग कोतवाली नहीं पहुंचे।

मंगलवार शाम परिवार के लोग कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ शिकायत की है। परिवार के लोगों को कहना है कि आरोपी दबंग किस्म के हैं। रिपोर्ट दर्ज करने पर उन पर हमला कर सकते हैं। जिसके चलते उन्होंने पुलिस से अपनी सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

बर्थडे पार्टी से लौट रहे युवकों पर हमला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में बर्थडे पार्टी में विवाद के बाद घर लौट रहे युवक की कार पर बियर की बोतल और डंडा मारकर शीशा तोड़ दिया। इस कार में बैठे युवक की आंख में चोट भी आई है। मामले में पीड़ित ने कोतवाली सेक्टर.39 पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नंगली वाजिदपुर शेखर चौहान ने पुलिस से शिकायत की है। वह रविवार रात को अपने दोस्तों लक्की और सजल के साथ सदरपुर एक दोस्त की बर्थडे पार्टी में गया था। पार्टी खत्म होने के बाद तीनों कार से घर लौट रहे थे। रास्ते में गोद रेज फ्लैट के पास उन्होंने कार रोकी और लघु शंका करने लगे। आरोप है इसी दौरान पीछे से काले रंग की फॉर्च्यूनर वर्ना और थार में बैठे युवक रुके और उनके साथ बदसलूकी करने लगे। विरोध करने पर दो युवकों ने हवाई फायरिंग की। उसके साथ आए अन्य लोगों ने उनकी कार पर बीयर और डंडे से वार किया और शीशा तोड़ दिया। शराब के नशे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान शेखर की साथी लक्की की आंख में कांच का टुकड़ा लग गया। मौके पर पुलिस पहुंची तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। पुलिस घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। रजनीश वर्मा ने बताया कि पीड़ित ने साहिल अवाना और अंकित चौहान के खिलाफमुकदमा दज कराया है।

युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर भाई की पिटाई

गाजियाबाद। मोदीनगर के मुरादनगर थानाक्षेत्र के एक गांव में बाजार से सामान लेने जा रही युवती को जबरदस्ती खींचकर अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। जब युवती को बचाने भाई पहुंचा तो दंबगों ने सिर में डंड़ा मारकर सिर फोड़ा दिया। युवक को गंभीर हालात में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक गांव निवासी एक महिला परिवार सहित रहती है। उनकी पुत्री बाजार से सामान लेने के लिए जा रही थी। जब वह बीच बाजार में पहुंची तो गांव के रहने वाले युवकों ने युवती का हाथ पकड़कर सुनसान स्थान पर बने कमरे में खीच लिया। युवती द्वारा शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलने पर युवती का भाई मौके पर पहुंचा और छेड़छाड़ का विरोध किया। आरोप है कि दंबगों ने युवती के भाई का डंडा मारकर सिर फोड़ दिया। इतना ही नहीं उन्होने युवती को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। चीख पुकार सुन ग्रामीणों को आता देखकर हमलावर फरार हो गए। युवती की मां ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है।

दो साल में बेच डाली 200 पिस्टल, दो महिला तस्कर गिरफ्तार

10 पिस्टल किया बरामद, हर खेप पर मिलते थे 10 हजार रुपये, खरगौन से दिल्ली-एनसीआर में करती थीं सप्लाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने दो ऐसी महिलाओं को सूरजकुंड रोड से गिरफ्तार किया है। ये लोग शहर में हथियार सप्लाई करने का काम करती थीं। इन दोनों ने पिछले दो सालों में 200 से ज्यादा पिस्टल बदमाशों को बेच चुकी हैं। आरोपी मध्य प्रदेश के खरगोन से हथियार लाती थीं और अपने आका के आदेश पर बदमाशों तक पहुंचाती थीं। इसके बदले उन्हें हर खेप पहुंचाने पर 10 हजार रुपये मिलते थे। आरोपियों की पहचान चंचल और विकांशा के रूप में हुई है।

दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त ने बताया कि 1 अक्टूबर को स्पेशल सेल को पुख्ता जानकारी मिली थी कि हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह की दो महिला चंचल और विकांशा मध्य प्रदेश के खरगोन से पिस्टल की खेप खरीदी है और रविवार की रात देर रात सूरजकुंड रोड के चौराहे पर अपने किसी साथी को मिलने आएंगी। इस सूचना पर इंस्पेक्टर शिव कुमार के नेतृत्व में एक टीम बनाई और मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर उस स्थान पर जाल बिछाया और चंचल और विकांशा को एमबी रोड सूरजकुंड रोड के चौराहे के पास हाथों में बैग ले जाते हुए देखा। पुलिस ने दोनों महिलाओं को घेर कर पकड़ लिया। दोनों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 10 अच्छी क्वालिटी की पिस्टल बरामद की गई। इस संबंध में आर्म्स एक्ट कई धाराओं में केस दर्ज किया है।

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल की गिरफ्त में हथियारों की तस्करी करने वाली आरोपी महिलाएं।

● दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सूरजकुंड चौराहे से हथियारों के साथ चंचल, विकांशा को दबोचा

आरोपी महिलाओं से पूछताछ में खुलासा किया कि उन्हें हथियारों की ये खेप खरगोन में मिली थी और इसे दिल्ली एनसीआर के गैंगस्टरों और अपराधि यों तक पहुंचाना था। दोनों यह भी बताया कि वे मथुरा के रहने वाले सोनू चौधरी के लिए काम करती हैं। जिसने उन्हें मध्य प्रदेश से हथियार लेने के लिए भेजा था। इन महिलाओं को ये हथियार सोनू चौधरी के निर्देश पर दिल्ली में एक व्यक्ति को देना था। हर खेप पहुंवाने पर 10 हजार रुपये मिलते थे।

दोनों ने बताया कि पिछले दो सालों से एमपी से दिल्ली और उत्तर प्रदेश में वे हथियारों की सप्लाई कर रही थीं। इस अवधि में उन्होंने 200 से अधिक पिस्टल बदमाशों तक पहुंचा चुकी हैं।

पुलिस ने बताया कि छानबीन में यह भी पता चला है कि चंचल की बहन की आपराधिक पृष्ठभूमि है, और उसे पहले भी छत्तीसगढ़ में साल 2018 में 25 किलो ग्राम गांजा रखने के लि एएनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया था। इस गैंग का सरगना सोनू चौधरी विकांशा का मामा है। सोने पहले भी हत्या और एनडी पी एस एक्ट समेत कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

किसानों को नहीं मिला 130 करोड़ का मुआवजा : बिधूड़ी

किसानों की समस्या को लेकर प्रेसवार्ता करते नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद दिल्ली सरकार जसोला व मदनपुर खादर के गांवों के करीब 150 किसानों के 130 करोड़ रुपये के बकाया मुआवजे का भुगतान नहीं कर रही।

सरकार ने कोर्ट में तर्क दिया है कि सरकार के यानी एडीएम/लैंड एग्जीक्यूशन कलेक्टर के खाता में पैसा ही नहीं है। केजरीवाल सरकार के इस रवैये को देखते हुए कोर्ट ने एडीएम कार्यालय की अचल सम्पत्ति को जब्त करने का आदेश दे दिया है। उन्होंने बताया कि जसोला गांव की 76 बीघा जमीन वर्ष 1986-87 में अधिग्रहित की गई थी। यह जमीन 13-ए मथुरा रोड को कालिंदी कुंज तक बढ़ाने के लिए अधिग्रहित की गई थी। करीब 150 किसानों की यह जमीन थी जिसे मुआवजे के रूप में 130 करोड़ रुपया दिया जाना था।

दिल्ली-एनसीआर में लगे भूकंप के झटके

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेपाल में कुछ अंतराल पर एक के बाद एक आए चार भूकंप के कारण दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एनसीएस के एक अधिकारी ने कहा कि 4.6 तीव्रता का पहला भूकंप दोपहर 2:25 बजे पश्चिम नेपाल में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। इसके बाद 2:51 बजे एक बार फिर तेज भूकंप का झटका आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई।

दो और भूकंप (3.6 और 3.1 तीव्रता के) क्रमशः तीन बजकर छह मिनट पर और तीन बजकर 19 मिनट पर उसी क्षेत्र में 15 किमी और 10 किमी की गहराई पर आए। सबसे शक्तिशाली भूकंप का केंद्र उत्तराखंड की तीर्थनगरी जोशीमठ से 206 किलोमीटर दक्षिणपूर्व और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से 284 किलोमीटर उत्तर में था। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी लोगों ने दूसरे भूकंप के बाद तेज झटके महसूस किए और अपने कार्यालयों और ऊंची इमारतों से बाहर निकल आए।

सितंबर में बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में सितंबर महीने में पारा अधिक रहने से बिजली की मांग रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई। राज्य भार पारेषण केंद्र (एसएलडीसी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सितंबर महीने में 20 से ज्यादा दिन ऐसे रहे जब वर्ष 2022 के सितंबर महीने की तुलना में बिजली की मांग अधिकतम रही है। दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग पांच सितंबर, 2023 को 6,993 मेगावाट रही। यह सितंबर महीने का अबतक का उच्चतम स्तर है। पिछले साल सितंबर में अधिकतम मांग 6,687 मेगावाट रही थी।

बिजली वितरण कंपनी के एक अधिकारी के अनुसार, दिल्ली में पारा आसामान्य होने से बिजली मांग बढ़ी। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में पिछले कुछ महीनों से लगातार अधिक बनी हुई है। सितंबर में केवल एक बार ऐसा मौका आया जब दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 5,000 मेगावाट से नीचे आई।

वाहनों से नैनोकण का उत्सर्जन स्वास्थ्य के लिए खतरा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदूषित वायु में मौजूद जहरीले तत्व के छोटे-छोटे कण सांस लेते वक्त हमारे शरीर के अंदर प्रवेश कर जाते हैं और हृदय, फेफड़े और मस्तिष्क में पहुंच कर कई गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं। दिल्ली की हवा में, विशेष रूप से सड़कों के किनारे के वातावरण में नैनोकण का खतरनाक स्तर पाया गया है, जिसका सीधा संबंध वाहनों से निकलने वाले धुएं से है और इससे स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ रही हैं। एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है।

नैनोकण, बेहद सूक्ष्म कण होते हैं, जिनका व्यास अक्सर 10 से 1000 नैनोमीटर (एनएम) के बीच होता है। ये कण पीएम 2.5 (हवा में मौजूद 2.5 माइक्रो मीटर से कम व्यास के कण) या पीएम 10 की तुलना में बहुत छोटे आकार के होने के कारण मानव स्वास्थ्य के लिए अधिक खतरनाक हैं। मनुष्य के बाल से 600 गुना बारीक होने के कारण नैनोकण हमारे फेफड़ों, रक्त और यहां तक कि मस्तिष्क में भी प्रवेश कर सकते हैं।

● सड़क किनारे के वातावरण में नैनोकण का स्तर खतरनाक पाया गया है, जिसका सीधा संबंध वाहनों से निकलने वाले धुएं से है

पत्रिका अर्बन क्लाइमेट में प्रकाशित इस अध्ययन को उत्तर पश्चिमी दिल्ली में बवाना रोड पर किया गया था, जो दिल्ली को हरियाणा के रोहतक से जोड़ता है। शोधार्थियों ने कहा कि अध्ययन का स्थान शैक्षणिक संस्थानों, घरों और वाणिज्यिक क्षेत्रों से घिरा हुआ है, जहां प्रदूषण का प्रमुख स्रोत वाहन है।

उन्होंने कहा कि इसके अन्य स्रोतों में बायोमास (लकड़ी,पराली आदि) जलाना, सर्दियों में घरों को गर्म रखने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला ईंधन और आतिशबाजी शामिल हैं।

बवाना रोड होकर हर घंटे लगभग 1,300 वाहन गुजरते हैं और हर दिन औसतन 40,000 वाहन गुजरते हैं। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद के शोधकर्ताओं की संयुक्त टीम ने अध्ययन को दो अवधियों में विभाजित किया।

पहली अवधि एक अप्रैल, 2021 से 30 जून, 2021 तक, और दूसरी अवधि तीन अक्टूबर, 2021 से 30 नवंबर 2021 तक की थी। रिपोर्ट में 10 से 1000 एनएम (नैनो मीटर) तक के सूक्ष्म प्रदूषक पाए गए, साथ ही सड़क पर वाहनों की संख्या और मौसम की स्थिति को भी ध्यान में रखा गया।

ग्रीन वॉर रूम से वायु प्रदूषण की निगरानी शुरू

राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण की निगरानी और उससे संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए दिल्ली सरकार के नियंत्रण केंद्र ग्रीन वॉर रूम ने मंगलवार से चौबीसों घंटे काम करना शुरू कर दिया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष में विश्लेषकों और विशेषज्ञों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। ग्रीन वॉर रूम की स्थापना वर्ष 2020 में की गई थी। इसमें अत्याधुनिक वायु गुणवत्ता निगरानी उपकरणों के अलावा वैज्ञानिकों और डेटा विश्लेषकों सहित विशेषज्ञों की एक टीम है, जो दिल्ली में वायु प्रदूषण के सभी कारकों तथा सभी स्रोतों पर नजर रखती है और नगर प्रशासन को उसकी कार्य योजना को लागू करने में मदद करती है। गोपाल राय ने कहा कि लोग ग्रीन दिल्ली मोबाइल एप्लिकेशन (ऐप) के माध्यम से वायु प्रदूषण से संबंधित शिकायतें सकते हैं। नियंत्रण कक्ष की टीम इन शिकायतों का निवारण करने के लिए इन्हें संबंधित विभाग को भेजती है।

होम गार्ड के कार्यकाल के विस्तार को मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 8539 होम गार्ड के कार्यकाल के विस्तार को मंजूरी दे दी है, जिसमें दिल्ली परिवहन निगम की बसों में तैनात 4060 होमगार्ड भी शामिल हैं।

उपराज्यपाल ने इससे संबंधित फाइल पर तय समयसीमा के भीतर नई भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के अपने पूर्व के निर्देशों को दोहराया है।

● उपराज्यपाल ने 31 मार्च 2024 तक बढ़ाने पर दी सहमति

दिल्ली सरकार के पास 10,285 होम गार्ड की नई भर्ती का प्रस्ताव जुलाई से लंबित है और नए प्रस्ताव में गृह विभाग द्वारा नामांकन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए किसी समय सारिणी का जिक्र नहीं किया गया है। होम गार्ड वॉलेंटियर्स की अंतिम भर्ती वर्ष 2011 में हुई थी और तभी से उनका कार्यकाल एलजी की मंजूरी से बढ़ाया जाता रहा है। एलजी कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि मौजूदा होम गार्ड का कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो गया था। उपराज्यपाल ने पिछले सप्ताह होम गार्ड नियम, 1959 के नियम 8 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

सशक्त
विकास की नई गाथा

"मुझे यह बताते हुए हर्ष है कि वित्तीय वर्ष 2023 में हमने ₹11,605 करोड़ का अब तक का सर्वाधिक निवल लाभ अर्जित किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 16% अधिक है। हमने अपनी ऋण परिसंपत्ति बुक में 13% की दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की। शेयरधारक रिटर्न की बढ़ोतरी करने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, हमने प्रति शेयर ₹13.25 का लाभांश घोषित किया है, जो शेयर अंकित मूल्य पर 132.5% के बराबर है।"

परमिंदर चोपड़ा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

12 सितंबर, 2023 को आयोजित 37वीं वार्षिक आम बैठक में अध्यक्ष का अभिभाषण

देवियो और सज्जनो,

कंपनी की 37वीं वार्षिक आम बैठक में आपका स्वागत है।

सबसे पहले, मैं इस वर्ष आपकी कंपनी के पुनः शानदार वित्तीय कार्य-निष्पादन के लिए आपको बधाई देती हूँ।

परिचालन एवं वित्तीय कार्य-निष्पादन

वर्ष 2022-23 पीएफसी के लिए पुनःस्थापना का वर्ष था, क्योंकि हम कोविड के प्रतिकूल प्रभाव से उभरे और हमने उत्कृष्ट वित्तीय कार्य-निष्पादन के साथ प्रभावशाली संवृद्धि की।

मुझे यह बताते हुए हर्ष है कि वित्तीय वर्ष 2023 में हमने ₹11,605 करोड़ का अब तक का सर्वाधिक निवल लाभ अर्जित किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 16% अधिक है। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब हम सर्वाधिक वार्षिक लाभ का नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। हमने अपनी ऋण परिसंपत्ति बुक में 13% की दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की। परिणामस्वरूप, ऋण परिसंपत्ति पोर्टफोलियो ने 31.03.2023 तक ₹4 लाख करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया और यह ₹4,22,498 करोड़ पर पहुंच गया। हमने वर्ष के दौरान ₹2.32 लाख करोड़ की सर्वकालिक उच्च ऋण स्वीकृतियां भी की और ₹85,756 करोड़ संवितरित किए हैं, जो भारतीय विद्युत क्षेत्र के प्रमुख ऋणदाता के रूप में हमारी भूमिका को रेखांकित करता है। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर भी, गैर-निष्पादक परिसंपत्तियों को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की गई है, जिसके परिणामस्वरूप एनपीए अनुपात पिछले सात वर्ष में अपने सबसे निम्न स्तर पर आ गया है। वित्तीय वर्ष 2023 में, निवल एनपीए अनुपात 1.07% रहा। सुदृढ़ संवृद्धि, लगातार लाभ अर्जन और स्थिर परिसंपत्ति गुणवत्ता के साथ, हमारी नेट वर्थ ₹68,202 करोड़ के सुदृढ़ आंकड़े पर बनी रही। शेयरधारक रिटर्न की बढ़ोतरी करने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, हमने प्रति शेयर ₹13.25 का लाभांश घोषित किया है, जो शेयर अंकित मूल्य पर 132.5% के बराबर है।

मैक्रो-इकोनॉमिक परिदृश्य और विद्युत क्षेत्र का दृष्टिकोण

वित्तीय वर्ष 2022-23 में वैश्विक मैक्रो-इकोनॉमिक परिदृश्य चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन भारत उन उज्ज्वल देशों में से एक रहा है, जहां अर्थव्यवस्था सुदृढ़ गति से बढ़ रही है, जिसे स्वस्थ घरेलू मांग और विवेकपूर्ण मौद्रिक नीति का समर्थन प्राप्त है।

इस अनुकूल आर्थिक वातावरण से विद्युत क्षेत्र की वृद्धि को हितलाभ प्राप्त होने वाला है। अप्रयुक्त मांग क्षमता महत्वपूर्ण बिंदु है, जो भारत की लगभग 1.44 बिलियन की विशाल आबादी द्वारा उपयोग की जानी है। सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल और उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन योजना से मांग में वृद्धि होने की आशा है। अनुमान है कि 2027 तक भारत की विद्युत खपत में चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 7.18% पर पहुंच जाएगी।

गोवा में जीइडा कार्यक्रम की परिधि में स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियों के साथ सम्प्रीति-भोजन पर हस्ताक्षर समारोह के दौरान श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना) और श्री मनोज शर्मा, निदेशक (वित्तियन)।

इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, अतिरिक्त क्षमता की आवश्यकता होगी। सरकार की योजना है, 2032 तक लगभग 500 गीगावाट क्षमता के साथ, संस्थापित क्षमता को दोगुना करना, जिसमें 87% गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से और 13% जीवाश्म ईंधन से होगा, जिसके लिए लगभग ₹31 लाख करोड़ के अनुमानित निवेश की आवश्यकता होगी।

नई दिल्ली में आयोजित 'नई सोच, नई राहें' विषय पर राष्ट्रीय मंत्रिमंडलीय बैठक के दौरान श्री आर.के. सिंह, माननीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री और महामहिम वानुआतु गणराज्य, अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्री, उत्तराखंड सरकार के साथ श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, जिसमें पीएफसी को एशिया इंफ्रास्ट्रक्चर कंसल्टेंसी हब (एशियाएफसी) में शामिल होने वाले भारत के पहले संस्थान के रूप में घोषित किया गया।

हाल के वर्षों में, डिस्कॉम को वित्तीय और परिचालन चुनौतियों से जूझना पड़ा है, जिससे पूरे विद्युत क्षेत्र की मूल्य श्रृंखला पर दबाव डाला है। हालांकि, एक महत्वपूर्ण परिवर्तन आ रहा है। सरकार ने पिछले दो वर्ष में डिस्कॉम के लिए महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के भाग के रूप में इन सुधारात्मक उपायों का प्रभाव स्पष्ट है। एलपीएस नियमावली को लागू करने में हमारी सफलता भी उतनी ही उल्लेखनीय है। पिछले वर्ष में, हमने इस नियमावली के तहत विद्युत वितरण कंपनियों को ₹16,800 करोड़ रुपए का ऋण संवितरित किया है। इस योजना के कारण वितरण संस्थाओं द्वारा देय लेगेसी बकाया राशि में उनके ₹1.4 लाख करोड़ के उच्चतम स्तर से उल्लेखनीय 40% की कमी आई है। वर्तमान देय राशि के निपटान की भी प्राप्ति पोर्टल की सहायता से सख्ती से मॉनीटरिंग की जा रही है, जिसे हमारी सहायक कंपनी पीएफसीसीएल द्वारा स्थापित और रखरखाव किया जाता है। यह योजना इस क्षेत्र में बेहद जरूरी राजकोषीय अनुशासन लेकर आई है, जिससे विद्युत क्षेत्र की मूल्य श्रृंखला में सभी प्लेयर्स को मदद मिल रही है।

विद्युत क्षेत्र इस समय एक सकारात्मक मोड़ पर है, जो पीएफसी के लिए वृद्धि के ढेरों अवसर उत्पन्न करता है।

'नई सोच, नई राहें' – नई दिशाओं की ओर अग्रसर पीएफसी

'नई सोच, नई राहें' के आदर्श वाक्य को अपनाते हुए, पीएफसी साहसपूर्वक नई दिशाओं की ओर बढ़ रहा है, नवीन विचारों और दूरदर्शी दृष्टिकोण के माध्यम से भविष्य को आकार दे रहा है।

- इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग में प्रवेश

25 अगस्त, 2022 को, पीएफसी को इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को ऋण सहायता प्रदान करने के लिए विद्युत मंत्रालय द्वारा अधिदेश दिया गया था। मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में संशोधन के साथ, व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों को शामिल करने के लिए पीएफसी की ऋण क्षमताओं का विस्तार किया गया है। यह उन माइलस्टोन निर्णयों में से एक है, जो पीएफसी के दीर्घकालिक व्यवसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके पीछे विचार यह है कि समय के साथ इसे धीरे-धीरे विकसित किया जाए और विद्युत क्षेत्र के परिपक्व होने पर एक पूरक व्यवसायिक लाइन तैयार की जाए।

नए अधिदेश के तहत, हमने स्वास्थ्य सेवा, समुद्री जल अलवणीकरण, पेट्रोकेमिकल, ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क, सड़क, बंदरगाह और मेट्रो रेल प्रणाली के क्षेत्र में परियोजनाओं को वित्तीय सहायता दी है। पिछले वित्तीय वर्ष में, हमने गैर-विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के लिए ₹16,700 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को संस्वीकृत किया है।

- पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) स्तंभों को एकीकृत करके एक हरित भविष्य का निर्माण

आज विश्व में, जलवायु परिवर्तन हमारे सामने सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। इसके मद्देनजर, ऊर्जा क्षेत्र महत्वपूर्ण बनकर उभरा है, जिसका परिवर्तन समाज पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। इसे स्वीकार करते हुए, भारत सरकार ने 'पंचामृत' एजेंडा का अनावरण किया है, जिसका लक्ष्य 2030 तक 500 गीगावाट की गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता, एक अरब टन कार्बन कटौती, 2030 तक 45% उत्सर्जन तीव्रता में कमी और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन है।

पीएफसी हरित भारत के सरकार के दृष्टिकोण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज पीएफसी भारत का सबसे बड़ा नवीकरणीय वित्तपोषक है, जो भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लगभग पांचवें हिस्से को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

भारत के नेट-जीरो उद्देश्य को पूरा करने की कड़ी में, वित्तीय वर्ष 2023 में, पीएफसी ने स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण माइलस्टोन प्राप्त किए हैं। विशेष रूप से, पीएफसी ने 5000 यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीद के लिए ब्लू स्मार्ट को ₹633 करोड़ का ऋण संस्वीकृत किया है। इस कदम से 100,000 टन से अधिक CO2 समकक्ष उत्सर्जन बचत होने की आशा है। इस परिप्रेक्ष्य में उदाहरण के लिए, यह एक वर्ष में 5 मिलियन से अधिक पूर्ण विकसित पेड़ों की CO2 अवशोषण क्षमता के बराबर है। यह लेनदेन भारत में सबसे बड़ी ई-वाहन परिसंपत्ति वित्तपोषण पहल का भी प्रतीक है, जो स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों को बड़े स्तर पर अपनाने के लिए तैयार है। इसके अलावा, जेएसडब्ल्यू एनर्जी ग्रुप की 1,227 मेगावाट की सौर और पवन परियोजनाओं को पुनर्वित्तपोषित करने के लिए पीएफसी द्वारा ₹6,112 करोड़ का निधियन संधारणीय ऊर्जा के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। शहरी भारत को 'कचरा मुक्त' बनाने की सरकारी पहल के अनुरूप, पीएफसी ने 192 मेगावाट की संयुक्त क्षमता के साथ ₹1,600 करोड़ की अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजनाओं को संचयी रूप से संस्वीकृत किया है।

श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), भारत सरकार से 'सशक्त व्यवसाय पुरस्कार 2023' प्राप्त करते हुए श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक। सशक्त भारत अभियान के तहत अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए पीएफसी को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

एक संधारणीय भविष्य के निर्माण हेतु हम सुदृढ़ रूप से प्रतिबद्ध हैं और हम आगे की ओर बड़े कदम उठा रहे हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024 में, पीएफसी हमारी ईएसजी कार्य-प्रणालियों के लिए एक सुसंरचित दृष्टिकोण स्थापित करने हेतु लगातार कार्य कर रहा है, जो हमारे परिचालनों में पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन सिद्धांत को सहजता से एकीकृत करता है। इस दिशा में, पीएफसी ईएसजी को हमारे व्यवसाय में एकीकृत करने के लिए पहले ही मूर्त कार्रवाईयां कर चुका है। ईएसजी के प्रति एक केंद्रित दृष्टिकोण रखने के लिए, हाल ही में, एक समर्पित पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) यूनिट की स्थापना की गई है। यह केंद्रीकृत ईएसजी यूनिट पीएफसी के लिए ईएसजी कार्य-विधि तैयार करने हेतु विभिन्न स्टेकधारकों के साथ मिलकर काम करेगी।

ये प्रयास ईएसजी एकीकरण की दिशा में हमारे द्वारा उठाए गए कुछ तात्कालिक कदम हैं। हम जवाबदेह और संधारणीय रूप से ऋण देना जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन हम सिर्फ अपने लिए बदलाव नहीं कर रहे हैं – हम संपूर्ण ऊर्जा क्षेत्र के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

नई दिल्ली में श्री आर.के. सिंह, माननीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री से राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए 'राजभाषा सम्मान 2022-23' प्राप्त करते हुए श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक।

है। हमारा लक्ष्य हरित एवं बेहतर कल सुजित करना है, और हम उस भविष्य को साकार करने के लिए अवधारित पथ पर अग्रसर हैं।

पीएफसी के भावी अभियान के महत्वपूर्ण क्षेत्र

हम उत्पादन और टी एंड डी क्षेत्र के अपने पारंपरिक व्यावसायिक क्षेत्रों में अपना वित्तपोषण करना जारी रखेंगे। इसे इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। इन क्षेत्रों के अलावा, हमारे वित्तपोषण प्रयास में विद्युत क्षेत्र के लिए सरकार के लक्ष्यों और दृष्टिकोण, विशेष रूप से स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र और आरडीएसएस, के साथ भी निकटता से जुड़े रहना होगा।

- स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में नवीकरणीय एवं उभरती प्रौद्योगिकियां

भारत के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी, जो वर्तमान में लगभग 27% है, को 2030 तक 50% तक पहुंचाना होगा। इसके लिए वर्तमान सौर और पवन उत्पादन क्षमता को चार गुना करने की आवश्यकता है। हमें ऊर्जा संतुलन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लगभग 10 गीगावाट पम्प स्टोरेज क्षमता और 100 गीगावाट से अधिक बैटरी स्टोरेज को भी शामिल करना होगा। अनुरूपी उपकरण निर्माण क्षमता और ग्रीनेक्युइशन इंफ्रास्ट्रक्चर की भी आवश्यकता है।

हमारी अर्थव्यवस्था के डीकार्बोनाइजेशन के लिए आवश्यक भारी निवेश को देखते हुए, निकट भविष्य में ऊर्जा परिवर्तन संबंधी परियोजनाओं का वित्तपोषण हरित भविष्य के लिए पीएफसी का मुख्य आधार होगा। पीएफसी ऊर्जा परिवर्तन की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के वित्तपोषण पर केंद्रित है। पारंपरिक सौर/पवन परियोजनाओं के अलावा, हम नवीकरणीय उपकरण विनिर्माण, ऊर्जा भंडारण, ग्रीन ग्रीनेक्युइशन कॉरीडोर एवं इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, हरित हाइड्रोजन एवं अमोनिया उत्पादन और इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण के क्षेत्र में विश्वसनीय परियोजनाओं की भी खोज कर रहे हैं।

- संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस)

आपकी कंपनी को भारत सरकार द्वारा संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

आरडीएसएस में स्मार्ट मीटरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी कार्यों के निमित्त ₹97,631 करोड़ के अनुमानित सरकारी अनुदान के साथ ₹3,03,758 करोड़ का परिव्यय शामिल है। योजना का उद्देश्य 2024-25 तक एटी एंड सी हानि को अखिल भारतीय स्तर पर 12-15% तक कम करना और 2024-25 तक एसीएस-एआरआर अंतर को शून्य तक कम करना है।

योजना के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों के लिए वित्तपोषण सरकारी अनुदान से किया जाएगा, और शेष पीएफसी या हमारी सहायक कंपनी आरईसी या राज्य की अपनी इक्विटी से काउंटरपार्ट फंडिंग से किया जाएगा।

निगमित अभिशासन एवं सामाजिक दायित्व

पीएफसी में, हम पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रकटीकरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी के रूप में, हम कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी की सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं विनियमों, डीपीई दिशानिर्देशों आदि जैसे निगमित अभिशासन फ्रेमवर्क और नीतियों के एक व्यापक फ्रेमवर्क का अनुपालन करते हैं। हमारे पास बोर्ड स्तर और वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर विभिन्न जोखिम प्रबंधन समितियां भी हैं, जो हमारी कंपनी के प्रमुख कार्यों का पर्यवेक्षण करते हैं और प्रत्येक क्षेत्र में कार्यनीतिक दिशा-निर्देश प्रदान करते हैं।

यह सुनिश्चित करता है कि हमारी कार्य-प्रणालियों का प्रत्येक पहलू उन सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है जो अखंडता, निष्पक्षता और जवाबदेह आचरण को बढ़ावा देते हैं।

आभार

शब्दों को विराम देने से पूर्व, मैं अपने उन शेयरधारकों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करती हूं, जिन्होंने हम पर विश्वास किया है। मैं माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, माननीय विद्युत राज्य मंत्री तथा विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों के समर्थन और मार्गदर्शन के लिए उनकी आभारी हूं। मैं निदेशक मंडल, हमारे ग्राहक यूटिलिटियों, कार्मिकों, विभिन्न मंत्रालयों, निवेशकों, लेखापरीक्षकों, विनियामकों और पीएफसी के अन्य स्टेकधारकों को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देती हूं।

धन्यवाद, आइए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन की आगामी राह को हम और भी विलक्षित बनाएं।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12.09.2023

(परमिंदर चोपड़ा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

(यह 12 सितंबर, 2023 को आयोजित वार्षिक आम बैठक की कार्यवाही का रिकॉर्ड नहीं है। पूर्ण सामग्री के लिए, कृपया देखें www.pfcindia.com)

पी एफ सी PFC
(एक महारत्न कंपनी)

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालयः ऊर्जानिधि, 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110 001, फोनः 011-23556000, फैक्सः 011-23512545
वेबसाइटः www.pfcindia.com, सीआईएनः L65910DL1986GOI024862
हमारे साथ यहां जुड़ें @pfclindia

गार्ड की गुहार...स्किन का डॉक्टर 4 दिन की छुट्टी पर है, लाइन में ना लगें

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

नागरिक अस्पताल में स्किन के मरीजों का अब चार दिन नहीं होगा उपचार

इसे मरीजों के लिए सहूलियत कहें या फिर परेशानी। नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में मंगलवार की सुबह एक गार्ड ऊंची आवाज में गुहार कर रहा था कि स्किन का डॉक्टर 4 दिन की छुट्टी पर है। कोई स्किन का मरीज कार्ड बनवाने की लाइन में लगकर भीड़ ना करे। अगर कोई पहले से लाइन में लगा है तो वह वहां से हट जाए। गार्ड की गुहार से लाइन में लगे लोग परेशान हो गए।

अस्पताल में सुबह करीब 8 बजे कार्ड बनवाने वाले काउंडर पर कई लाइनों में खचाखच भीड़ थी। अलग-अलग बीमारियों के लिए कार्ड बनवाने को लोग, मरीज लाइनों में लगे थे। हर किसी को कार्ड बनने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद अपनी जल्द बारी आने का इंतजार था। इसी बीच दो नंबर गेट के गार्ड ने दूर से ही गुहार करते हुए कहा कि स्किन का डॉक्टर 4 दिन की छुट्टी पर है। अगर कोई स्किन का चेकअप कराना आया है तो लाइन से हट जाएं। इस गुहार के साथ ही लाइन में सुबह से लगे कई लोगों के चेहरे मुरझा गए और वे काफी दुखी हुए। क्योंकि जल्दी सुबह उठकर वे यहां पहुंचे थे। यहां घंटे भर से अधिक समय से लाइन में खड़े होने के बाद उन्हें कह दिया गया कि आज स्किन का डॉक्टर नहीं है। कायदे से इस बात की जानकारी बड़े अक्षरों में नोटिस आदि चस्पा करके देनी चाहिए कि आज कौन डॉक्टर है और कौन नहीं है, ताकि मरीज सुबह यहां आए तो पता चल जाए।

गुरुग्राम का सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल।

> "अस्पताल में स्किन के केवल एक ही स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं। अगर मरीज चाहें तो जनरल ओपीडी में भी जांच करा सकते हैं।
> -डा. नीरज यादव, उप-चिकित्सा अधीक्षक

इलाज से पहले कार्ड बनवाना होता है चुनौती : नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में इलाज कराने से पहले कार्ड बनवाना भी कड़ी मशक्कत का काम है। ओपीडी के अलावा यहां टेस्ट कराने में मरीजों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। ओपीडी कार्ड बनवाने को अलसुबह से ही लोग यहां कार्ड बनवाने की लाइन में आकर लग जाते हैं। जब तक कार्ड विंडो खुलती है, तब तक लंबी लाइनें लगी होती हैं। हर किसी को जल्दी होती है कि उसका कार्ड बने तो वह डॉक्टर से चेकअप कराकर जल्दी फ्री हो जाए। अगर कोई बीच में आकर कार्ड बनवाने की कोशिश करता है तो झगड़े की भी नौबत आ जाती है। लोग यहां इलाज से पहले कार्ड प्रक्रिया में ही बहुत परेशान हो जाते हैं। कार्ड बनने के बाद फिर वही लाइन ओपीडी के बाहर लगानी पड़ती है। ओपीडी कक्ष के बाहर गार्ड की डांट भी मरीजों को लगती है।

म्यूजिक कंपनी से करार तोड़ने के लिए गायक ने कंपनी निर्देशक को दी जान से मारने की धमकी

: गुरुग्राम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए म्यूजिक कंपनी निर्देशक को धमकी देने के आरोपी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पुलिस ने आरोपी गायक व उसके साथी को किया है गिरफ्तार

वारदात में प्रयोग किए गए 2 मोबाइल व 2 सिम कार्ड किए बरामद

म्यूजिक कम्पनी से बॉन्ड/करार तोड़ने के लिए अपने साथी के साथ मिलकर म्यूजिक कम्पनी के निर्देशक को जान से मारने की धमकी दी गई। धमकी देने वाला सिंगर व उसका साथी गिरफ्तार कर लिया गया है। एसीपी क्राइम-1 वरुण दहिया ने मंगलवार को बताया कि वारदात में प्रयोग 2 मोबाईल फोन व 2 सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार 29 सितम्बर 2023 को जेम ट्यून्स म्यूजिक कंपनी के निर्देशक ने थाना सेक्टर-37 में शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया कि 17 सितम्बर को अपने आप को गैंगस्टर काला जठेड़ी का भतीजा बताने वाले दीपक नामक व्यक्ति ने उसको फोन पर हरियाणवी सिंगर गुरु हरियाणवी के साथ आर्टिस्ट बॉन्ड ना तोड़ने पर जान से मारने की धमकी दी। इस शिकायत पर थाना सेक्टर-37 में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की। अपराध शाखा मानेसर प्रभारी उप-निरीक्षक ललित कुमार के नेतृत्व में टीम ने कार्यवाही शुरू की। पुलिस ने दो आरोपियों को सेक्टर-37 इंडियन गैस गोदाम के पास से आरोपी को काबू किया। आरोपियों की पहचान दीपक उर्फ कच्चा व मनोज उर्फ गुरु के रूप में हुई है। दीपक उर्फ काच्चा निवासी गांव जठेड़ी जिला सोनीपत का रहने वाला है। वह 12वीं तक पढ़ा है। मनोज उर्फ गुरु निवासी शिवनगर हिसार है। वह 8वीं कक्षा तक पढ़ा है।

आरोपियों से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि मनोज उर्फ गुरु एक हरियाणवी सिंगर है जिसका जेम म्यूजिक कंपनी के साथ 5 साल का बॉन्ड/करार था। कंपनी की तरफ से कहा गया था कि कंपनी साल में इसके 10-12 गाने निकालेगी तथा इसके स्टेज/लाईव प्रोग्राम भी करवाएगी।

म्यूजिक कंपनी ने ऐसा नहीं किया। जिस कारण मनोज उर्फ गुरु ने अपने साथी आरोपी दीपक उर्फ काच्चा के साथ मिलकर म्यूजिक कंपनी के निर्देशक को करार तोड़ने के लिए कहा। करार नहीं तोड़ने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी मनोज उर्फ गुरू प्रोग्राम के लिए काला जठेड़ी के भाई के जन्मदिन पर गया था। जहां पर इसकी दोस्ती दीपक उर्फ काच्चा से हुई थी।

गुरुग्राम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया पैरोल पर आया कैदी।

हत्या केस में उम्र कैदी पैरोल पर आकर हुआ था फरार, घर से गिरफ्तार

गुरुग्राम। हत्या के केस में उम्र कैद काट रहा कैदी पैरोल पर तो आया, लेकिन वह पैरोल पूरी होने के बाद वापस जेल जाने की बजाय फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। अब जाकर वह हत्थे चढ़ा है। एसीपी क्राइम-1 वरुण दहिया ने मंगलवार को गिरफ्तारी की पुष्टि की। जानकारी के अनुसार 23 जून 2023 को थाना खेड़कीदौला गुरुग्राम में डाक द्वारा फरीदाबाद जिला जेल के पुलिस उपाधीक्षक ने शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया कि कृष्ण नामक एक बंदी उम्र कैद की सजा काट रहा था। उसे 3 अप्रैल से 13 जून 2023 तक 10 सप्ताह की अदालत से पैरोल मिली। उसे 13 जून 2023 को जिला कारागार फरीदाबाद में आत्मसमर्पण करना था, लेकिन वह निश्चित तारीख तक नहीं पहुंचा। वह पैरोल से फरार हो गया। इस संबंध में खेड़कीदौला पुलिस थाना में केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा प्रभारी मानेसर उपनिरीक्षक ललित कुमार की टीम ने आरोपी कृष्ण को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मंगलवार को उसे जिला के गांव शिकोहपुर से गिरफ्तार किया गया। वह इसी गांव का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में अपराधी कृष्ण से पता चला कि उस पर हत्या व लूट के दो केस गुरुग्राम व चोरी का एक केस झज्जर में दर्ज है। गुरुग्राम में दर्ज केस में से वर्ष 2011 में थाना मानेसर एरिया से लूट के एक केस में आरोपी कृष्ण को 10 साल की सजा हुई थी, जिसमें 1 अक्टूबर 2020 को उसकी सजा पूरी हो चुकी है। वर्ष 2011 में थाना बादशाहपुर क्षेत्र में हत्या के आरोप में उसे उम्र कैद की सजा हुई थी। यह सजा वह फरीदाबाद जेल में काट रहा था।

पुरानी रंजिश में युवक पर सरिया, रॉड, लाठी, डंडा सी पीट-पीट कर दी हत्या

सोहना। खंड के गांव खेड़ला में पुरानी रंजिश को लेकर हुआ झगडा में लाठी, डंडा, सरिया, लोहे की रॉढ़ से एक ही परिवार के 8 से 10 सदस्यों द्वारा युवक पर किए गए जान लेवा हमलों से मौत हो गई। सदर थाना पुलिस सोहना ने मृतक युवक के भाई की शिकायत पर 7 नामजद आरोपियों के खिलाफ झगड़ा और हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

सोमवार की शाम समय करीब साढ़े बजे गांव खेड़ला में यहा के निवासी मोनू उर्फ मुनेश और भारत उर्फ भानुप्रताप व भोला उर्फ भागेश्वर का पुरानी रंजिश के चलते झगड़ा हो गया। झगड़ा गाली-ग्लोच और हाथापाई तक ही हुआ था। जिसका मौके पर मौजूद जयप्रकाश, मनोज और जतन ने तीनों को बीच बचाव करा दिया और अपने-अपने घरों को चले गए। लेकिन कुछ देर के बाद भारत व मुनेश का फिर से झगड़ा हो गया। मुनेश बड़े भाई रमेश ने पुलिस को बताया कि भारत ने फोन करके अपने परिजनों को फिर से बुला लिया। मुनेश पर लोहे की रॉढ़, सरिया, लाठी, डंडा और कुल्हाड़ी से जान लेवा हमला शुरु कर दिया। उसका भाई मुनेश भोला द्वारा लोहे की सरिया से आंख के ऊपर हमला करने से जमीन पर गिर गया। उसके बाद तो सभी हमलावरों ने मुनेश की चिख चिलाहट को अनुसुना करते हुए तावड़-तोड़ हमले तब तक करते रहे। जब तक मुनेश बेहोश न हो गया। चोटों से घायल मुनेश खून से लथपथ देख आरोपी उसे मरा समझा।

संक्षिप्त समाचार

महाराजा शूरसैनी जयंती कार्यक्रम को लेकर नुक्कड़ सभा

महाराजा शूरसैनी जयंती को लेकर कार्यक्रम की तैयारियों के लिए बैठक करते गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच के पदाधिकारी।

गुरुग्राम। गुरुग्राम सैनी युवा जगृति मंच द्वारा गांव मौजाबाद में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के बंधुओं को मंच द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही इस वर्ष होने वाली महाराजा शूरसैनी जयंती के कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया। मंच के प्रधान शेर सिंह सैनी ने कहा कि अपने महापुरुषों के जीवन से अपनी अगली पीढ़ियों को महापुरुषों के जीवन से अवगत कराने के लिए इस तरह के आयोजन जरूरी हैं। हमें इस तरह के प्रयास करने चाहिए कि हमारे बच्चे, युवा महापुरुषों के जीवन से जुड़ी बातों को याद रख सकें। उनकी जयंती, पुण्यतिथि मनाने के लिए भी हमें बच्चों को प्रेरित करना चाहिए। सभी आयोजनों में बच्चों को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महापुरुषों ने हमारे जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाया था। उनके पदचिन्हों पर चलते हुए हमें भी काम करना चाहिए। आज समय बदला है। सुविधाएं बहुत हैं। साधन बहुत हैं। इसलिए हमें महापुरुषों की जीवनी का प्रचार-प्रसार भी बेहतरी से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे सैनी समाज ने शिक्षित होकर बहुत तरक्की की है। समाज के हर व्यक्ति, हर परिवार की तरक्की हो, इसके लिए हम सभी को सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधान रामकिशन, पूर्व सरपंच बलवंत सैनी, पूर्व सरपंच कबुलचंद, सुभाष, रघुवीर, रामलाल, चंदरभान, वेदप्रकाश, राजेश, सुगन चंद, खुशी राम, कृष्ण सैनी, हरेंद्र जैतपुर और गुरुग्राम सैनी युवा जगृति मंच से सूबे सिंह, बुधराम सैनी, नरेश सैनी, हितेश सैनी, भाई गौतम, कुलवंत, महेंद्र सिंह, गगनदीप समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

विधायक ने किया वोटर व फैमिली आईडी कैंप का शुभारंभ

सेक्टर-31 में शिविर के दौरान मौजूद विधायक सुधीर सिंगला।

गुरुग्राम। सेक्टर-31 हाउसिंग बोर्ड में विधायक सुधीर सिंगला ने नारायण इवेंट्स व आरडब्ल्यूए हाउसिंग बोर्ड द्वारा लगाए गए वोटर आईडी, फैमिली आईडी, आधार कार्ड कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में क्षेत्र के अनेक लोग अपनी आईडी अपडेट करवाने पहुंचे। इस दौरान विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने के लिए यह जरूरी है कि हमारे सभी कागजात पूरे व सही हों। भविष्य में किसी तरह की दिक्कत ना रहे, इसके लिए अपने डॉक्यूमेंट्स को दुरुस्त कराएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से हर वर्ग को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति योजनाओं का लाभ लेने के साथ उन योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी स्वयं करे तो योजनाओं का हर पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि यह हम सबका दायित्व है कि सरकार के साथ मिलकर काम करें और आम आदमी के उत्थान के लिए काम करें। कार्यक्रम में विधायक सुधीर सिंगला के साथ अमित गोयल, प्रधान नवीन मुद्गिल, उपप्रधान संगीता चौहान, जितेंद्र महासचिव, संदीप ढांडा कोर्डिनेटर, संजय जोशी, पवन यादव, एसके गुप्ता, संदीप ढांडा, सुशील जोशी, योगेश भारद्वाज, सुशील कुमार, रजनी गोयल, ओपी शर्मा, कमल दुगगल, कमल, एसके गुप्ता, अंशु जगगी, अनिल गुप्ता, ओपी शर्मा, समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

दशलक्षण महापर्व के समापन पर निकाली गई भव्य रथ यात्रा

जैकबपुरा मंदिर जी से चलकर बसई रोड नंशिया जी तक जाकर लौटी यात्रा

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

दशलक्षण महापर्व के समापन अवसर पर भव्य रथ यात्रा का आयोजन श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जैकबपुरा द्वारा मंदिरजी से प्रारम्भ किया गया। यात्रा सदर बाजार होते हुए भूतेश्वर मंदिर के आगे से बसई रोड स्थित नंशिया जी पहुंचे।

रथ पर जैन समाज के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ जी की मूर्ति को विराजमान किया गया। लगभग 3 किलोमीटर यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज के गणमान्य व्यक्तियों के साथ महिलाएं, बच्चे रथ के आगे नृत्य, झूमते-गाते हुए चल रहे थे। मंदिर जी में चातुर्मास कर रहे पाठशाला प्रणेता मुनिश्री 108 अनुमान सागर जी महाराज यात्रा के साथ चले।

महाराज श्री की प्रेरणा से लगभग सभी जैन अनुयायी नंगे पैर यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर बैंड-बाजे, नपिरी ताशे आदि के अलावा भव्य झांकियों का आयोजन किया गया। भगवान नेमीनाथ की बारात को दर्शाया गया, जिसमें 15 राजा अलग-अलग घोड़ों पर बाराती बनकर चल रहे थे। अन्य झांकी में रानी लक्ष्मीबाई को अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध को दर्शाया गया। जिसमें अमरचंद बांठीया जैन जो गवालियर के दीवान थे, उनके बलिदान को युद्ध में दिखाया गया। भगवान महावीर जन्मोत्सव कमठ का उपर्सग, बाहुबली भगवान चांदनपुर के महावीर आदि झांकियों ने सदर बाजार के व्यापारियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर जैन समाज के व्यापारियों ने रथ में विराजमान भगवान पार्श्वनाथ भगवान की आरती बड़ी संख्या में की। सदर बाजार में अन्य समुदाय ने जैन भक्तों का स्वागत किया।

गुरुग्राम में दशलक्षण महापर्व पर निकाली गई शोभा यात्रा में शामिल रथ।

दिगम्बर जैन समाज के प्रधान संदीप जैन को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। भगवान जी को लेकर रथ में बैठने का सौभागय अभय जैन एडवोकेट, ऋषभ जैन एडवोकेट, सारथी विनय जैन सीए, धनकुबेर अमित जैन, इंद्र, मोहित जैन, पारस जैन को मंदिर जी से नशिया जी तक गये। वापसी नंशिया जी से भगवान जी को लेकर रथ में बैठने का सौभागय तुषार जैन, सारथी राहुल जैन सीए, धनकुबेर रमेश चंद जैन, प्रधान इंद्र, अनिल जैन, मोहित जैन, अजय जैन सेक्टर-4 को प्राप्त हुआ। रथ यात्रा में प्रधान संदीप जैन, उपप्रधान विनय जैन सीए, महामंत्री श्रेयांश जैन, सह मंत्री पारस जैन, कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन आदि गणमान्य व्यक्तियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन में जिला प्रशासन और मुख्य रूप से पुलिस, यातायात पुलिस का पूर्ण सहयोग रहा।

सार्वजनिक शौचालयों की बदहाली पर नगर निगम का नहीं ध्यान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सफाई के नाम पर हो रही है खानापूर्ति

स्वच्छता का पैगाम देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर भले ही गुरुग्राम समेत पूरे देश में सफाई अभियान चलाया गया हो। नगर निगम ने भी शहर में 200 स्थानों पर सफाई करने का दावा किया, लेकिन नगर निगम के अपने शौचालयों की बदहाली में सुधार नहीं हो पा रहा।

लोगों की सहूलियत के लिए सार्वजनिक शौचालयों में शिकायतें, सुझाव देने के लिए मशीनें तक लगवाई गई, लेकिन सब कबाड़ा हो गई हैं। सफाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। शौचालयों पर तैनात स्टाफ पर भी कुछ कहने का असर नहीं पड़ता। गुरुग्राम नगर निगम द्वारा शहर में जगह-जगह पर सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण करवाया गया है। लोग इन शौचालयों का प्रयोग जरूर करते हैं, लेकिन मन मारकर। क्योंकि वहां पर सफाई व्यवस्था की स्थिति बहुत ही खराब होती है। उदाहरण के तौर पर हम शहर के बीचों-बीच कमला नेहरू पार्क के बाहर ट्रंक मार्केट के कोने पर बने सार्वजनिक शौचालय को ही ले लें। यहां पर बाहर तक बदबू आती है। यहां यूरिनल की शीट की सफाई नहीं होती। टॉयलेट्स के भीतर बुरा हाल रहता है। फर्श टूटे पड़े हैं। सफेद रंग की लगाई गई टाइलें काली पड़ चुकी हैं। वॉश बेसिन के तो बुरे हाल हैं। वहां पानी बिखरा ही रहता है। ना साबुन मिलता है। वॉश बेसिन के ऊपर लगाया गया शीशा जर्जर हो चुका है। इसका बड़ा कारण यही है कि इन सब चीजों की कभी संभाल नहीं की गई। इन्हें सही रखने का काम नहीं किया गया। यहां पर ड्यूटी देने वाला कर्मचारी बाहर कुर्सी पर बैठकर सिर्फ लोगों से पैसे लेता है। अंदर सफाई को लेकर उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। टॉयलेट्स में पान, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट पड़े रहते हैं। पान-गुटखा से दीवारें लाल हुई पड़ी हैं। बीड़ी, सिगरेट के टुकड़े पानी के साथ टॉयलेट शीट में डाल दिए जाते हैं। इस तरह की लापरवाही यहां बरती जा रही है। हालांकि कुछ सार्वजनिक शौचालय ऐसे भी हैं, जहां कर्मचारी सफाई का पूरा ख्याल रखते हैं। सदर बाजार क्षेत्र में बने शौचालय की स्थिति बाकी कई शौचालयों से काफी बेहतर है।

कमला नेहरू पार्क के बाहर सार्वजनिक शौचालय की बदहाली बयां करती तस्वीरें, तस्वीर-1 में पुरुष शौचालय में स्नानघर के हालत, तस्वीर-2 में यूरिनल से टूटी पड़ी पानी की पाइन, तस्वीर 3 में महिला शौचालय में फैली गंदगी व टूटा बड़ा शीशा।

पैसे के लालच में महिला शौचालय में पुरुषों का प्रवेश : कमला नेहरू पार्क के बाहर यहीं स्थिति है।

मोदी का राष्ट्र के प्रति समर्पण है युवा पीढ़ी को प्रेरणा: बोधराज सीकरी

पीएम मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा कार्य करने वाली टीम।

पीएम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बोधराज सीकरी ने किए सामाजिक सेवा कार्य

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भाजपा नेताओं और हर समाजसेवी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में बोधराज सीकरी ने कोशिश की कि अपने इस सेवा संकल्प के तहत जितने अधिक से अधिक सामाजिक कार्य हो सकें, उन्हें किया जाए। सेवा पखवाड़ा के तहत यह सेवा प्रकल्प 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किये गए।

हरियाणा भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बोधराज सीकरी के आह्वान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन पर 73 स्थानों पर यज्ञ/हवन का आयोजन उनकी टीम द्वारा किया गया। बोधराज सीकरी और उनके साथी धर्मेंद्र बजाज ने विलक्षण तरीके से मनाया। प्रधानमंत्री के चिरंजीवी होने के लिए बोधराज सीकरी ने 73 अलग-अलग स्थानों पर यज्ञ/हवन कराए। इन 73 स्थानों पर न केवल हवनकुंड, सामग्री और समिधा पहुंचाई , ल्कि सभी के साथ समन्वय स्थापित किया। ऐसा इसलिए ताकि युवाओं के अंदर यज्ञ के प्रति और हवन के प्रति जाग्रति हो और वो संस्कारवान बने। बोधराज सीकरी ने स्वयं आर्य समाज मंदिर, भीम नगर में हवन यज्ञ कर विभिन्न मन्दिरों में, आर्य समाजों और विभिन्न स्थानों पर चल रहे यज्ञ अनुष्ठानों का अवलोकन भी किया। इसके साथ-साथ आयुष्मान लाभार्थी कार्ड वितरण का काम भी किया। इसमें सीएमओ कार्यालय का सहयोग रहा। अंगदान श्रेणी में निजी तौर पर लोगों को संपर्क नेत्रदान अभियान का भी आयोजन करवाया। लगभग 225 लोगों से नेत्र दान के लिए फार्म भरवाए। बोधराज सीकरी की अगुवाई में पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने 23 सितम्बर को आयुष्मान दिवस मनाया। आयुष्मान दिवस के उपलक्ष्य में ड्राइंग और पेंटिंग एक्टिविटी का आयोजन कई और स्थानों पर भी किया गया।

पंजाब और सिंध बैंक क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम ने स्वच्छता ही सेवा महोत्सव का आयोजन किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पंजाब और सिंध बैंक क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम में 1 अक्टूबर 2023 को सुबह 10 बजे "स्वच्छता ही सेवा" इवेंट का आयोजन किया गया। यह एक महत्वपूर्ण दिन था जिसे सफाई और समुदाय सेवा के नोबल कार्य के लिए समर्पित किया गया।

इस दिन के मुख्य बिंदु में हमारे विशेष मुख्य अतिथि श्रीमती रस्मि खेतरपाल, निदेशक, पंजाब और सिंध बैंक श्री संजीव लाल श्रीवास्तव, आंचलिक प्रबन्धक, अंचल गुरुग्राम, श्री ऋषि राज सिंह, मुख्य प्रबन्धक तथा कार्यालय के समस्त अधिकारीगण की उपस्थिति बी। उनके प्रेरणास्पद नेतृत्व और स्वच्छता के प्रति उनका समर्पण ने हम सभी के लिए एक प्रेरणास्पद उदाहरण प्रस्तुत किया। हमने हमारे साथ जुड़ने के लिए और हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए एक श्रृंगारिक कार्यक्रम के तहत गतिविधियों का आयोजन किया।

इंडेल मनी को विदेशी मुद्रा कारोबार शुरू करने के लिए आरबीआई लाइसेंस प्राप्त हुआ

श्रेणी-।। लाइसेंस प्राप्त करने वाली कंपनी देश में दूसरी कंपनी है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

इंडेल कॉरपोरेशन की प्रमुख कंपनी और नॉन-बैंकिंग वित्त कंपनी (एनबीएफसी) इंडेल मनी ने आज कहा कि उसे विदेशी मुद्रा कारोबार, जिसमें विदेशी मुद्रा बैंक नोटों का रूपांतरण, यात्रा मनी कार्ड और बाहरी प्रेषण जो लाइसेंस के दायरे में आते हैं, शुरू करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अधिकृत डीलर (एडी) श्रेणी-।। लाइसेंस प्राप्त हुआ है।

ऐसे लाइसेंस जारी करने का उद्देश्य देश में मुद्रा परिवर्तन सुविधाओं के नेटवर्क का विस्तार करके अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) सहित यात्रियों और पर्यटकों के लिए आसान विदेशी मुद्रा रूपांतरण सुविधाएं प्रदान करना है।

पूर्ण रूप से मुद्रा परिवर्तकों को अनुमति दी गई सभी गतिविधियां (एफएफएमसी) और केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई कोई अन्य गतिविधि के लिए, आरबीआई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) की धारा 10 (1) के तहत निर्दिष्ट गैर-व्यापार संबंधी चालू खाता लेनदेन करने के लिए एडी श्रेणी-।। के रूप में संस्थाओं का चयन करने के लिए प्राधिकरण जारी करता है।

इस अवसर पर, इंडेल मनी के ईडी और सीईओ उमेश मोहनन ने कहा : "मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि इंडेल मनी को विदेशी मुद्रा कारोबार के संचालन के लिए आरबीआई से प्रतिष्ठित अधिकृत डीलर श्रेणी-।। लाइसेंस प्राप्त हुआ है। यह कंपनी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि हम इस तरह का लाइसेंस प्राप्त करने वाले देश में दूसरे व्यवस्थित रूप से महत्वपूर्ण गैर-जमा स्वीकार करने वाले एनबीएफसी हैं। यह हमें विदेशी मुद्रा सेवा क्षेत्र का पता लगाने का सुनहरा अवसर भी प्रदान करता है, जो विशेष रूप से कोविड के बाद के युग में लगातार उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज कर रहा है।

एडी श्रेणी-।। विदेशी मुद्रा लाइसेंस सामान्य मुद्रा विनिमय लाइसेंस से बेहतर होता है क्योंकि यह बहु-मुद्रा यात्रा मनी कार्ड और विदेशी मुद्रा बैंक नोटों में लेनदेन के अलावा गैर-व्यापार चालू खाता लेनदेन के लिए आउटवर्ड (अंतरराष्ट्रीय) रेमिटेंस की सुविधा जैसी अधिक सुविधाएं प्रदान करता है।

पढ़ाई के साथ युवाओं को खेलों में भी लेना चाहिए हिस्सा : मनधीर मान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद/पलवल

नितिश व जतिन रावत ने राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जीते मेडल

मंगलवार को रोहतक से कुश्ती में मेडल जीतकर लौटे गांव अहरवां के नितिश व जतिन रावत का पलवल पहुंचने पर बस अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी मनधीर मान, विजेता खिलाड़ियों के पिता गजराज रावत, उनकी बुआ, कोच समुंदर अखाड़ा के पहलवान नरदेव ने उन्हें बधाई दी। दोनों खिलाड़ी परिजनों के साथ ढोल नगाड़े व डीजे की धुन पर गांव अहरवां पहुंचे। इस मौके पर मनधीर मान ने कहा कि दोनों बच्चों ने इलाके का मान बढ़ाया है। पढ़ाई के साथ-साथ युवाओं को खेलों में भी हिस्सा लेना चाहिए। क्योंकि आज के इस युग में पढ़ाई से ज्यादा खेलों में युवाओं का भविष्य निखर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में हरियाणा ही एक ऐसा राज्य है, जिसकी कहावत है कि जहां दूध-दही का खाना वह है हरियाणा और दूध-दही खाने से ही पहलवान बनते हैं। इसका उदाहरण भी हमारे सामने है कि जब भी नेशनल हो या इंटरनेशनल, हरियाणा के पहलवानों का जलवा रहता है। कुश्ती और कबड्डी दो ऐसे खेल है, जिनमें सबसे ज्यादा हरियाणा के खिलाड़ियों का बोलबाला है।

56वां पीसीके कप पर वॉयजर का कब्जा : वहीं दूसरी तरफ फरीदाबाद भूपानी स्थित रावल क्रिकेट अकादमी में 56वां पीसीके कप का फाइनल मैच का आयोजन किया गया। इसमें वॉयजर क्रिकेट अकादमी की टीम ने ग्लैक्सी किंग को आठ विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। टीम की ओर से सुमित को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरिज से नवाजा गया। मोहित बेहतरीन बल्लेबाज और करव हंस बेहतरीन गेंदबाज रहे। वॉयजर क्रिकेट अकादमी की टीम टॉस जीतकर ग्लैक्सी किंग को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। पूरी टीम 112 रनों पर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से गौरव ने 30 रन बनाए। वॉयजर क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए रविंद्र और अशोक ने तीन-तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वॉयजर क्रिकेट अकादमी की टीम दो विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाकर मैच को अपने कब्जे में कर लिया। टीम की ओर से सुमित ने नाबाद 63 रन बनाए। ग्लैक्सी किंग की ओर से अजय और मोहित ने एक-एक विकेट चटकाए।

एक माह पहले रिटायर हुए सूबेदार की दुर्घटना में मौत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

नेशनल हाईवे-19 पर औरंगाबाद गांव के पास एक बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें पूर्व सूबेदार की मौत हो गई, जबकि उसके दो अन्य साथी घायल हो गए। इसके बाद घायल को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां से उनको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पूर्व सूबेदार तीन सितंबर को ही सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। मुंडकटी थाना पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत पर अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

सीहा गांव निवासी वेदपाल ने दी शिकायत में बताया कि वह शाम को अपनी बाइक पर था और उसका चाचा महीपाल अपनी बुलेट बाइक पर अपने दो दोस्तों गांव मर्रोली निवासी तेजन और बीरसिंह के साथ आ रहा था। इसी दौरान जब उनकी बाइक नेशनल हाईवे-19 पर औरंगाबाद गांव के पास पहुंची तो यूपी नंबर की बोलेरो गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी।

पीड़ित ने तुरंत मौके पर पहुंचकर तीनों को संभाला और उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल पलवल ले गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। लेकिन उसके चाचा महीपाल की फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि एक घायल इलाज के बाद घर आ गया। दूसरे का इलाज चल रहा है। हादसे के बाद बोलेरो का ड्राइवर अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। जबकि उसने गाड़ी का नंबर नोट कर लिया था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और बोलेरो गाड़ी व उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही बोलेरो गाड़ी को जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मारपीट केस में समझौता न करने पर कुल्हाड़ी से काटे पैर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

मारपीट के केस में राजीनामा न करने पर एक विधवा के बेटे व उसके साथी पर कुल्हाड़ी से हमला किया और जान से मारने की नीयत से गोली भी चलाई गई। कैंप थाना पुलिस ने आठ नामजद सहित 13 के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार न्यू कॉलोनी निवासी विधवा सुंदरा ने दी शिकायत में कहा है कि उसके बेटे के साथ चार साल पहले कैंप-कॉलोनी निवासी ललित, पारस, रोबिन, बंटी, हेमंत, कपिल, कुंदन, विनीत व पांच अन्य ने मारपीट की थी। जिस पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि आरोपियों को पता चल गया और वे उन पर राजीनामा करने का दबाब बनाते रहते हैं। शिकायत में कहा है कि 10 दिन पहले भी उन आरोपियों ने उनके घर में घुसकर गाली-गलौच की। फैसला करने से इनकार करने पर घर में ईंट बरसाने लगे।

आरोपी धमकी देकर गए या तो फैसला कर ले नहीं तो जान से खत्म कर देंगे। उसके बाद आरोपी रात को करीब साढ़े बारह बजे उनके घर के बाहर आए, उन्होंने अपने साथ चन्नो के बेटे अज्जू को पकड़ रखा था। आरोपियों के हाथों में अवैध हथियार, लाठी-डंडे, लोहे की सरिया, कुल्हाड़ी व गंडासी थे। सबने उसके बेटे के साथ पहले मारपीट की और फिर जबरन अपने साथ ले जाने लगे। उसने अपने बेटे को बचाने का प्रयास किया तो उन्होंने उसे धक्के देकर गिरा दिया और दोनों लड़कों को अपने साथ ले गए। वह उनके पीछे दौड़ी तो आरोपियों ने कुछ दूरी पर ले जाकर उनके साथ बुरी तरह से मारपीट की।

महिला का आरोप है कि उसके बेटे को जान से मारने की नीयत से सीधी गोली चला दी, जो उसके सिर के पास से निकल गई और उसकी जान बच गई। उसके बाद दोनों को आरोपियों ने बुरी तरह पीटकर लहूलुहान कर दिया।

अज्जू के पैरों को कुल्हाड़ी से काट दिया। आरोपी धमकी देकर गए है कि अभी तो सिर्फ तुम्हारे पैर काटे हैं, अगर थाने में फिर हमारे खिलाफ शिकायत दी और पहले केस में राजीनामा नहीं किया तो अबकी बार जान से खत्म कर देंगे। दोनों बच्चों को अस्पताल में दाखिल कराया गया। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अग्निवीर सेना योजना में चयनित होने पर किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही अग्निवीर सेना योजना में गांव पन्हैड़ा खुर्द से चार युवा जय कुमार, कृष्ण कुमार, दीपांशु और शेंकी चयनित हुए हैं। जिसको लेकर गांव में बहुत ही खुशी का माहौल है और ग्रामीण युवा विकास समिति पन्हैड़ा खुर्द ने सभी युवाओं को समिति अध्यक्ष रतन सिंह की अध्यक्षता में इस उपलब्धि पर उन्हें एवं उनके अभिभावकों को बेज लगाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

युवाओं से आग्रह किया कि आप आगे भी इसी तरह से बेहतर से बेहतर करते रहें। गोपाल शास्त्री ने कहा कि गांव के अन्य युवाओं को भी इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। वह भी अपने जीवन में परिश्रम कर अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ें। जिससे उनका भविष्य भी उज्जवल हो सके। शास्त्री ने बताया कि समिति युवाओं के उत्साहवर्धन के लिए समय-समय पर इस तरह के कार्य करती रहती है।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों एवं खिलाडियों के प्रोत्साहन के लिए भी बहुत कार्य करती है। इस अवसर पर रघुनाथ शास्त्री, नानक चंद, शीशराम, रतन सिंह, गोपाल शास्त्री, श्यमवीर वत्स, इंद्राज मास्टर, हरीश, मदन मेंबर, सत्य प्रकाश, कौशल, कृष्ण, वीरेंदर, किशोर कुमार, रामी चौधरी उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों को बधाई दी।

पानी माफियाओं के हाथों लुट रही है एनआईटी की जनता : धर्मवीर भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में परिवार जोड़ो अभियान को भारी जन समर्थन मिल रहा है और हर रोज सैकड़ों लोग आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं। यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का, जिन्होंने विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 में परिवार जोड़ो अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र का कोई एक भी ऐसा घर नहीं है, जहां के लोग खरीदकर पानी न पीते हों। उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में पानी माफिया सक्रिय हैं और अधिकतर माफिया सत्ताधारी पार्टी के हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर गरीबों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रख रही है, ताकि सरकार के माफिया जमकर मालामाल हो सके।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में 11 साल से जनता को बिजली पानी फ्री दे रही है। लोगों के बिजली पानी के बिल जीरो आते हैं, जिसे देखकर पंजाब के लोगों ने भी आम आदमी पार्टी का सपोर्ट किया। वहां भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनी और वहां भी बिजली पानी अब फ्री मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बात करें तो बिजली पानी के दाम पहले से ज्यादा हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जो सरकार जनता को मूलभूत सुविधा न दे सके, उस सरकार का सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है।

धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि न्यू टाउन विधानसभा क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियां पैर पसार रही हैं। हर घर में कोई न कोई बीमार हो रहा है, लेकिन फरीदाबाद नगर निगम भी सोया हुआ है। फागिंग अब नहीं शुरू हुई है। सत्ताधारी और अधिकारी चाहते हैं कि जनता ज्यादा से ज्यादा बीमार पड़े, ताकि अस्पताल वाले मोटा माल कमाएं और सत्ताधारियों की जेब भर सके।

उन्होंने कहा कि एनआईटी का विधायक भी सत्ताधारियों के हाथों में खेल रहा है और जनता के हक के लिए कोई आवाज नहीं उठा रहा है। आम आदमी पार्टी गरीबों की पार्टी है और गरीबों का दर्द समझती है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को इस विधानसभा क्षेत्र में जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा ह। लोग केजरीवाल को एक मौका देने के लिए तैयार हैं, बस चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। इस मौके पर मेहरचंद हरसाना, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, लोकसभा उपाधयक्ष भीम यादव, सुभाष बघेल, राजा भैया, सचिन चौधरी आदि मौजूद थे।

सट्टा खिलाने वाले दो आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी जगवीर सिंह की टीम ने सट्टा खिलाने वाला 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम शत्रुधन और परविन्दर है, आरोपी शत्रुघन फरीदाबाद की डबुआ कालोनी का तथा आरोपी परविन्दर एसजीएम नगर का रहने वाला है। आरोपी शत्रुघन को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से डबुआ मंडी से तथा आरोपी परविन्दर को एसजीएम नगर से सट्टा खिलाते हुए काबू किया है। आरोपी शत्रुघन से 4450 रूपए नगद सट्टा पर्ची और पेन व आरोपी परविन्दर से 5050 रूपए नगद सट्टा पर्ची और पेन बरामद किया गया है। आरोपी शत्रुघन के खिलाफ थाना डबुआ में तथा आरोपी परविन्दर के खिलाफ थाना एसजीएम नगर में सट्टा खिलाने की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदि है। नशे की पूर्ति के लिए सट्टा खिलाने का काम करता है। दोनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

बुजुर्ग को हनीट्रैप में फंसाकर महिला ने हड़पी जमीन व कैश

पुलिस ने दामाद की शिकायत पर मामला दर्ज कर महिला को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

बहीन थाना पुलिस ने हनीट्रैप मामले में शामिल एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीएसपी क्राइम पलवल नरेश कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान मामले की जानकारी देते हुए बताया कि जिला मथुरा के लालपुर गांव यूपी निवासी सिकंदर ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी शादी नांगल जाट गांव निवासी बृजलाल की लड़की से हुई है।

उसकी पत्नी ने उसे बताया कि नांगल जाट गांव निवासी जगवती, ऊषा व कुछ गांव और कुछ बाहर के लोगों ने उसके पापा को बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर नौ कनाल 13 मरला जमीन धोखे से अपने नाम कर ली और 22 लाख 50 हजार रुपये भी हड़प लिए हैं। शिकायत में दामाद ने कहा कि ससुर बृजलाल अनपढ़ व मंदबुद्धि किस्म के हैं। नांगल जाट गांव निवासी जगवती व उसकी बेटी उषा ने उसके ससुर को बहला - फसलाकर कर बुलाया और बेड पर गिराकर जगवती के साथ अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद धमकी दी कि या तो 30 लख रुपये दे दे नहीं तो वीडियो को पुलिस को देखकर तुझे जेल भिजवा देंगे। शिकायत में कहा कि 18 मई को जगवती व ऊषा ने संजीत द्वारा उसके ससुर को अपने घर बुलाया।

जहां पहले से ही चंद्रा, महेश, तरुण, चेतराम व योगेश नामक महिला पुरुष मौजूद थे। उन आरोपियों ने उसके ससुर पर झूठे केस में फंसने का दबाव बनाकर पांच बीघा जमीन अपने नाम कर ली। साथ ही 22 लाख 50 हजार उनके खाते से चेक द्वारा नकद निकलवा कर हड़प लिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी।डीएसपी क्राइम ने आगे बताया कि अब इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अंशु सिंगला के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में बहीन थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह की पुलिस टीम ने आरोपी महिला जगवती को गांव सहराला से गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी महिला को अदालत में पेश करके गहन पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड अवधि के दौरान उसके फरार चल रहे अन्य साथियों के बारे में भी पता लगा उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

नौवीं कक्षा की छात्रा से स्कूल जाते समय छेड़छाड

पलवल। नौवीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। स्कूल जाते समय युवकों ने उसके जबरन बाइक पर बैठाने की कोशिश भी की। जब उसने विरोध किया तो उसके कपड़े फाड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी। कैंप थाना पुलिस ने दो के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसकी बेटी नौवीं कक्षा में पढ़ती है। दो-तीन माह पहले वह और उसकी बेटी खाना खाने के बाद घर के समीप रास्ते में घूम रहे थी। उसी दौरान वहां हेमंत नामक युवक आया और उसकी बेटी को जबरन पकड़कर अपने चाचा के घर में ले गया। बाद में उसने अपनी बेटी को उसके चंगुल से छुड़ाया। 28 सितंबर को वह अपनी बेटी को स्कूल लेकर जा रही थी तो रास्ते में हेमंत व उसका साथी निखिल बाइक पर सवार होकर आया और जबरन उसकी बेटी को बाइक पर बैठाने लगा। उसकी बेटी ने विरोध किया तो आरोपियों ने जबरदस्ती करते हुए कपड़े फाड़ दिए। जब उनका विरोध किया तो दोनों युवकों ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की और गाली-गलौच की।

अपराध में फरीदाबाद को क्राइम केपिटल के नाम से जाना जाता : शारदा राठौर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेक्टर-3 में समस्याओं पर चर्चा के लिए एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक शारदा राठौर ने शिरकत की। इस अवसर पर हजारों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने गांधी जी व शास्त्री जी को श्रद्धांजलि दी। यहां कई महिलाओं व पुरुषों सहित स्थानीय निवासियों ने सेक्टर की समस्याओं से पूर्व विधायक को अवगत कराया। लोगों ने बताया कि पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं है। लोगों से पानी के बिल तो पूरे वसूले जाते हैं लेकिन पानी उपलब्ध नहीं कराया जाता।

सेक्टर में सीवर जाम होने की समस्या आम बात है। कुछ लोगों ने गंदगी की समस्या से अवगत कराया तो कुछ ने आवारा पशुओं का मामला उठाया। कुछ लोगों ने सेक्टर में बने बड़े नाले को ढकने की मांग उठाई। अधिकतर लोगों ने पहचान पत्र में त्रुटियां होने की शिकायत की। बीपीएल कार्ड काटने का भी लोगों ने मुद्दा उठाया। कुछ लोगों ने बार-बार बिजली गुल होने का जिक्र किया। कांग्रेस नेता रतनलाल राणा ने सभी समस्याओं को विस्तार से बताया और भविष्य में कांग्रेस सरकार बनने पर उनके समाधान की मांग रखी। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा नेताओं से अब वह कोई अपेक्षा नहीं रखते न ही भाजपा नेता किसी समस्या का समाधान कराने में सक्षम है। अब लोग कांग्रेस पार्टी को सत्ता में लाने के लिए चुनाव का इंतजार कर रहे हैं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शारदा राठौर ने कहा कि कांग्रेस के राज में फरीदाबाद जिले को विकास के पंख लगे हुए थे। लेकिन पिछले 9 सालों में जिले के विकास को विराम लग गया है। शहर को पूरा घर में कूड़ा घर में परिवर्तित कर दिया गया है। अपराध में फरीदाबाद को क्राइम कैपिटल के नाम से जाना जाता है। जनप्रतिनिधि आंखें मूंदे बैठे हैं पीने के पानी की समस्या का कोई हल नहीं निकाला जा रहा। प्रशासन बेलगाम हो चुका है जनता का सरकारी दफ्तर में कोई भी काम बिना पैसे के नहीं होता। बिजली के अघोषित कट लगने से जनता को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 9 सालों में भाजपा ने शहर को 200 करोड रुपए का नगर निगम घोटाला तोहफे के रूप में दिया है। नौकरियों के नाम पर युवाओं को सिर्फ झूठे आश्वासन मिल रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

स्वच्छता ही सेवा पर निकाली जागरूकता रैली

पलवल। मंगलवार को एनएसएस यूनिट तथा इको क्लब की ओर से स्वच्छता ही सेवा पर विशाल रैली निकाली गई। इस रैली में लगभग 100 स्वयसेविकाओं ने भाग लिया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की निदेशिका मनीषा मंगला एडवोकेट तथा प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। मनीषा मंगला एडवोकेट ने बताया कि हमें वातावरण स्वच्छ रखना चाहिए तथा सभी लोगों को जागरूक करना हम सबका कर्तव्य है। प्राचार्या डॉक्टर वंदना त्यागी ने इस जागरूक रैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की रैलियों से समाज में जागरूकता फैलती है। स्वच्छता रखना हमारा परम धर्म है। यह रैली शेखपुरा बस्ती में निकाली गई है। इस बस्ती के लोगों को स्वयसेविकाओं ने स्वच्छता ही सेवा है के नारे लगाकर जागरूक किया। कार्यक्रम की संयोजिका एनएसएस यूनिट की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रानी सांगवान तथा इको क्लब की संयोजिका डॉ. वर्षा, बबिता व सरस्वती विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार उपस्थित रहे।

केंद्रीय विद्यालय पलवल बच्चों ने किया श्रमदान

पलवल। केंद्रीय विद्यालय पलवल में प्राचार्य राजकुमार कटारिया एवं स्टाफ तथा छात्रों ने श्रमदान किया एवं विद्यालय व आसपास साफ सफाई की। इसके अतरिक्त विद्यालय के सामने राजमार्ग पर साफ सफाई की एवं स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा आंदोलन में सभी ने बढ़ चढकर भाग लिया। भविष्य में भी विद्यालय एवं आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने की शपथ ली।

माहेश्वरी मंडल ने दिव्यांगों को व्हीलचेयर वितरित की

फरीदाबाद। माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट फरीदाबाद ने महेश्वरी मंडल के 40 वें स्थापना दिवस एवं गांधी जयंती तथा स्वच्छता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग को व्हीलचेयर वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सीमा त्रिखा, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, भाजपा जिला संयोजक व्यवसायिक प्रकोष्ठ विमल खंडेलवाल मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा का स्वागत महेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्षा पुष्पा झंवर, मैंना सोमानी एवं नारायण झंवर द्वारा मोमेंटो प्रदान करके किया। गोपाल शर्मा का स्वागत माहेश्वरी मंडल के अध्यक्ष राम कुमार राठी एवं सचिव महेश गट्टानी द्वारा मोमेंटो प्रदान करके किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महेश की वंदना से की गई। कार्यक्रम का संचालन महेश्वरी सेवा ट्रस्ट के सचिव श्रवण मीमाणी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 30 दिव्यांग लोगों को व्हीलचेयर का वितरण किया गया। महेश्वरी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल आगीवाल ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस तरह के सेवा के कार्य महेश्वरी सेवा ट्रस्ट करता रहा है। माहेश्वरी समाज के द्वारा सामाजिक हित के लिए क्या कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं उसके बारे में सभा को अवगत कराया गया। सीमा त्रिखा ने अपने उद्बोधन में बताया कि महेश्वरी सेवा ट्रस्ट सेवा के कार्य करता रहा है और मेरा यह सौभाग्य है कि मुझे भी सेवा के इस कार्य में भाग लेने का अवसर मिला। माहेश्वरी समाज सदैव मानवता के कार्यों में बढ़-चढ़ के हिस्सा लेता है कई बार प्रशासन के द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया। विमल खंडेलवाल ने बताया कि अपनी परंपराओं एवं संस्कृति को जीवित रखने के लिए सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिससे आने वाली पीढ़ी भी रूबरू होकर अपने चरित्र में उसका अवतरित करें।

एलआर के छात्र ने उज़्बेकिस्तान में दो कांस्य पदक जीते

फरीदाबाद। पंडित एलआर कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रथम वर्ष के छात्र ओम तेवतिया ने उज़्बेकिस्तान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय किकबॉक्सिंग टूर्नामेंट में दो कांस्य पदक जीते। उन्हें राष्ट्रीय शाइन अवार्ड के लिए भी चुना गया है। ओम की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और किकबॉक्सिंग के प्रति समर्पण का प्रमाण है। वह भारत में अन्य युवा एथलीटों के लिए एक आदर्श हैं। कॉलेज के चेयरमैन एलसी भारद्वाज ने ओम तेवतिया की इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और भविष्य में भी इसी तरह अच्छा प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया है। ओम तेवतिया की इस उपलब्धि पर पूरे कॉलेज परिवार को गर्व है। हम उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं।

हड़ताली आशा वर्करों ने सौंपा ज्ञापन

फरीदाबाद। हड़ताली आशा वर्करों ने मंगलवार को एनएच-5 में थाली बजाते हुए आक्रोश रैली निकाली। रैली से पूर्व हड़ताली आशा वर्कर नगर निगम मुख्यालय बीके चौक पर एकत्रित हुईं और वहां से बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा के आॅफिस के लिए कूच किया। रैली एन.एच-5 की मार्केट से होते हुए केएल मेहता कॉलेज की रेड लाइट क्रास कर रही थी, उसी समय सीमा त्रिखा के निजी सचिव हरेंद्र शर्मा पहुंचे। आशा वर्करों ने सीमा त्रिखा के नाम संबंधित ज्ञापन उनके निजी सचिव हरेंद्र शर्मा को सौंपा और आवश्यक आगामी कार्रवाई करने की मांग की। निजी सचिव हरेंद्र शर्मा ने आशा वर्करों को आश्वासन दिया कि अगले दो दिन में आशा वर्करों के प्रतिनिधि मंडल से विधायक से मुलाकात करवाई जाएगी। रैली एवं आक्रोश प्रदर्शन की अध्यक्षता रेखा ने की और संचालन अनीता ने किया। प्रदर्शन में अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर रेखा, सुशीला चौधरी, पूजा गुप्ता, शाहीन प्रवीण, चंद्र प्रभा, नीलम जोशी, सुशीला मलिक, पूजा राठौर भी मौजूद थे।

हवाबाजी के लिए पार्टी में किया हवाई फायर, केस दर्ज

फरीदाबाद। सेक्टर-79 स्थित रेस्टोरेंट में जन्मदिन की पार्टी के दौरान एक युवक ने हवाबाजी दिखाने के चक्कर में हवाई फायर कर दिया। आरोपी युवक ने एक के बाद एक कई राउंड फायर किए। इससे रेस्टोरेंट में बैठे लोगों के बीच अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पंहुची लेकिन इससे पहले आरोपी जा चुका था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्जकर तलाश शुरू कर दी है। एनआईटी निवासी रेस्टोरेंट संचालक विनय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका सेक्टर-79 में एक रेस्टोरेंट है।

ममता की शिकायत

बकाया भुगतान

ममता बनर्जी ने अपने समर्थकों को केन्द्रीय योजनाओं में बकाया भुगतानों पर शिकायत के लिए दिल्ली भेजा। जहां भाजपा के नेता पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति बनाने में व्यस्त हैं, वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने टीएससी सांसद और अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में 4,000 लोगों को दिल्ली भेजा। ममता की पार्टी के नेता और कार्यकर्ता दो दिन का विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जिसका उद्देश्य राजग सरकार द्वारा राज्य के कामगारों के केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत बकाया भुगतान पर लापरवाही बरतने का विरोध करना है। मजेदार बात है कि जहां भाजपा चुनावी राज्यों में कार्रवाई कर रही है, वहीं ममता बनर्जी ने अपना संघर्ष उसके दरवाजे तक पहुंचा कर राजधानी का राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। इस रैली की ओर अनेक कारणों से लोगों का ध्यान गया है जिसने पैसा जारी करने की मांग के साथ टीएमसी और प्रवर्तन निदेशालय-ईडी के बीच टकराव को उजागर किया है। इस संबंध में महत्वपूर्ण सवाल यह है कि ममता बनर्जी ने अपने प्रदर्शन के लिए सुदूर दिल्ली को क्यों चुना तथा भाजपा की इस बारे में क्या प्रतिक्रिया है? दिल्ली में दो-दिवसीय विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य केन्द्र द्वारा कथित रूप से पश्चिम बंगाल के विकास की अनदेखी करना तथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून-मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए पैसा जारी करने में विलंब है। हजारों टीएमसी नेता और समर्थक राष्ट्रीय राजधानी में इस उद्देश्य से पहुंचे कि वे केन्द्र सरकार के कथित अत्याचारों के खिलाफ अपनी आवाज उठाएंगे।

गांधी जयंती को टीएमसी सांसद राजघाट पर महात्मा गांधी के सिद्धान्तों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए धरने पर बैठे। इसके बाद टीएमसी समर्थकों तथा मनरेगा जॉब कार्ड धारकों ने अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए शांतिपूर्ण रैली निकाली। लेकिन टीएमसी कार्यकर्ताओं का बंगाल से दिल्ली पहुंचना आसान नहीं था क्योंकि उनको अनेक अप्रत्याशित बाधाओं का सामना करना पड़ा। शुरुआत में टीएमसी समर्थकों व मनरेगा जॉब कार्ड धारकों तथा पार्टी के 'पंचायत प्रमुखों' के लिए एक विशेष ट्रेन बुक की गई थी। लेकिन बाद में रेलवे ने अचानक ट्रेन रद्द कर दी जिससे टीएमसी को अपने समर्थकों को लाने के लिए निजी बसों की व्यवस्था करनी पड़ी। परेशानी इस कारण भी बढ़ी क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय ने ममता के भतीजे तथा पार्टी में दूसरे सर्वाधिक महत्वपूर्ण नेता अभिषेक बनर्जी को 3 अक्टूबर को रैली वाले दिन पूछताछ के लिए बुला लिया।

हालांकि, अभिषेक ने ईडी समन को अनदेखा किया। इस रैली के साथ पूरे देश की नजरें प्रमुख पार्टियों के बीच टकराव पर जमी हैं। हालांकि, ममता ने राजधानी में भाजपा को चुनौती दी है, पर उनको अपने प्रदेश की जनता को भी जवाब देना है। ममता सरकार द्वारा मनरेगा भुगतान में अनेक कथित अनियमितताओं की शिकायतें मिली हैं। इसके साथ ही उसके पैसे का भारी गबन हुआ है। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने रैली पर सवाल उठाए हैं क्योंकि टीएमसी उत्तर बंगाल के चाय बागानों में न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित नहीं कर पा रही है। भाजपा की केन्द्रीय मंत्री इस समय बंगाल में हैं जहां उन्होंने सिलीगुड़ी में चाय बागानों में काम करने वाले कामगारों से मुलाकात की है। दूसरी ओर ममता बनर्जी अपने राज्य की मजबूत नेता तथा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की महत्वपूर्ण नेता हैं। इसलिए उनका यह कदम महत्वपूर्ण है और भाजपा को उनके द्वारा दिल्ली में दिए संदेश पर सावधानी से गौर करना चाहिए।

ठठेरों की प्राचीन परंपरा

ठठेरों की धातु कला लगभग एक दशक से यूनेस्को की सूची में है। लेकिन इसके बावजूद बर्तन बनाने वाले इन कारीगरों का संघर्ष लगातार जारी है।

सुखदेव सिंह
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)

जिंडियाला गुरु की ठठेरा कला 2014 से यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत में दर्ज है, लेकिन इसके बावजूद इन कारीगरों की वित्तीय व सामाजिक स्थिति में ज्यादा परिवर्तन नहीं हुआ है। यूनेस्को की 'इंटरगवर्नमेंटल कमेटी-आईजीसी फार द सेफगार्डिंग आफ इनटैनिजिबिल हेरिटेज' के पेरिस में 2014 में आयोजित नवें सत्र में जिंडियाला गुरु की 'ठठेरा' धातु कला को सांस्कृतिक विरासत के रूप में स्वीकार कर अपनी सूची में शामिल किया गया था। यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होने वाली यह भारत की पहली धातु कला है। इस प्रकार न केवल पंजाब, बल्कि भारत को इस पर गर्व करना चाहिए। लेकिन एक कारीगर ने अपना नाम न बताने की शर्त पर कहा, 'लेकिन केवल गौरव की अनुभूति कारीगर कारीगर का पेट भरने और कारीगरी को जीवित रखने के लिए काफी नहीं है।' 'फादर' समुदाय के एस. हरदेव सिंह बनाते हैं, 'युवा पीढ़ी इस पारिवारिक बिजनेस से बाहर जाना चाहती है क्योंकि इससे न पैसा मिलता है और न सम्मान। हालांकि, आयुर्वेद ताबें, कांसे और पीतल के बर्तनों में खाने के लाभ स्वीकारती है, पर यूज़ एंड थ्रो की संस्कृति ने इसके सस्ते विकल्प उपलब्ध करा दिए हैं।'

लोकप्रिय मामूली उपायों के बजाय सरकार को टैक्सों में रियायत के साथ सरकार को पुरानी कोटा व्यवस्था लागू करनी चाहिए जिसके चलते चलते कच्चे माल के रूप में कारीगरों को सीधे स्क्रैप आबंटित किया जाता था। इससे लागत घटेगी तथा बनाई गई वस्तुओं की कीमतें कम होने से कारीगर प्रतियोगिता में सफल होंगे। सरकार कला वस्तुओं व व्यावहारिक प्रयोग वाली वस्तुओं के रूप में इनकी मार्केटिंग में सहायता कर सकती है। सरकार उन बिचौलियों के प्रवेश पर भी लगाम लगा सकती है जो भारतीय सेना से नीलामी में कच्चा माल खरीद कर उनको कारीगरों में वितरित करते हैं जो कम लेबर रेट पर चीजें बनाते हैं। एक कारीगर का कहना है, 'वर्तमान व्यवस्था में कारीगर अपने बनाये उत्पाद पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकता है और दिन भर की कड़ी मेहनत से उसे केवल 500-600 रुपये मिलते हैं। क्या यह कुशल श्रमिक के लिए काफी है? आखिर मेरा बेटा इस पेशे में कैसे बना रह सकता है?'

हाल ही में पंजाब सरकार ने ठठेरा बाजार को एक विरासती गली घोषित किया है तथा गली के प्रवेश पर इस कारीगरी को महत्व देने वाला प्रतीकात्मक गेट भी लगवाया है, लेकिन उसने न जीएसटी में अपना हिस्सा घटाया है और न कारीगरों की स्थिति सुधारने के लिए कोई कदम उठाए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि गेट या विरासती गली का दर्जा मिलने के बावजूद गली में काम करने वाले कारीगरों को सहायता कैसे मिलेगी। यूनेस्को की स्वीकृति से निश्चित रूप से मीडिया में काफी चर्चा हुई। कुछ एजेंसियों को अध्ययन परियोजनायें प्राप्त करने में सफलता मिली जिससे उनकी प्रोफाइल मजबूत हुई और उनके काम का औचित्य सिद्ध हुआ, लेकिन उन्होंने इस मामले की इतनी जोरदार पैरवी नहीं की कि जमीनी हालात बदल सकें। कुछ आर्ट व क्राफ्ट डीलरों ने उत्पादों पर यूनेस्को की स्वीकृति मुहर लगा कर उनको अच्छे दामों में बेचने में भी सफलता पाई, लेकिन कारीगर कम दरों पर मजदूरों की तरह काम करते रहे। यही समस्या की असली जड़ है और सरकार को यह कारीगरी तथा कारीगरों व राज्य की सांस्कृतिक विरासत बचाने के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए। ठठेरा कारीगरी का व्यवहार देश के अनेक अन्य भागों में भी होता है, पर जंडियाला गुरु के कारीगर इस मामले में खास हैं कि वे हाथ से बने तांबे व पीतल के बर्तनों के माध्यम से अपनी पारिवारिक विरासत आगे बढ़ा रहे हैं।

जंडियाला गुरु में फादर्स की दस-बारह पीढ़ियां अपनी कारीगरी को आगे बढ़ा रही हैं। इस प्रकार यह पुराने समय और बदलते समय का एक हस्ताक्षर है। एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित ज्ञान तथा अपने उत्पादों की प्रासांगिकता बनाए रखने से लोगों ने इस कारीगरी को एक 'जीवित परंपरा' बना दिया है। इससे सांस्कृतिक विरासत के रूप में कारीगरी को परिभाषित करने वाले तीनों चरण-'लोग, स्थान और समय' पूरे होते हैं। 1883 के अमृतसर जिला गजेटियर के अनुसार, 'अमृतसर शहर के अलावा व्यापार का एक और महत्वपूर्ण कस्बा जंडियाला है जो तांबे और पीतल के बर्तन बनाने के लिए विख्यात है और इनका काफी निर्यात होता है।' यदि ऐसा है तो निर्यात योग्य व्यापार की शुरुआत महाराजा रणजीत सिंह के शासनकाल या उससे भी पहले हुई होगी।

भले ही बर्तन मूर्त वस्तुएं होते हों, पर परंपरागत ज्ञान, कौशल और कला अमूर्त हैं। कौशल और ज्ञान की परंपराओं को यूनेस्को दस्तावेज में स्वीकार किया गया है। जंडियाला गुरु के कारीगर परंपरागत ज्ञान और कौशल का प्रयोग धातु को बर्तन का स्वरूप देने के लिए कास्टिंग के बजाय फोर्जिंग का प्रयोग करते हैं। फोर्जिंग विधि में वे धातु की प्लेटों को एक हथौड़ी से पीटते हैं। छोटी हाथ से संचालित भट्टी में प्लेटों को गरम करने के बाद उनको लगातार पीट कर एक प्लेट में बदला जाता है जो लचीली व परिवर्तनशील होती है। इसके बाद बर्तन के हिस्से बनाने के लिए धातु की प्लेटों को काटने और गरम करने का काम किया जाता है। इसके बाद इन टुकड़ों को एक दूसरे से जोड़ा जाता है। धातुओं को जोड़ने के लिए सोल्डरिंग, ब्रेजनिंग, रिवेटिंग और वेल्डिंग का प्रयोग होता है।

जंडियाला गुरु के फादर्स ब्रेजिंग व रिवेटिंग का प्रयोग करते हैं। ब्रेजिंग में दो या अधिक धातुओं को जोड़ने के लिए एक पिघली धातु जोड़ पर डाली जाती है। इसके बाद धातु की प्लेटों से बने बर्तनों को हल्के तेजाब से साफ कर इमली के पानी व बालू से घिसा जाता है। पालिश की यह पूरी प्रक्रिया हाथों-पैरों से की जाती है। अंतिम प्रक्रिया के बाद धातु का रंग और चमक उभर कर सामने आती है। इसके बाद बर्तनों को छोटे आकार के निशानों के पैटर्न से सजाया जाता है जो छोटे तारों जैसे लगते हैं। एक कारीगर ने बताया, 'ये बर्तन कला वस्तुयें हैं। इनको न केवल प्रयोग के लिए बनाया जाता है, बल्कि इनको विभिन्न आयोजनों में कला कृतियों के रूप में भी प्रदर्शित किया जाता है।' इस प्रकार एक ओर कारीगर संस्कृति व सभ्यता के विकास में योगदान करते हैं, वहीं दूसरी ओर वे प्रयोग योग्य सुंदर वस्तुयें बनाते हैं। मानव इतिहास में उनके बनाए बर्तनों के अनेक विवरण मिलते हैं।

मिट्टी, तांबे, पीतल और कांसे के बर्तनों में भोजन करना और पकाना स्वास्थ्य व स्वाद के लिए बहुत अच्छा है। भारत में प्राचीन काल से लोकप्रिय आयुर्वेद विज्ञान स्वास्थ्य के लिए इन धातुओं का महत्व रेखांकित करता है। स्वस्थ जीवन तथा अनेक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए कांसे के प्रयोग का वर्णन अष्टांग संग्रह, अष्टांग हृदय, राजतरंगिणी व भावप्रकाश में मिलता है। गरम पानी से धोने के एक घंटे बाद कांच, प्लास्टिक या स्टील बर्तनों की तुलना में कांसे के बर्तनों में माइक्रोब की उपस्थिति लगभग शून्य होती है। यह तथ्य स्वीकार किया गया है कि तांबे के प्रयोग से अनेक हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस नष्ट हो जाते हैं।

इससे मानव कोशिकाओं को होने वाले नुकसान की गति धीमी हो जाती है। तांबे के एंटी-आक्सीडेंट व एंटी-कार्सिनोजेनिक गुणों के कारण इससे वृद्ध होने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है। इसके साथ ही तांबे को बायोसाइड, यानी हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस आदि को नष्ट करने वाला माना जाता है।

यह पीतल में एक धातु के रूप में शामिल होता है। इसलिए पीतल के बर्तन माइक्रोआर्गेनिज्म की वृद्धि रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। संक्षेप में कहा जाए तो इन सभी आयामों को देखते हुए ठठेरा कारीगरों को शिक्षित व कुशल माना जाना चाहिए। इनको समुचित सामाजिक सम्मान मिलना चाहिए तथा इनकी कारीगरो को भारत की समृद्ध व अमूल्य सांस्कृतिक विरासत के रूप में बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

सहिष्णुता से ही शांति संभव

> हमारी सहनशीलता और विनम्रता हमारे कटु आलोचकों और विरोधियों के मन को पिघला या नरम कर सकती है।

ब्रह्मकुमार निकुंज
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)

हममें से अधिकांश लोगों ने जीवन में ऐसी कई स्थितियां देखी हैं जिनमें सहनशीलता का प्रश्न सामने आता है और हमें चुनना होता है कि सहना है या प्रतिकार करना है। उदाहरण के लिए, यदि कोई व्यक्ति जिसका अपनी जीभ पर नियंत्रण नहीं है या जो असंस्कृत, असभ्य, गुस्सैल और बुरे व्यवहार वाला है, आपत्तिजनक या अपमानजनक भाषा में बात करता है या हमारे साथ अशिष्ट और अशिष्ट व्यवहार करता है, तो हम क्या करेंगे?

ऐसी स्थिति में एक सुसंस्कृत और आध्यात्मिक व्यक्ति सहन करना पसंद करेगा, क्योंकि वह अच्छी तरह से जानता है कि जब सहनशीलता खो जाती है, तो संयम भी खो जाता है और दोनों के नुकसान का मतलब मानसिक संतुलन का नुकसान होता है। इसलिए, ऐसी स्थिति में, किसी को आहत, घायल या कुचला हुआ महसूस नहीं करना चाहिए और बदला लेने के बारे में नहीं सोचना चाहिए। इसके बजाय, ऐसे व्यक्ति पर दया करनी चाहिए और उसे अपने गुस्से से उबरने के लिए शांति के कंपन देने चाहिए।

इस प्रकार का दृष्टिकोण या रवैया व्यक्ति को शांत, संयमित और प्रतिष्ठित रहने में सक्षम बनाएगा। ऐसी उत्तेजक स्थितियों में सहिष्णुता एक ऐसा मूल्य है जो किसी के जीवन को बचाता है। नीति, रणनीति या रणनीति के मामले में भी विनम्रता के साथ सहिष्णुता का बहुत महत्व है। इसलिए, यदि कोई एक पल के लिए भी ऐसी गर्म परिस्थितियों में सहनशीलता खो देता है, तो उसे अपनी जान भी गंवानी पड़ सकती है या उसे और भी अधिक जटिल स्थिति का सामना करना पड़ सकता है, जो गंभीर परिणामों और अप्रत्याशित परिणामों से भरी होती है। इस दृष्टि से देखने पर यह कहा जा सकता है कि सहिष्णुता न केवल एक उच्च श्रेणी का गुण और नैतिक मूल्य है, बल्कि यह आत्मरक्षा और अस्तित्व के लिए एक अहिंसक रणनीति है और जीत के लिए एक हथियार भी है। याद करना! हमारी सहनशीलता और विनम्रता हमारे कटु आलोचकों और विरोधियों के मन को पिघला या नरम कर सकती है जबकि यह हमें शांति की स्थिति में रहने में सक्षम बनाती है। यह समय के साथ सामंजस्य स्थापित करता है और यहां तक कि सबसे अहंकारी व्यक्ति भी, किसी समय, गंभीर उत्तेजना के सामने हमारी अद्भुत सहनशीलता की सराहना व्यक्त करता है। इसके साथ ही हमें मित्रता या भाईचारे की भावना से दूसरों की कुछ गलतियों और कमियों को भूलना और माफ करना भी सीखना चाहिए, अन्यथा हमारे बीच सद्भावना, मैत्रीपूर्ण सहयोग और शांति नहीं रह सकेगी।

हालांकि, अधिकांश लोग यह प्रश्न पूछते हैं- हमें कब तक अपने उत्पीड़क को उसके क्रूर कृत्यों, उसके नापाक इरादों और उसके गंदे तरीकों को जारी रखने की अनुमति देनी चाहिए? क्या हमें अन्याय सहन करना चाहिए? यदि हम ऐसा करते हैं, तो क्या इसका मतलब उन लोगों को न्याय से वंचित करने के उनके कृत्यों के प्रति हमारी मौन सहमति नहीं होगी जो न्याय के पात्र हैं? इसके अलावा, इसका मतलब उन लोगों को दंडित करने के उनके कृत्यों में हमारी मिलीभगत भी होगी जो दोषी नहीं हैं। क्या यह एक प्रकार की स्वयं पर थोपी गई दासता, परतंत्रता और गुलामी नहीं है? इसका उत्तर यह है कि हमें अपना नैतिक प्रतिरोध प्रस्तुत करना होगा।

हमें ऐसे कृत्यों में अपने असहयोग के माध्यम से अपनी अस्वीकृति प्रकट करनी चाहिए। इससे भी बेहतर, हमें उचित समय पर अनुनय-विनय के अपने कौशल का उपयोग करना चाहिए। हमें इस अंध बुद्धि व्यक्ति को उसके कृत्य की वास्तविक प्रकृति और उससे जुड़ी बुराइयों और उसके बाद के परिणामों को समझने में सक्षम बनाने का प्रयास करना चाहिए।

हमारे पास उसका हृदय परिवर्तन करने की, उसे पत्थरदिल बनाने की आध्यात्मिक शक्ति होनी चाहिए। हमें इस मानसिक और नैतिक रूप से बीमार व्यक्ति को उपचारात्मक स्पर्श देने का प्रयास करना चाहिए। हमें अपनी नैतिक समझ खोकर विद्वेष और प्रतिशोध की भावना से प्रतिक्रिया करने के बजाय उस पर दया करनी चाहिए। यही हमारी सहनशीलता होगी. लेकिन अंततः सवाल यह उठता है कि क्या हमारे पास एक पापी को संत में बदलने की आध्यात्मिक शक्ति है।

इसके लिए, हमें आध्यात्मिकता के अपने भंडार की जांच करनी होगी और योग-मध्यस्थता के माध्यम से खुद को फिर से उस शक्ति से भरना होगा जैसे कोई डायनेमो की मदद से अपनी बैटरी को रिचार्ज करता है। अपनी उच्च आध्यात्मिक शक्ति के साथ, हम सहिष्णुता को सामाजिक परिवर्तन के एक उपकरण के रूप में उपयोग कर सकते हैं और नैतिकता की कुर्सी से गिरे हुए व्यक्ति को ऊपर उठाने के लिए ईश्वर का साधन बन सकते हैं।

आप की बात

विश्व बैंक का अनुमान

विश्व बैंक ने अपनी हालिया रिपोर्ट में पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र में विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के 2023 में 5 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद जताई है। विश्व बैंक ने चीन के लिए अपने 2023 के आर्थिक विकास पूर्वानुमान को 5.1 प्रतिशत पर बनाए रखा है, लेकिन 2024 का अनुमान को घटाकर 4.4 प्रतिशत कर दिया। संगठन ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में ऊंचे ऋण स्तर और इसके संपत्ति क्षेत्र में कमजोरी को इसकी गिरावट का कारण बताया है। चीनी अर्थव्यवस्था में सुस्ती से सारी दुनिया प्रभावित होगी। चीन की आर्थिक मंदी दुनिया भर में खतरे की घंटी बजा रही है। नीति निर्माता अपनी अर्थव्यवस्थाओं को इसके प्रभाव के लिए तैयार कर रहे हैं। चीन के आयात में गिरावट आई है जिससे एशिया और अफ्रीका के कई देश प्रभावित होंगे। चीन की मंदी से किसी को खुश होने की जरुरत नहीं है। चीनी अर्थव्यवस्था की गिरावट से दुनिया के अर्थशास्त्रियों को सबक लेना चाहिए कि केवल आर्थिक लाभ या दूसरे देशों पर कब्जे के उद्देश्य से बनाई परियोजनाओं का टिकाऊ होना जरूरी नहीं है। चीनी सूदखोरी से परेशान देशों को उसकी आर्थिक नीतियों की विफलता से खासतौर से सबक लेने की जरूरत है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

मालदीव में बदलाव

मालदीव में भारत विरोधी और चीन समर्थक नेता मुइज्जु का राष्ट्रपति चुना जाना भारत के लिए एक सीमावर्ती छोटे देश के बॉर्डर पर भी सजग रहने का संदेश देता है। गत कुछ वर्षों में देखने में आया है कि नेपाल हो या श्रीलंका और अब मालदीव में होने वाले चुनाव से पहले ही चीन की गुप्त योजनाएं शुरू हो जाती हैं। उम्मीदवारों को धन बांटना और अन्य कई तरह से सहयोग देकर चीन अपने समर्थक दलों को जितवाने का अभियान सा चला रहा है ताकि सामरिक रूप से महत्वपूर्ण इन देशों का भारत के खिलाफ प्रयोग किया जा सके। भारत सरकार वैसे तो अपने पड़ोसी इस छोटे देश को यथा संभव भरपूर सहयोग देती है और वहां भारत की कई तरह की प्रगतिशील योजनाएं चल रही हैं, लेकिन चीन के षडयंत्र भी जारी हैं। उसकी गतिविधियां वहां के नागरिकों से छुपी हुई नहीं है। जिसके चलते इन छोटे देशों द्वारा खुलकर भारत का विरोध करना संभव नहीं होगा। अब भारत को अपने देश की राजनीति के साथ-साथ पड़ोसी देशों के राजनीतिक क्रियाकलापों पर नजर रखते हुए परोक्ष रूप से अपने समर्थन में माहौल बनाना होगा।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

राहुल के प्रयास

प्रदेशों के चुनाव आने वाले हैं और लोकसभा के चुनाव नजदीक हैं। ऐसे में सभी राजनेता मतदाता के एक-एक वोट के लिए कितनी-कितनी गोटें खेल रहे हैं। कांग्रेस के राहुल गांधी भी सस्ती लोकप्रियता हांसिल करने के लिए कभी भारत भ्रमण पर निकल रहे हैं, कभी ट्रक ड्रायवरी कर रहे हैं, कभी गैरेज में बाइक सुधार रहे हैं, कभी मंदिर तो कभी गुरुद्वारे में कार सेवा कर रहे हैं और कभी फर्नीचर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। वैसे किसी भी अन्य पार्टी के नेताओं की तरह राहुल गांधी को भी अपनी छवि बनाने तथा मतदाताओं को अपनी पार्टी से जोड़ने के प्रयास करने का अधिकार है। लेकिन सवाल है कि राहुल कई प्रकार के कामगारों से मिलने के बाद उनकी समस्याओं व उनके समाधान के बारे में कुछ नहीं बोलते हैं। यदि वे कामगारों की समस्याओं के बारे में कुछ बात करें और उसके समाधान पेश करें तो इससे जनता का व्यापक भला होगा तथा कांग्रेस को भी अपना दृष्टिकोण सुधारने में मदद मिलेगी। लेकिन ऐसा कुछ न होने से लगता है कि राहुल केवल अपनी छवि निर्माण का प्रयास कर रहे हैं, पर ऐसे प्रयासों का अच्छा परिणाम निकलना जरूरी नहीं है।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

अमेरिका का ढोंग

कनाडा में निज्जर की हत्या को लेकर अमेरिकी सरकार का बिना वजह टांग अड़ाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। वह भी ऐसी स्थिति में जबकि वह ओसामा बिन लादेन सहित सैकड़ों लोगों की विदेशी धरती पर हत्या करवा चुका है। अमेरिका ही क्यों इजरायल, रुस व चीन सहित कई देश ऐसा कर रहे हैं। चीन तो खुद अपने नागरिकों को भी बिना किसी को भनक लगे रास्ते से हटा देता है। फिर भारत को ही सब देश ज्ञान क्यों बांट रहे हैं? अब भारत पहले जैसा जी हजूरी करने वाला कमजोर राष्ट्र नहीं रहा है। अब वह हर गलत बात का मुंहतोड़ जवाब दे सकता है। अमेरिका सहित सभी देश जानते हैं कि अब बिना वजह भारत के साथ रोका-टोकी करना किसी के भी हित में नहीं है। भारत ने स्पष्ट किया है कि विदेशों में हत्यायें करवाना उसकी नीति नहीं है। लेकिन दूसरे देशों को भी समझ लेना चाहिए कि आत्मरक्षा में वह सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक जैसी कार्रवाइयां करने में न केवल सक्षम है, बल्कि वह इस क्षेत्र में लगातार अपनी क्षमताओं का विस्तार भी कर रहा है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

इंसेफेलाइटिस के उन्मूलन की घोषणा शीघ्रः योगी

मुख्यमंत्री ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार के अंतर विभागीय समन्वित प्रयास से आज उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस समाप्ति के कगार पर है। बहुत शीघ्र इसे पूर्णतः समाप्त कर इसके उन्मूलन की घोषणा की जाएगी। इंसेफेलाइटिस पर नियंत्रण देश और दुनिया के सामने एक सफलतम मॉडल है।

सीएम योगी मंगलवार सुबह बीआरडी मेडिकल कॉलेज से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ कर रहे थे। 31 अक्टूबर तक चलने वाले इस विशेष अभियान के लिए सीएम ने जन जागरूकता प्रचार वाहनो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही दो दिखाकर आशा कार्यकत्री व दो आंगनबाड़ीकर्मी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। उन्होंने आयुष्मान योजना के चार लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से वर्ष 2017 से डेंगू, मलेरिया, इंसेफेलाइटिस, कालाजार, चिकनगुनिया जैसे संचारी रोगो के नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा। छह वर्षों के दौरान इसके बहुत अच्छे परिणाम आए हैं। सरकार वर्ष में तीन बार अंतर विभागीय समन्वय के माध्यम से संचारी रोग नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाती है। अक्टूबर से जनवरी तक चलने वाले इस विशेष अभियान में पहले 15 दिन का कार्यक्रम जनजागरण के साथ अंतर विभागीय जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिये है। उन्होंने कहा कि 16 से 31 अक्टूबर तक आशा कार्यकत्री द्वारा घर-घर जाकर दस्तक अभियान के माध्यम से सभी घरो में जाकर बीमारों को चिन्हित कर उनके उपचार की समुचित व्यवस्था करने में योगदान देंगी। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है। इसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से प्रभावित रहा है। 2017 से पहले बीआरडी मेडिकल कॉलेज में इस मौसम में 500 से 600 मरीज भर्ती रहते थे। प्रतिवर्ष पूरे प्रदेश में 1200 से 1500 बच्चों की मौत इससे होती थी। अकेले बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 500 से 600 बच्चों की मृत्यु इंसेफेलाइटिस से होती थी। अब बीमारी और मौतों को संख्या इतिहास बनने वाली है। उन्होंने कहाएसरकार ठान ले और लोग साथ दें तो असाध्य कही जाने वाली बीमारी को भी समाप्त होने में बहुत समय नहीं लगता है। इंसेफेलाइटिस इसका उदाहरण है। मध्य उत्तर के बरेलीए बदायूं एवं उसके आसपास के क्षेत्र में डेंगू और मलेरिया तथा बुन्देलखण्ड चिकनगुनिया से ग्रस्त रहता था। फिरोजाबाद, मथुरा, आगरा, कानपुर, लखनऊ से लेकर वाराणसी तक डेंगू व्यापक रूप से प्रभावी था। वाराणसी से लेकर कुशीनगर के क्षेत्र तथा बिहार से सटे क्षेत्रों में कालाजार की बीमारी जन जीवन को प्रभावित करती थी। यह सब स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए चुनौती थी लेकिन जब अंतर विभागीय समन्वय सेए स्वास्थ्य विभाग को नोडल एवं अन्य विभाग जैसे नगर निकायए पंचायतीराज, महिला एवं बाल विकास तथा प्राथमिक शिक्षा विभागए दिव्यांगजन कल्याण विभाग आदि को जोड़कर कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ और सभी विभागों को उनके लक्ष्य देकर इसे आगे बढ़ाया गया तो परिणाम आज सबके सामने है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एईएस (एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम) के मामले के लिए स्वच्छता बहुत जरूरी है। स्वच्छता के लिए विभिन्न कार्यक्रम तथा शुद्ध पेयजल के लिए हर घर नल की योजना संचालित की जा रही है। स्वच्छता के लिए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छाजंलि कार्यक्रम चलाया गया। यह बापू के लिए सबसे बड़ी श्रद्धाजंलि थी क्योकि स्वच्छता उनका सबसे प्रिय विषय था। उनको पता था कि गंदगी से उत्पन्न बीमारी से व्यक्ति की सामर्थ्य और शक्ति कमजोर हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सशक्त व स्वावलम्बी भारत के निर्माण के लिए स्वच्छता एक अहम मार्ग है। इसी उद्देश्य के तहत प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर 2014 से स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की थी। इसके परिणाम स्वरूप स्वच्छता के प्रति लोगों में अद्भुत जनजागरूकता पैदा हुई है। आज प्रत्येक घर में शौचालय की उपलब्धता है। प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाकर एवं अन्य विभिन्न कार्यक्रम के द्वारा भी स्वच्छता पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने सबसे आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता को सबको अपने जीवन का हिस्सा बनाना पड़ेगा। सीएम योगी ने कहा कि आज देश के विभिन्न राज्यों में जहा डेंगू कहर ढा रहा है वही यूपी में संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के परिणाम स्वरूप यह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में व्यापक जनजागरण के साथ-साथ आशा कार्यकत्रीए स्वास्थ्य कार्यकर्ताए एवं पैरामेडिकल के स्टाफ को जोड़कर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। यदि सभी विभाग मिलकर कार्य करेंगे तो उसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे। सीएम ने कहा कि संचारी रोगों पर नियंत्रण पाने के साथ ही हमें पीएम मोदी के आह्वान पर वर्ष 2025 तक टीबी को भी पूरी तरह समाप्त करना है। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि,चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ तथा आम नागरिक अपने आसपास टीबी से पीड़ित मरीज को गोद लेकर स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व मे चलाये जा रहे अभियान का हिस्सा बनें। इसके लिए दवाए खुराक की व्यवस्था और तमाम अन्य सुविधाएं सरकार उपलब्ध करा रही है। अगर हम उन लोगों तक सुविधा उपलब्ध करा देंगे तो यह मानवता, समाज व राष्ट्र की बहुत बड़ी सेवा होगी।

जमीन कब्जे के मामलों को सख्ती से निपटाएंः मुख्यमंत्री

● जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों को हिदायत दी कि पीड़ितों की मदद और पात्रों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में विलंब नहीं होना चाहिए। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी स्तर पर कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो वहां जिम्मेदारी सुनिश्चित कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। समस्या लेकर सीएम से मिलने पहुंचे लोगों को भरोसे का आत्मीय संबल मिला। इत्मीनान से सबकी बात सुनते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। कुछ प्रकरणों पर उन्होंने मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया।

हर बार की तरह इस बार भी जनता दर्शन में कई लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें।

सरकार ने गरीबों व बेघरों का पक्का घर होने के सपनों को किया साकारः केशव प्रसाद मौर्य

● 36 लाख से अधिक आवासों का किया गया आवंटन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश में बेघरों को घर देने का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। गरीबों और बेघरों को उनका अपना पक्का घर होने के सपनों को साकार किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में तो 36 लाख से अधिक आवासों का आवंटन किया ही गया है लेकिन जिनके लिए किसी का ध्यान नहीं गया था और जिनका नाम भी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की सूची में नहीं था। ऐसे लोगों को पक्का आवास देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2018 में मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण संचालित की गयी। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा से प्रभावितए कुष्ठरोग आदि से प्रभावित तथा वनटांगिया, मुसहर, कोल, सहरिया एवं थारू एवं नट, चेरो,पछइया, लोहार, गढ़इया, बैगा एवं दिव्यांगजन के आवास विहीन या कच्चे, जर्जर आवास में निवास कर रहे परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। योजना के आरम्भ से वर्ष 2022-23 तक इस योजना में 161900 आवास आवंटित किए गए, जिसमें से 1 लाख 53 हजार से अधिक आवास पूर्ण हो गये हैं।

मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में वर्ष 2023-24 में 95533 आवासों का आवंटन किया गया है, इनमें से 65 हजार से अधिक आवास दिव्यांगजनो को आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना .ग्रामीण की प्राथमिकता श्रेणी में दिव्यांगजन पहले सम्मिलित नहीं हो पाये थे, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व प्रयासों के फलस्वरूप दिव्यांगजनो को प्राथमिकता श्रेणी में सम्मिलित कराया गया। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री आवास योजना .ग्रामीण में गरीबों को क्लस्टर में भी आवास दिये गये हैं। प्रदेश के जनपदों लखीमपुर खीरी, प्रयागराज, जौनपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, बलरामपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात एवं सोनभद्र में क्लस्टर में आवास बनाये गये हैं, जिनमें सीसी रोड, इन्टरलाकिग, पेयजल, सोलर लाइट, खेल मैदान आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि क्लस्टर में कानपुर देहात में 63 बांग्लादेशी विस्थापित परिवारों को आवास दिये गये हैं। कानपुर नगर में मार्ग दुर्घटना के शिकार 19 परिवारो को इस योजना का लाभ मिला है, जनपद सोनभद्र में बड़ी संख्या में क्लस्टर में घर बनाये जा रहे हैं। बलरामपुर में राप्ती नदी के कटान से बुरी तरह प्रभावित 66 विस्थापित परिवारों को क्लस्टर में आवास बनवाकर आधारभूत सुविधाएं दी गयी हैं।

देवरिया सामूहिक हत्याकांड में घायल बालक से मिले मुख्यमंत्री

● उपचार में किसी प्रकार की कोई कमी न आने के चिकित्सकों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को देवरिया के रुद्रपुर क्षेत्र की चर्चित घटना में घायल बालक अनमोल दूबे से मुलाकात की। इस दौरान वह काफी भावुक हो गए। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि बालक के उपचार में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करने के साथ ही मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज के डेंगू वार्ड का निरीक्षण कर वहां भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की।

बीआरडी मेडिकल कॉलेज मैं मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नन्हे.मुन्ने बच्चों को अन्नप्राशन कराया और उन्हें उपहार देकर खूब प्यार दुलार व आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म भी पूरी की और उन्हें उपहार स्वरूप पोषण किट प्रदान किया।

भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रहीः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार अपनी गलत नीतियों की आलोचना भी सहन नहीं कर पा रही है। लोकतंत्र में अपने राजनीतिक विरोधियों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार करने वाली भाजपा सत्ता के अहंकार में डूबी हुई है। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाया जा रहा है। समय आने पर देश की जनता भाजपा के घमण्ड को तोड़ देगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। भाजपा सत्ता के लिए लोकतंत्र के सभी स्तम्भों को डराकर रखना चाहती है। देश में स्वतंत्र पत्रकारिता के विरुद्ध अघोषित सेंसरशिप लगाने की साजिश हो रही है। देश की जनता भाजपा के इस अत्याचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा के कारनामों पर दिल्ली की सत्ता से हटाकर जवाब देगी। अखिलेश यादव ने पत्रकारों के घरों पर छापे डालने की निंदा करते हुए कहा कि ये छापे की कार्रवाई पराजित भाजपा की हताशा का एक संकेत है। यादव ने कहा कि भाजपा राज में पत्रकारों का सर्वाधिक उत्पीड़न हुआ है। मंत्रियों से सवाल पूछने भर से उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी है।

कई पत्रकारों की जिंदगी से भी खिलवाड़ की घटनाएं हुईं। शासन प्रशासन की भूमिका इनमें संदिग्ध बनी रही। मणिपुर के हालात की जांच के लिए गए वरिष्ठ पत्रकारों पर भी मुकदमें लगा दिए गए हैं। अखिलेश ने कहा कि पत्रकारों के पीछे जांच एजेंसियां लगाकर भाजपा ने वस्तुतः अपने विरूद्ध आत्मघाती गोल किया है। अभिव्यक्ति की आजादी उसे सहन नहीं हो रही है। बदले की भावना से वह जो कदम उठा रही है, वे उस पर ही भारी पड़ेंगे।

अपराधियों की पनाहगाह बन गई है भाजपाः अजय राय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं, साथ ही मुख्यमंत्री से नैतिकता के आधार पर तत्काल इस्तीफे की मांग की है।

राय मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने देवरिया में दो नाबालिग बच्चों सहित 6 लोगों को निर्मम हत्या एवं जनपद कानपुर में दवा व्यापारी की भाजपा पार्षद.पति द्वारा पीट पीटकर मरणासन्न करने की घटना के साथ जनपद सुल्तानपुर में भाजपा नेताओं द्वारा चिकित्सक की हत्या की निंदा करते हुए प्रदेश में कायम जंगलराज एवं अपराधों की आंधी के लिए प्रदेश की योगी सरकार को असफल ठहराते हुए अपराधियों के संरक्षण का जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी अपराधियों की पनाहगाह बन गई है। सबसे ज्यादा अपराधी एवं बलात्कारी के आरोपी भारतीय जनता पार्टी में है उनको सरकारी संरक्षण प्राप्त है। इसीलिए कोई दिन नहीं जाता जब हत्याएं ना हो रही हो और उन हत्याओं में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर आरोप न लग रहे हों। सुल्तानपुर की घटना बहुत भयावह है, डॉक्टर घनश्याम तिवारी के घुटनों में ड्रिल मशीन से छेद किए गये और पसलियों को लोहे के रॉड से मारकर तोड़ा दिया गया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। इस तरह की दिल दहला देने वाली भयावह हत्याएं योगी राज की पहचान बन गई हैं लेकिन भाजपा नेताओं और मुख्यमंत्री जी का दिल नही पसीजा क्योंकि हत्यारे भाजपा के नेता हैं। कार्रवाई के नाम पर सरकारी जमीनों पर उनके द्वारा किये गये कब्जों पर बुलडोजर चलाया गया किन्तु अपराधियों की निजी संपत्तियों की तरफबुलडोजर का रुख नहीं हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया है कि अपराधियों में ऐसा भेदभाव क्यों? केंद्र सरकार के मंत्री के घर में हत्या हो जाती है और हत्या में प्रयुक्त बेटे की पिस्तौल बरामद होती है लेकिन मंत्री के बेटे की गिरफ्तारी नहीं होती विधायक के घर में हत्या होती है कोई कार्रवाई के बजाय सिर्फ लीपापोती हुई। कल देवरिया में सामूहिक हत्याकांड की घटना ने पूरे देश को झगझोर रख दिया है।

राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराकर वाजिब हक दे केन्द्रः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने बिहार के जातीय सर्वे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कुछ दल इस सर्वे से असहज हैं। किन्तु इसका सही समाधान तभी होगा जब केन्द्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराकर उन्हें उनका वाजिब हक देना सुनिश्चित करेगी। सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि बिहार सरकार द्वारा कराए गए जातीय जनगणना के आँकड़े सार्वजनिक होने की खबरें आज काफी सुर्खियों में है तथा उस पर गहन चर्चाएं जारी है। कुछ पार्टियाँ इससे असहज ज़रूर हैं किन्तु बीएसपी के लिए ओबीसी के संवैधानिक हक के लम्बे संघर्ष की यह पहली सीढ़ी है। उन्होंने आगे लिखा कि बीएसपी को प्रसन्नता है कि देश की राजनीति उपेक्षित बहुजन समाज के पक्ष में इस कारण नया करवट ले रही है, जिसका नतीजा है कि एससी,एसटी आरक्षण को निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने तथा घोर ओबीसी व मण्डल विरोधी जातिवादी एवं साम्प्रदायिक दल भी अपने भविष्य के प्रति चिन्तित नजर आने लगे हैं। मायावती ने आगे कहा कि वैसे तो यूपी सरकार को अब अपनी नीयत व नीति में जन भावना व जन अपेक्षा के अनुसार सुधार करके जातीय जनगणना,सर्वे अविलम्ब शुरू करा देना चाहिए, किन्तु इसका सही समाधान तभी होगा जब केन्द्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराकर उन्हें उनका वाजिब हक देना सुनिश्चित करेगी।

एशियाड में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को मुख्यमंत्री ने सराहा

लखनऊ। एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के ऐतिहासिक प्रदर्शन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सराहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि एशियाई खेलों में हर दिन भारतीय खिलाड़ी इतिहास रच रहे हैं, देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। देश का प्रत्येक खिलाड़ी पदक के लिए नहींए देश के सपने को पूरा करने के लिए खेल रहा है और अब सरकार अपने खिलाड़ियों के सपने पूरे करेगी। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी ने युवाओं में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की कोशिशों के क्रम में ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों सहित विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं के पदक विजेताओं को उत्तर प्रदेश सरकार में नौकरी देने की नीति लागू की है। अब तक बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को इस नीति का लाभ मिला है। बीते वर्ष मुख्यमंत्री योगी ने ओलंपिक और पैरालम्पिक खेलों के पदक विजेताओं का सार्वजनिक सम्मान किया था।

प्रदेश के 57 जनपदों में शुरू होंगे मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय

● लखनऊ और बाराबंकी में 10 परिषदीय विद्यालयों को किया जाएगा अपग्रेड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के 57 जनपदों में योगी सरकार अत्याधुनिक सुविधा युक्त मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय की शुरुआत करने जा रही है। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ और बाराबंकी के मुख्य मार्गों पर अवस्थित 10 विद्यालयों को भी अपग्रेड किए जाने का प्रस्ताव है। इन विद्यालयों को योगी सरकार डेमो विद्यालय के रूप में विकसित करेगी, ताकि विभिन्न राज्यों और विदेश से लखनऊ आने वाले प्रतिनिधियों और मेहमानों को प्रदेश की बेहतर शिक्षा व्यवस्था और विकास से परिचित कराया जा सके।

परिषदीय विद्यालयों को अपग्रेड करने के प्रस्ताव के मुताबिक स्थलीय परीक्षण एवं प्रेरणा पोर्टल पर जियो टैग तकनीक के आधार पर गैप एनालिसिस कर इन विद्यालयों का चयन किया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद के अनुसार यह विद्यालय स्ट्रीमिंग और डेमॉन्सट्रेशन के लिए होंगे। लखनऊ में जो लोग आते हैं, उन्हें इसके माध्यम से दिखाया जाएगा कि राज्य शिक्षा नीति और राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्या होती है और उसे स्कूलों में कैसे लागू किया जाता है। इसके माध्यम से एक्सीलेंट लर्निंग और लर्निंग बाय डूईंग जैसे यूनीक कांसेप्ट को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही इसके प्रशिक्षण का भी आइडिया है। इस प्रोजेक्ट को इसी वर्ष शुरू किया जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार जनपदों द्वारा किए गए गैप एनालिसिस के आधार पर 10 परिषदीय कम्पोजिट विद्यालयों को अपग्रेड करने के लिए करीब 7 करोड़ रुपए के व्यय का अनुमान है। इस तरह प्रत्येक विद्यालय के उच्चीकरण और सुविधाओं से युक्त करने पर 66 लाख रुपए के खर्च का अनुमान है। इन विद्यालयों को मॉडल डेमो स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा जिसमे तमाम शैक्षणिक सुविधाओं के साथ साथ स्कूलों की सफाई और सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इन विद्यालयों में लैंग्वेज लैब के साथ कम्प्यूटर लैब की सुविधा उपलब्ध होगी। स्मार्ट क्लास का भी प्रस्ताव है। इसके साथ ही माड्यूलर साइंस लैब, रोबोटिक्स एवं मशीन लर्निंग लैब्स के अलावा वाई.फाई इनेबल्ड कैम्पस से लैस किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विद्यालयों में 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा कर्मी एवं सफाई कर्मी भी रहेंगे, जिन्हें बेसिक शिक्षा विभाग के आवर्तक बजट से नियुक्त किया जाएगा।

राधेश्याम बने औद्योगिक विकास एडवायजरी कमेटी के सदस्य

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने प्रदेश में तीव्र औद्योगिक विकास के लिए एक 'एडवायजरी कमेटी' का गठन किया है जिसमें प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों और अनुभवी लोगों को शामिल किया है। इसी क्रम में आनन्द डेयरी प्रोडक्स के चेयरमैन राधेश्याम दीक्षित को उनके सफलता और उपलब्धियों को देखते हुए इस नवगठित 'एडवायजरी कमेटी' का सदस्य मनोनीत किया गया है। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल नन्दी ने कहा कि राधेश्याम दीक्षित के अनुभव से प्राप्त उनके बहुमूल्य सुझाव प्रदेश की आर्थिक विकास यात्रा में बेहद कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि इनके सहयोग से उत्तर प्रदेश को इज ऑफ़ डूइंग बिजिनेस में नंबर वन बनाने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। कमेटी का सदस्य मनोनीत होने की प्रसन्नता जाहिर करते हुए राधेश्याम दीक्षित के कहा कि मुझे बहुत हर्ष हो रहा है कि देश और प्रदेश के आर्थिक विकास को और मजबूत करने की दिशा में प्रदेश सरकार ने जो संकल्प लिया है मैं उसका हिस्सा बन रहा हूं इसके लिए मैं उत्तर प्रदेश सरकार और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद करता हूं।

इंस्टाग्राम पर सीएम योगी के फॉलोअर्स की संख्या 70 लाख के पार हुई

● फॉलोअर्स की संख्या में पीएम मोदी व अमित शाह के बाद सीएम योगी का तीसरा स्थान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सोशल मीडिया पर सीएम योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता में हर नए दिन के साथ वृद्धि हो रही है। हाल ही में ट्विटर पर 2.5 करोड़ फॉलोअर्स का आंकड़ा पार करने के बाद अब सीएम योगी ने इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या में नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर सीएम योगी के फॉलोअर्स की संख्या 70 लाख का आंकड़ा पार कर गई है। फॉलोअर्स की इस संख्या को पार करने वाले सीएम योगी तीसरे भारतीय राजनेता हैं। उनसे पहले सिर्फ पीएम मोदी (7.97 करोड़) और गृहमंत्री अमित शाह (78 लाख) ही इस आंकड़े को पार कर सके हैं। उल्लेखनीय है कि देश के सबसे बड़े आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 2017 में सरकार बनने के बाद सीएम योगी ने जिस तरह राज्य में विकास और सुशासन के साथ-साथ कानून और व्यवस्था में व्यापक सुधार किए, उससे उनकी लोकप्रियता नए मुकाम पर पहुंच गई है। माई योगी डॉट आदित्यनाथ नाम से एक्टिव सीएम योगी ने मार्च 2015 में इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पदार्पण किया था। सोशल मीडिया पर उनकी सक्रियता का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि 2015 से लेकर अब तक सीएम योगी इंस्टाग्राम अकाउंट पर 3273 पोस्ट कर चुके हैं। इन पोस्ट्स में विभिन्न कार्यक्रमों में दी गई उनकी स्पीच के साथ ही कन्यापूजन करते, खिलाड़ियों समेत विभिन्न पर्सनालिटीज के साथ मुलाकात करते और ऐतिहासिक अवसरों पर सीएम द्वारा शुभकामना संदेश दिए गए हैंए जिन्हें लाखों लोगों ने लाइक और शेयर किया है। इंस्टाग्राम पर विपक्ष का कोई भी नेता उनके आसपास तक नहीं है। इंस्टाग्राम एक फोटो और वीडियो शेयरिंग नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म है। भारत और उत्तर प्रदेश में युवा वर्ग इसका सबसे बड़ा यूजर है।

सोशल मीडिया पर सीएम योगी की गिनती सबसे सक्रिय मुख्यमंत्री और राजनेता के रूप में होती है। हाल ही में सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 2.5 करोड़ फॉलोअर्स के आंकड़े को पार कर लोकप्रियता का नया कीर्तिमान बनाया था। एक्स पर फिलहाल सीएम योगी के 2.62 करोड़ फॉलोअर्स हो गए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी सक्रिय हैं। कू एप पर भी उनके फॉलोअर्स की संख्या 68 लाख है और इस प्लेटफॉर्म पर वह फॉलोअर्स के मामले में सबसे ऊपर हैं। हाल ही में सीएम योगी ने व्हाट्सएप चैनल पर भी एंट्री की है, जिसमें करीब 3 लाख (2.94 लाख) फॉलोअर्स जुड़ चुके हैं।

तहसीलदार के पद पर पहली महिला अधिकारी ने संभाला कार्यभार, महिला सशक्तीकरण में एक और कदम

● नियमित रूप से जनता दर्शन लगेगा, समस्या का होगा समाधान : नीलम तिवारी

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

महिला सशक्तिकरण में एक और अध्याय जुड़ा तहसीलदार के रूप में अभी तक नहीं हुई थी किसी महिला अधिकारी की नियुक्ति, नवागंतुक तहसीलदार नीलम तिवारी ने चार्ज लेकर बनाया इतिहास, एक भेट वार्ता मे नवागंतुक तहसीलदार नीलम तिवारी से शिष्टाचार मुलाकात हुई जिसमे उन्होंने बताया कि मै मूल रूप से गोरखपुर की मूल निवासी हू, 2015 में नायब तहसीलदार के रूप में जनपद बाराबंकी, चंदौली और गोरखपुर से अपनी सेवाएं शुरू की, 2020 में तहसीलदार के पद पर मेरा प्रमोशन हुआ तथा गोरखपुर की विभिन्न तहसीलों में तहसीलदार के पद पर रहकर कार्य किया ,गोरखपुर से जनपद लखीमपुर खीरी आई और मोहम्मदी का चार्ज मिला, उन्होंने बताया कि हमारी प्राथमिकता जनता दर्शन रहेगा जो नियमित रूप से फरियादी को सुनना और उसका निस्तारण करना रहेगा ,जनसुनवाई पोर्टल की लगातार मानीटरिंग मेरे

माध्यम से की जाएगी वही शिकायतकर्ताओं की समस्या का हल निकला या नहीं निकला शिकायतकर्ता से भी वार्ता लगातार मेरे माध्यम से की जाती रहेगी और उनसे फीडबैक भी लिया जाता रहेगा, उन्होंने कहा मेरे कार्यालय में बुजुर्ग महिला, पुरुष, दिव्यांग लोगो को चक्कर न लगाने पडे इसके लिए व्यक्तिगत रूप लेकर प्राथमिकता के आधार पर उनकी शिकायत का निस्तारण किया जाएगा जिससे ऐसे लोगों को निरंतर तहसील के चक्कर न लगाने पड़े, पराली के संबंध में उन्होंने बताया वह उपजिलाधिकारी के साथ में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है यह लगातार चलता रहेगा, एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा मीडिया हो अधिवक्ता बंधु हो सभी से सामंजस बनाकर कार्य किया जाएगा मुझे उम्मीद है कि मीडिया का सहयोग मुझे मिलेगा।

विधायक ने डीएम, सीडीओ संग किया तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन

● पीएम व सीएम के कार्यों का आइना है चित्र प्रदर्शनी : विधायक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उप्र द्वारा कलेक्ट्रेट में लगायी गयी तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का विधायक सदर योगेश वर्मा ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ फीता काटकर शुभारम्भ किया।

प्रदर्शनी के उदघाटन के पश्चात

सदर विधायक, डीएम व सीडीओ ने अन्य के साथ चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आमजन से अपील की है कि 03 अक्टूबर से 05 अक्टूबर तक सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर भारत सरकार व प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें।

विधायक सदर ने कहा कि यह चित्र प्रदर्शनी पीएम नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा किये गये विकास कार्यों का आईना है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि जनपद खीरी के लिए सौभाग्य का विषय है कि उप्र सरकार के माध्यम से सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विकासपरक व जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं निर्णयों पर आधारित सुन्दर और विस्तृत प्रदर्शनी लगायी गयी है।

डीएम ने कहा कि चित्र प्रदर्शनी केन्द्र व राज्य सरकार की विकास गाथा को प्रदर्शित कर रही है जिससे आमजन व शोधार्थियों को बहुत उपयोगी जानकारी प्राप्त होगी। प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त कर प्रदर्शनी का बेहतर ढंग से लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

बुजुर्गों की देखभाल के लिए जिला पुरुष चिकित्सालय में लगा परीक्षण शिविर, देखे गए 81 मरीज

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

एनपीएचसीई कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष बुजुर्ग देखभाल पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके पहले दिन जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा 81 मरीज को चिकित्सकीय सेवा प्रदान की गई।

जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेई ने बताया कि नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थ केयर ऑफ एल्डरली के माध्यम से बुजुर्गों को बेहतर देखभाल और चिकित्सीय सेवा दी जा रही है। इसी क्रम में सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी के नेतृत्व में जिला पुरुष चिकित्सालय

में एक कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीज को देखा गया। इस कैंप में 81 बुजुर्ग मरीज को सेवाएं प्रदान की गई। जिसमें उनकी जांच के साथ ही आवश्यकता अनुसार दवाएं भी वितरण की गई। साथ ही उनकी काउंसलिंग और फिजियोथेरेपी भी कराई गई। इस दौरान हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ और जनरल फिजिशियन द्वारा कैंप में सहभागिता की गई और अपनी सेवाएं प्रदान की गई।

अभिमुखीकरण कार्यशाला : बेहजम में बेटियों को बचाने और पढ़ाने का लिया गया संकल्प

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

खीरी में बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं के अंतर्गत दहेज उन्मूलन, बाल-विवाह रोकने, लैंगिक समानता के लिए संदेशों का प्रचार-प्रसार करने, इसे जीवन में उतारने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में ब्लॉकवार एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम चल रहा। सोमवार को ब्लॉक बेहजम में महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में एकदिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम हुआ।

कार्यशाला का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम ने दीप जलाकर किया। डीपीओ संजय निगम ने कहा कि सभी को संकल्प लेना चाहिए कि जन्म से पूर्व लिंग परीक्षण का विरोध करेंगे। बेटा एवं बेटी में भेद करने वाली हर सामाजिक कुरीतियों का बहिष्कार करेंगे। कन्या के जन्म का स्वागत करते हुए हर एक बेटी को पढ़ायेंगे। समुचित पोषण एवं गरिमामय व सशक्त जीवन प्रदान करने में सहायक होंगे और इस प्रतिज्ञा के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में सम्मिलित होते हुए अपना समर्थन प्रदान करते हैं।

कार्यशाला में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ वन स्टाफ सेंटर घरेलू हिंसा अधिनियम बाल विवाह दहेज प्रतिषेध

अधिनियम में स्थित महिला पेंशन हेल्पलाइन 1098, 1090, 181 आदि की जानकारी वन स्टाफ सेंटर महिला शक्ति केंद्र एवं जिला बाल संरक्षण समिति के कार्मिकों ने प्रदान की।

स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारी ने कहा द्वारा स्वास्थ्य संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान की। खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। डीपीओ संजय निगम ने पोषण किट प्रदान करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्रा बिष्ट, जिला समन्यवक निक्की गुप्ता एवं प्रशासिका वन स्टाफ सेंटर रश्मि चतुर्वेदी ने महिलापरक योजना की जानकारी प्रदान की।

ब्लाक नकहा में आयोजित कार्यशाला में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत हस्ताक्षर अभियान चला। जिसमें महिलाओं बालिकाओं ने प्रमुखता से प्रतिभाग करते हुए न केवल हस्ताक्षर किए बल्कि बेटियों के लिए अपने संदेश भी लिखें। कार्यक्रम का सफल संयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने किया।

गबन के मामले में बर्खास्त प्रधान गिरफ्तार

संडीला(हरदोई)। विकास कार्य कराने के नाम पर 5 लाख से अधिक धनराशि का गबन करने के प्रकरण में पूर्व में बर्खास्त किए गए ग्राम प्रधान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि इस प्रकरण में शामिल पंचायत सेक्रेट्री की पुलिस तलाश कर रही है। ब्लाक संडीला के अंतर्गत ग्राम गोस्वा डोंगा के ग्राम प्रधान अंकित कुमार पर यह आरोप था कि उन्होंनें गांव में सिकंदर के हाता से सूबेदार के मकान तक इंटर लॉकिंग मार्ग बनवाने के नाम पर पंचायत सेक्रेट्री देशरात गौढ़ के साथ मिलकर 5 लाख 14 हजार 508 रुपए की धनराशि का आहरण किया लेकिन यह सड़क सिर्फ कागज़ों में ही बनी, कोई कार्य नहीं हुआ। इस घटना की शिकायत सत्तारूण नेताओं द्वारा उच्च अधिकारियों से की गयी जिसकी जांच जिलाधिकारी के आदेश पर मुख्यविकास अधिकारी ने की और यह मामला पूरी तौर पर फर्जी पाया गया। इसपर उन्होंनें खण्ड विकास अधिकारी को बर्खास्त करने और एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। ग्राम प्रधान अंकित कुमार को बर्खास्त कर दिया गया। इस घटना की रिपोर्ट बीडीओ ने कोतवाली संडीला में दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार बर्खास्त ग्राम प्रधान अंकित कुमार को मोहम्मदपुर बाजार से गिरफ्तार कर लिया गया हालांकि पंचायत सेक्रेट्री देशराज गौढ़ अभी तक पुलिस के हाथ नहीं आया। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही है।

अंडरपास निर्माण स्थल परिवर्तन की मांग

संडीला(हरदोई)। लखनऊ हरदोई हाईवे पर प्रस्तावित अंडरपास के स्थान परिवर्तन की मांग ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष द्वारा केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं प्रधानमंत्री से की गयी है। ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष डॉ0 उमेश सूर्या ने भेजे गए अपने ज्ञापन में कहा है कि एनएचआई द्वारा जो अंडरपास संतकृपाल नगर गेट से सम्राट चन्द्रगुप्त स्मारक पार्क के पास प्रस्तावित है, उसके कारण लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिलने के बजाए उन्हें और अधिक गंभीर समस्या का सामना करना पडेगा क्योंकि यही पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और नवीन मण्डी समिति है जहां वैसे ही जाम की समस्या बनी रहती है। यदि प्रस्तावित अंडरपास उक्त स्थान पर बना दिया गया तो समस्या और गंभीर हो जाएगी।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान का हुआ आगाज, विधायक ने किया शुभारंभ

● शहर से गुजरी जागरूकता रैली, वेक्टर कंट्रोल वाहन, किया जागरूक संचारी रोगों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास का लिया संकल्प, विधायक ने दिलाई शपथ सामूहिक सहयोग से संचारी रोगों पर होगा नियंत्रण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

सोमवार को कलेक्ट्रेट से संचारी रोग नियंत्रण अभियान का भव्य आगाज हुआ। विधायक योगेश वर्मा ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ के साथ अभियान का दीप जलाकर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद जन जागरूकता रैली, वेक्टर कंट्रोल वाहनों का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया।

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में ना केवल सरकार की ओर से किए गए प्रयासों का जिक्र किया

बल्कि सकारात्मक परिणाम भी गिनाएं। संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए सामूहिक रूप से सहयोग जरूरी है। सरकार ने भारत में स्वास्थ्य सेवा को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाया है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और सस्ती दोनों बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरन्तर सुविधाएं बढ़े, इसे लेकर सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मी अभियान के द्वारा आमजन को संचारी रोग के प्रति जागरूक करें। आपसी सामंजस्य बनाकर संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए शुरू हो रहे इस अभियान को सफल बनाएं। इस संदर्भ में जिन विभागों को जो भी जिम्मेदारियां दी गयी हैं। उसका पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन किया जाए। डीएम ने निर्देश दिया कि अभियान के दौरान आमजन में इस बात का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए कि संचारी रोग से पीड़ित होने पर बिल्कुल भी झोलाझाप चिकित्सकों के चक्कर में न पड़ें। बल्कि सरकारी चिकित्सालयों से सम्पर्क कर उपचार कराएं।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सहयोगी विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा लोगों को घर-घर जाकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जाए। जिससे संचारी रोगों से लोगों को ग्रसित होने से बचाया जा सके। साथ ही इस दौरान सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। दस्तक अभियान के तहत टीमें डोर टू डोर दस्तक देकर संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक करेंगी। वहीं दूसरी ओर संचारी केसों को ट्रेस करेंगी।

कलेक्ट्रेट में आयोजित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक योगेश वर्मा ने डीएम, सीडीओ, सीएमओ ने बच्चों, अभिभावकों सहित अधिकारी कर्मचारियों के संग शपथ ली कि यदि कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित होगा, उसके परिवार को तुरन्त इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करेंगे।

अगर किसी को 15 दिनों से अधिक बुखार हो या बुखार के साथ सॉस लेने में तकलीफ हो तो इसकी जानकारी तुरन्त नजदीकी आशा कार्यकत्री को अवश्य देगे। सब मिलकर दिमागी बुखार एवं अन्य संक्रामक रोगों को हराने का संकल्प ले।

नवागत जिलाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत जनता दर्शन में सुनी जनसमस्याएं

● जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं यथाशीघ्र निस्तारण करने के दिये निर्देश

संवाददाता। बरेली

नवागत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज पदभार ग्रहण करने के उपरांत जन सुनवाई करी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं यथाशीघ्र निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी कार्यालय में समस्त कार्यदिवसों में प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें। जनशिकायतों पर मात्र आदेश देने की औपचारिकता न करके सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि यदि किसी प्रार्थी की समस्या ज्यादा समय से लम्बित है तो दूरभाष पर राजस्व व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित कर प्राप्त समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। विशेष कर भूमि सम्बन्धी विवाद में उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी यदि आवश्यक हो तो राजस्व व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे कि समस्या का स्थायी रूप से निराकरण हो सके।जिलाधिकारी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान जनप्रतिनिधियों से प्राप्त जनसमस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाये। सरकारी सीयूजी नम्बर पर अधिकारीगण स्वयं उत्तर दें एवं जनप्रतिनिधियों से दूरभाष पर भी सम्पर्क में रहें, जिससे जनपद में समन्वित रूप से जनसमस्याओं का निस्तारण हो सके।

प्रदेश में आई0जी0आर0एस0 की प्रणाली लागू है अगर शिकायतों का निस्तारण समय पर हो तो जनपद की रैंक अच्छे स्तर पर रहेगी। अधिकारियों से अपेक्षा है कि नियमित रूप से आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन, संपूर्ण समाधान दिवस व थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की जाये।

नवागत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने संभाला कार्यभार

संवाददाता। बरेली

नवागत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज पूर्वान्ह कलेक्ट्रेट पहुंचे। सर्वप्रथम पुलिस के जवानों द्वारा गॉड ऑफऑनर दिया गया।

जिलाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व जिलाधिकारी ने प्रशासनिक कार्यालय, राजस्व अभिलेखागार, सामान्य अभिलेखागार, फौजदारी अभिलेखागार, शस्त्र अभिलेख, आईजीआरएस, एकीकृत कमान सेन्टर, जिला निर्वाचन कार्यालय, विशेष भूमि अध्याप्ति कार्यालय, जिला संग्रह कार्यालय व खाद्य सुरक्षा एवं औषधि आदि कार्यालय का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देश दिये कि अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से रखा जाये।जिलाधिकारी ने ऐसे विभाग जिनकी सबसे ज्यादा शिकायतें आती हैं तथा पांच ऐसे गांव व अर्बन एरिया जहां सबसे ज्यादा शिकायतें आती हैं उनकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नगर को निर्देश दिये कि एकीकृत कोविड कमाण्ड सेंटर के माध्यम से समस्त सी0एच0सी0ध्पी0एच0सी0 केन्द्रों का फीडबैक लिया जाये कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर आम जनमनास को दवा मिल रही है या नहीं।

चिकित्सकों की उपस्थिति रहती है या नहीं। उन्होंने निर्वाचन कार्यालय में निरीक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिये कि नये मतदाता वोटरों को बढ़ाया जाये तथा मतदाता पुनरीक्षण सूची में प्रत्येक मतदाता का डाटा वेरीफाई कराया जाये। उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यालयों में 8 से 10 घण्टे व्यतीत करते है इसलिये कार्यालय का परिवेश साफ-सुथरा होना जरूरी है।

अत: सफाई व्यवस्था बेहतर बनायी रखी जाये।उक्त के उपरांत जिलाधिकारी ने कोषागार पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद बरेली के विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

जनपद के विकास कार्यों में और गति लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचे इस पर भी विशेष जोर दिया जाएगा।निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी (वित्तध्राजस्व) संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट रेनू सिंह, अपर नगर मजिस्ट्रेट नहने राम, मुख्य कोषाधिकारी शैलेश कुमार, कोषाधिकारी विश्व बन्धु गौतम सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

चार अवैध शराब विक्रेता गिरफ्तार

सिंगाही खीरी। थाना पुलिस ने विभिन्न स्थानों से 4 शराब बेचने वालों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय भेजा है।

थानाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह ने उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, कौशल सिंह , रामभवन आदि के साथ बुधवार की रात जांच अभियान चला कर शराबी बेचने वालों अलग अलग जगहों से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 78 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ कर उनके खिलाफ शराब अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। मुन्नालाल निवासी निबौरिया 20 लीटर, रमेश निबौरिया 20 लीटर, सोनू निवासी पोखरी 20 लीटर, परशुराम निवासी पुखरी 18 लीटर अलग अलग जगहों से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के खिलाफ शराब अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। यह सभी आरोपी अलग-अलग जगह प्लास्टिक की पिपिया में कच्ची देसी शराब बेच रहे थे जिन्हें पुलिस ने पकड़ कर शराब अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफइंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी में व्याख्यान का आयोजन

संवाददाता। बरेली

श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग ने मंगलवार को एक व्याख्यान का आयोजन किया। यह व्याख्यान 1996 बैच के एल्यूमनी और इसरो में वैज्ञानिक पायल अग्रवाल के प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के प्रारम्भ में डीन एकेडमिक्स डा. प्रभाकर गुप्ता और ट्रेनिंग डेवलवमेंट एंड प्लेसमेंट के निदेशक डा.अनुज कुमार ने पायल अग्रवाल का स्वागत किया तथा छात्र-छात्राओं को उनके बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इसरो में वैज्ञानिक पायल अग्रवाल वर्ष 1996 में श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा रही हैं। इन्होंने चंद्रयान 3 अभियान में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। पायल ने नियंत्रण एक्कुएशन सिस्टम विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा छात्र - छात्राओं के मन में उठने वाले विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया। संस्थान के न्यू सेमीनार हाल में आयोजित इस व्याख्यान में बी.टेक तृतीय वर्ष और अंतिम वर्ष के छात्र दृ छात्राओं के साथ ही श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च के छात्र व छात्राओं ने भी हिस्सा लिया।

पैत्रिक निवास पहुंचने पर गर्म जोशी के साथ जिला अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

संवाददाता। बरेली

भारतीय जनता पार्टी जिला बरेली के पुन: जिला अध्यक्ष बनने के उपरांत प्रथम बार अपने गृह विधानसभा बहेड़ी आने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बहुत ही गर्म जोशी से जिला अध्यक्ष पवन शर्मा का स्वागत अभिनंदन किया।बहेड़ी के कनमन में पूर्व मंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार व पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल व आतिशबाजी के साथ पुन: जिला अध्यक्ष बनने पर स्वागत व अभिनंदन किया। इसके उपरांत गन्ना उत्पादक महाविद्यालय में वहाँ के प्रधानाचार्य हरिकेश सिंह ने व नगर अध्यक्ष सुनील रस्तोगी व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जिला अध्यक्ष पवन शर्मा का माला पहना कर स्वागत किया।बहेड़ी सीमा से बहेड़ी नगर तक सैकड़ो गाड़ियों के काफिले के साथ जिला अध्यक्ष पवन शर्मा के स्वागत में रोड शो निकाला गया, जगह जगह सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। बहेड़ी विधानसभा के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राम लीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में फूल माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया।जिला अध्यक्ष पवन शर्मा ने बहेड़ी विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं के असीम प्रेम के लिए उनका धन्यवाद किया और कहा कि मैं सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाता हूं के उनके मान सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तैयार रहूंगा।आप सभी के प्यार व सहयोग से ही मुझे शीर्ष नेतृत्व ने दुबारा जिला अध्यक्ष बना कर संगठन की जिम्मेदारी दी है। जिला अध्यक्ष पवन शर्मा ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां घर घर तक पहुचाते हुए आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वाहन किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग संतुष्ट है, मोदी जी की नीतियों के कारण आज भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

सड़क किनारे सो रहे मजदूर पर चढ़ाई कार

बरेली। सड़क किनारे सो रहे एक मजदूर पर बैक हो रही कर चड गई जिससे मजदूर के दोनों पर घायल हो गए उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।इज्जत नगर थाना क्षेत्र की बन्नू बाल कॉलोनी निवासी मनोज को आज सुबह इलाज के लिए घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि मनोज डेलापीर फल मंडी में मजदूरी करता है और आज सुबह तड़के मजदूरी करने के बाद वह मंडी के पास ही सड़क किनारे सो गया इसी दौरान तेजी से बैक हो रही एक कर उसके दोनों पैरों पर चढ़ गई चीख पुकार सुनकर लोगों की भीड़ मौके पर लग गई कर चालकने वाहन छोड़कर भागने की कोशिश की लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया और घटना की जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू करते हुए घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा ।

ऑटो चालक की पिटाई पर भड़के ऑटो चालक, किया प्रदर्शन

संवाददाता। बरेली

ऑटो रिक्शा टेंपो चालक वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले ऑटो चालकों ने जिला अधिकारी गेट पर प्रदर्शन करने के उपरांत, जिला अधिकारी कार्यालय में एसीएम प्रथम और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर अपनी नाराजगी जताई। संगठन के अध्यक्ष कृष्ण पाल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया , 22 सितंबर को सैटलाइट बस स्टैंड के समीप सीएनजी पम्प से गैस भरवा कर निकलते समय सीएनजी के टैंकर के चालक से ऑटो चालक वीरपाल की नोक झोक हो गई। इसी दौरान वहां ट्रैफिक के सब इंस्पेक्टर कमलेश अपने एक आरक्षी के साथ वहां आ गए और उसके साथ मारपीट की । इसकी शिकायत पूर्व में उच्च अधिकारियों से की गई । शिकायत की जानकारी मिलने पर टी एस आई ने समझौते का दवाव बनाया। कहना न मानने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। बताया समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी हुई वीरपाल के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। उन्होंने निष्पक्ष जांच करने की मांग की।

महिला समेत धोखाधड़ी में लिप्त गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

● सोने-चांदी के जेवर, फर्जी पासबुक-चेकबुक आदि बरामद

संवाददाता। चित्रकूट

कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में पुलिस एवं स्वाट टीम ने धोखाधड़ी में चार लोगों को जेवर व फर्जी दस्तावेज समेत गिरफ्तार किया।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पत्रकारों को बताया कि 29 अगस्त को रमेश सोनी पुत्र पन्नालाल सोनी निवासी शंकर बाजार कर्वी ने कोतवाली में सूचना दी कि 23 अगस्त को दिनेश कुमार मिश्रा पुत्र रामाधार मिश्रा निवासी एफ-215 गोपाल सदन चैतन्य विहार फेस-2 वृंदावन जिला मथुरा हाल मुकाम कान्हापुर थाना मछली शहर जिला जौनपुर ने प्लाट दिलाने के नाम पर 225 ग्राम सोना व 12 लाख रुपये ले लिये हैं। इसी तरह जिले में कई लोगों से जमीन बेचने के नाम पर तकरीबन दो करोड़ रुपये लेकर फरार हो गया है। सूचना पर मामला दर्ज किया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्वाट/सर्विलांस टीम प्रभारी व कर्वी कोतवाल ने आरोपी दिनेश कुमार मिश्रा, माधुरी मिश्रा उर्फ मनोजा यादव पत्नी दिनेश मिश्रा निवासी बरपुर सगरे थाना मछली शहर जिला जौनपुर को बेड़ी पुलिया से गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर मनोज पाण्डेय व रामनारायण सोनी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 222 ग्राम सोना, छह जोड़ी पायल, 34 पीस बिछिया, विभिन्न बैंको की पासबुक, चेकबुक व फर्जी आधारकार्ड बरामद किये। बरामदगी पर धारायें बढाई गईं। आरोपी दिनेश मिश्रा के खिलाफ पहले भी विभिन्न राज्यों उप्र, मथुरा, सीतापुर, महाराष्ट्र व मप्र में धोखाधड़ी व जालसाजी के मामले दर्ज हैं। टीम में निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल, दीवान जितेन्द्र कुमार, दीवान प्रदीप कुमार, सिपाही रोहित सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, आदि शामिल रहे।

सपा ने सुदामा प्रकरण को दी राजनीतिक षड्यंत्र की संज्ञा

संवाददाता। उरई, जालौन

सपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुदामा दीक्षित के प्रकरण को लेकर मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा आधा दर्जन से अधिक विधायकों के भेजे गए डेलिगेशन ने जहां एक और जिला कारागार पहुंचकर सुदामा दीक्षित से मुलाकात की तो वही बाद में क्षीरसागर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान स्पष्ट कहा कि सुदामा दीक्षित को नियोजित षड्यंत्र के तहत जेल पहुंचाया गया है।

समाजवादी पार्टी इस अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी सड़क से लेकर सदन तक न्याय के लिए लड़ाई लड़ेगी। ऊंचाहार विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा मुख्य संचेतक विधानसभा मनोज पांडे के नेतृत्व में आए आधा दर्जन से अधिक विधायकों के डेलिगेशन ने सुदामा दीक्षित मामले को क्षीर सागर परिवार की प्रतिष्ठा और सामाजिक छवि को बिगारने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व ब्लाक प्रमुख को न्याय दिलाने के लिये पार्टी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने में पीछे नहीं रहेगी। समाजवादी पार्टी के ऊंचाहार विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोज पांडे ने कहा कि न्याय के लिए सभी को खड़ा होना चाहिए।

प्रेम प्रसंग में साली ने कराई थी जीजा की हत्या

● एसपी वृंदा शुक्ला ने किया मामले का खुलासा

संवाददाता। चित्रकूट

प्रेम प्रसंग में साली ने जीजा से अवैध संबंध के चलते पति की हत्या करवा दी। ये घटना कोतवाली कर्वी के कपसेठी गांव की है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने पत्रकारों से बताया कि 16 सितंबर को सुनीता देवी ने कर्वी कोतवाली में पति रामबरन की हत्या का मामला अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज कराया था। रामबरन का शव बन्धोइन नहर के पास मिला था। विवेचक आशुतोष तिवारी ने मुखबिर की सूचना पर घटना का खुलासा किया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हरिश्चंद्र पुत्र नाथू, संगीता पत्नी हरिश्चंद्र व पिंकी पत्नी रामबरन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा भी बरामद किया है। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि ये मामला प्रेम प्रसंग का निकला। पिंकी व हरिश्चंद्र में प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी पति रामबरन को हो गई थी। पिंकी व हरिश्चंद्र तथा बहन संगीता ने मिलकर रामबरन की हत्या कर शव बन्धोइन नहर के पास फेंक दिया था। शिनाख्त न हो, इसलिए पेट्रोल से शव को जलाने का प्रयास किया। हरिश्चंद्र ने रामबरन को दावत को अपने घर बुलाया। वहां शराब पिलाकर मारपीट की। हरिश्चंद्र व संगीता ने रस्सी से उसका गला घोंट कर हत्या कर दी। पहचान छुपाने को चेहरे पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

सौरभ यादव बने नये एसडीएम सदर

चित्रकूट। सदर एसडीएम राज बहादुर का ललितपुर स्थानांतरण हो जाने के बाद मंगलवार को डीएम अभिषेक आनंद ने निर्देश पर सौरभ यादव ने सदर एसडीएम का पदभार ग्रहण कर लिया है। पहले दिन उन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों से मुलाकात कर सभी को शासन की मन्शानुरूप जनहित में कार्य करने के निर्देश दिए। नवागंतुक सदर एसडीएम सौरभ यादव ने कहा कि शासन की योजनाओं का पात्र गरीबों को लाभ दिलाना एवं जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर उन्हे राहत पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।

मिट्टी का टीला धंसने से तीन बच्चे दबे

राजापुर, चित्रकूट। जिले के राजापुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बरुवा के मजरा गंज गांव के दलित परिवार के तीन बच्चे खेलते खेलते मिट्टी के टीले के पास पहुंच कर खेल रहे थे कि अचानक मिट्टी का टीला गिर गया। जिसमे तीन नवनिहाल बच्चे दब गए। वही पर मौजूद एक चरवाहे की पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने कडी मशक्कत के बाद तीनो बच्चों को निकाला। बच्चों की गंभीर हालत को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा डॉक्टरो ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया है। गांव के सिद्धार्थ पुत्र कामता उम्र 10 वर्ष , राममुरत पुत्र बहगुन उम्र 9 वर्ष, आदर्श पुत्र कामता उम्र 8 वर्ष तीनो बच्चे सुबह करीब 8 बजे टीले के पास खेल रहे थे।तभी अचानक तेज आवाज के साथ टीला टूट कर तीनों बच्चों के ऊपर गिर गया। एसडीएम से पूर्व प्रधान ने परिवार की मदद की मांग की है।

प्रदर्शनी से मिल रही है शासन की योजनाओं की जानकारीः चेयरमैन

चित्रकूट। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सीडीओ अमृतपाल कौर, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने श्रीमंत श्याम एडवरटाइजमेंट सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से प्रदेश सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया।

मंगलवार को भजन संध्या स्थल सीतापुर में प्रदर्शनी का शुभारम्भ कर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि भारत सरकार व उप्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शनी से लेकर ज्यादा लोग लाभान्वित हो। जिला सूचना अधिकारी सुरेंद्र कुमार, लेखाकार मोहन कुमार श्रीवास्तव ने प्रदर्शनी में आए अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय, शिवाकांत पांडेय, तीरथ तिवारी, सुरेश अनुरागी आदि मौजूद रहे। सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज के छात्र-छात्रायें एवं शिक्षक मौजूद रहे।

शेरगढ़ यमुना पुल से वाहनों का आवागमन प्रारम्भ हुआ

जालौन, उरई। लगभग छह माह से बंद शेरगढ़ घाट यमुना पुल को मरम्मत पूरी होने के बाद सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने मंगलवार को खुलवाया। छह माह बाद पुल से होकर यातायात सामान्य हो गया है। शेरगढ़ घाट यमुना पुल लगभग छह माह पूर्व मरम्मत के लिए बंद कर दिया गया था। पहले पुल से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई। इसके बाद लगभग डेढ़ माह पूर्व पुल से होकर सभी प्रकार के वाहनों का निकलना बंद कर दिया गया। जिसके चलते लोगों को औरैया पहुंचने में दिक्कत हो रही थी। भारी वाहनों साथ ही दो पहिया वाहनों को भी टोल टैक्स देकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे होकर औरैया पहुंचना पड़ रहा था। अब पुल की मरम्मत का कार्य पूरा हो चुका है।

राज्यमंत्री ने नवजात बालिकाओं की माताओं को वितरित किए बेबी किट

संवाददाता। फतेहपुर

महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने विकास भवन सभागार में आंगनबाड़ी, आशा कार्यकत्रियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व महिला प्रधानों के साथ संवाद किया। शुभारंभ राज्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं प्रीति, सोनाली, हेमा, निशी अंसारी, सुनैना की गोदभराई व धात्री महिलाओ के बच्चों तनिश, मो. अरमान, सुंदरम, विनायक, वंश पटेल को अन्नप्रासन, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंर्तगत कन्या जन्मोत्सव में दस नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट प्रदान किए। उनके स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति सजग रहने के लिए भी कहा।

उन्होंने महिला ग्राम प्रधानों से संवाद करते हुए कहा कि अपनी ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्यों को स्वयं देखे और पंचायत भवन में कराए जा रहे कार्यों कुटुंब रजिस्टर, घरौनी, छूटे हुए लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाना, निराश्रित, वृद्धा, दिव्यांग पेंशन से छूटे लाभार्थियों को नियमानुसार पेंशन योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित किया जाये। साथ ही अपने ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केन्द्रों का समय-समय पर निरीक्षण करते रहें। समूह की महिलाओं से संवाद के दौरान कहा कि समूह की महिलाएं अपना स्वयं का उत्पाद बनाकर बाजार में बिक्री कर आत्मनिर्भर बने। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओ एवं किशोरियों के स्वास्थ्य व पोषण पर ध्यान दें।

भ्रष्टाचार पर सरकार गंभीर, होगी कार्रवाईः प्रतिभा शुक्ला

फतेहपुर। विभाग द्वारा दिये जा रहे पोषाहार का समय से वितरण, केंद्रों की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने, शिकायतों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी। सरकार द्वारा बच्चों के लिये दी जाने वाली पुष्टाहार की चोरी करना भिखारी के कटोरे से चोरी के बराबर है। ऐसा करने वाले दोषियों को कतई बख्शा नहीं जायेगा उन पर कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास एव पुष्टाहार विभाग की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही।

क्विक न्यूज

रिश्वते लेते महिला लेखपाल गिरफ्तार

घाटमपुर। एन्टी करप्शन की टीम ने एक महिला लेखपाल को घूस लेते रंगे हाथ पकडा है, एन्टी करप्शन की टीम ने घाटमपुर तहसील गेट के सामने संचालित एक जनसेवा केंन्द्र के संचालक को भी हिरासत में लिया है अंजली यादव नामक उक्त लेखपाल घाटमपुर तहसील के दौलतपुर सर्किल में तैनात बतायी जाती है। एसडीएम रामानुज ने बताया कि लेखपाल पुलिस हिरासत में है बाकी जानकारी की जा रही है। अजंली यादव महानगर के हनुमंन्त बिहार में रहती है और वहीं पर एन्टी करप्शन की टीम ने पकड़ा है।

दुकानदारों ने अतिक्रमण के खिलाफ डीएम को दिया ज्ञापन

फर्रुखाबाद। शिव मन्दिर के सामने दुकानदारों के अतिक्रमण से लोगों में आपत्ति है। जिसके विरोध के चलते लोगों नें जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा है।दरअसल रोडबेज बस अड्डे के बाहर प्राचीन शिव मंदिर है। लिहाजा उसमे पूजा-अर्चना के श्रद्धालु आते हैं। लेकिन सुबह से ही मन्दिर के सामने ठेली लगाकर दुकानदार खड़े होते है जिससे मन्दिर नजर नही आता और आनें-जानें वाले लोगों को असुबिधा होती है। जिसके विरोध में अन्तराष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश मम्त्री अखिलेश पाण्डेय, जिला संयोजक जितेन्द्र कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवम त्रिपाठी आदि रहे।

छात्रों के दो गुटों में जमकर चले लात घूंसे

कोंच, जालौन। मंगलवार की शाम नगर के तिराहे मार्कण्डेयश्वर पर बीच सड़क पर उस समय अफरा-तफरी मच गयी जब छात्र एक दूसरे पर लात घूंसे और बैल्ट चलाने लगे। मारपीट की घटना का किसी ने वीडियो बना लिया जो अब सोशल साइट्स पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के बाद हरकत में आई पुलिस अब मारपीट में शामिल छात्रों की पहचान करने में लग गयी है। फिलहाल एक पक्ष पुलिस को तहरीर देने के लिए कोतवाली पहुंचा है। बताया जा रहा है कि उक्त छात्र ग्रामीण क्षेत्र के हैं और नगर में संचालित कोचिंग सेंटर के छात्र हैं और किसी बात को लेकर छात्रों के बीच मारपीट हो गयी। मारपीट का यह मामला किसी लड़की से जोड़कर भी बताया जा रहा है।

एसओ सिरसा कलार ने वारंटी को फिर किया गिरफ्तार

कुर्वैद, जालौन। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईराज राजा के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी जालौन रविंद्र गौतम के मार्गदर्शन में तथा सिरसा कलार प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील के नेतृत्व में सिरसा कलार पुलिस टीम के द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम जुर्म, चेकिग संदिग्ध व्यक्ति, अपराधियों की चेकिंग के दौरान लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहे वारंटी बलवीर सिंह पुत्र कन्हैया लाल निवासी ग्राम जीतामऊ को जीतामऊ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के खिलाफसिरसा कलार थाना में मुकदमा अपराध संख्या 503/99 व 39/99 धारा 323, 504 भादवि के तहत गिरफ्तार किया गया।

अग्रहरि समाज के मनोनीत नगर अध्यक्ष का किया स्वागत

फतेहपुर। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद ने अग्रहरि समाज के नवमनोनीत नगर अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रहरि का माला व पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया। नवमनोनीत अध्यक्ष ने समाज को विश्वास दिलाया कि अपने दायित्वों पर खरा उतरेंगे। परिषद के जिलाध्यक्ष अरूण जायसवाल एड. व राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्त के संयुक्त नेतृत्व में पीलू तले चौराहा पर अग्रहरि समाज के नवमनोनीत नगर अध्यक्ष व वैश्य एकता परिषद के जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र अग्रहरि का स्वागत किया। परिषद के युवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिम्पल ने कहा कि नगर अध्यक्ष के मनोनयन से अग्रहरि समाज के उत्थान के साथ-साथ वैश्य एकता परिषद को भी बल मिलेगा।वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्त ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सत्येंद्र ऊर्जावान कार्यकर्ता हैं, परिषद में उपाध्यक्ष पद का दायित्व निर्वहन के साथ-साथ अग्रहरि समाज का भी नगर अध्यक्ष का दायित्व प्राप्त हुआ है।

मेडिकल स्टोरों के निरीक्षण में फार्मासिस्ट मिले नदारद

फर्रुखाबाद। मेडिकल स्टोरो के निरीक्षण में फार्मासिस्ट मिले नदारद आज जिला औषधि निरीक्षक फर्रुखाबाद रजत कुमार पांडे द्वारा कमालगंज स्थित गहरवार मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षक किया गया। निरीक्षण के दौरान दो संदिग्ध औषधियों के नमूने भरे गए। निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए। प्रोपराइटर द्वारा नियमित विक्रय अभिलेख जारी नहीं किया जा रहा था। इसकी पश्चात नारायणपुर गढ़िया रोड स्थित मास्टर मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान फार्मासिस्ट कार्यरत नहीं पाए। औषधियों के नमूने भरे गए। फर्म से 10 प्रकार की औषधियां के क्रय एवं विक्रय अभिलेख फर्म के प्रोपराइटर से मांगे गए हैं। फर्म पर साफ सफाई की उचित व्यवस्था नहीं पाई गई है। भरे गए सभी चार औषधी को राजकीय प्रयोगशाला उत्तर प्रदेश लखनऊ भेजा गया है।

सांसद, विधायक समेत डीएम ने स्वच्छता के लिए गंगा नदी तट पर किया श्रमदान

संवाददाता। फर्रुखाबाद

जिला गंगा समिति के तत्वाधान में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम का आयोजन गंगाघाट पांचाल घाट पर किया गया। जिसके अंतर्गत प्लचरा मुक्त घाट- कचरा मुक्त भारत् विषय पर गंगाघाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मुकेश राजपूत ,विशिष्ट अतिथि विधायक सुशील शाक्य एवं जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह जी उपस्थित रहे। सभी अतिथिगणों ने मिलकर गंगा घाट पर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया जिसके अंतर्गत घाट पर फैली गंदगी को साफ किया गया। इस अवसर पर लोगों को स्वच्छता अभियान के साथ-साथ प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं जनभागीदारी के लिए जागरूक किया गया। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि स्वच्छता हम सभी का परम कर्तव्य है। महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता के लिए संदेश दिया था जिसको हम सभी को मिलकर साकार करना है। हमारा दायित्व है कि हम अपने भारत देश को स्वच्छ बनाएं। जितना हो सके अपने देश को, अपने वातावरण को साफ-सुथरा रखें।

दबंगों ने की मारपीट, मुकदमा लिखाने पर फायरिंग

फर्रुखाबाद। नाली का पानी निकलने के विवाद में दबंगों ने मारपीट कर दी। जिसमे दो ग्रामीण घायल हुए जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं जब पीड़ित नें आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी तो दबंगों नें घर पर चढ़कर फायरिंग कर दी। जिससे भगदड़ मच गयी। गाँव में सन्नाटा पसर गया मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गडिया तेरा निवासी मान सिंह नें बीते दिन मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमे कहा कि बीते 29 सितम्बर को दोपहर 2 बजे गांव के ही अवधेश व जगदीश सिंह, अजय उर्फ दीपू, इंद्रेश सिंह, सचिन ने उनके भाई संजीब कुमार के साथ ही अमित कुमार पुत्र मनोज कुमार को लाठी डंडो से पीट दिया, इसके साथ ही धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया। पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई दोनों पक्षों पर की है।

मरीज की मौत पर हंगामा नर्सिंग होम किया सील

फतेहपुर। शहर के शान्तीनगर स्थित एक निजी नर्सिंग होम में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा काट दिया। हंगामा देख अस्पताल संचालक समेत स्टाफ फरार हो गया। जब इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को हुई तो टीम ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को शांत कराया और अस्पताल को सील करते हुए संचालक से तीन दिनों के अंदर अस्पताल का पंजीकरण प्रमाण पत्र व मरीज के उपचार संबंधी प्रपत्रों को तलब किया है। बताते चलें कि हथगाम थाना क्षेत्र के अकबरपुर सोराही गांव निवासी सूरजपाल (55) को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए शहर के शान्तनगर स्थित संगम हेल्थ केयर सेंटर में परिजनों ने भर्ती कराया। चिकित्सक उसका इलाज कर रहे थे तभी उसकी मौत हो गई। अचानक हुई मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा काट दिया। हंगामा देख अस्पताल संचालक व स्टाफ फरार हो गया। परिजनों ने चिकित्सक पर गलत इलाज करने का आरोप मढ़ा।

रूरा का दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना में हुआ चयन

कानपुर देहात। रूरा चैयरमैन रामजी गुप्ता के प्रयासों से रूरा नगर पंचायत का पं दीनदयाल उपाध्याय आर्दश नगर पंचायत योजना के तहत चयन किया गया है। वर्ष 2018 से शुरू की गयी इस योजना से प्रत्येक वर्ष जनपद की एक नगर पंचायत को उसकी अवस्थापना सुविधायें विकसित करने के लिये आबादी के अनुसार धनराशि आवंटित की जाती है। रूरा नगर पंचायत को वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार आबादी के हिसाब से 3 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित कर अवस्थापना सुविधायें विकसित किये जाने पर नगर पंचायत के विकास सहित समस्याओं के समाप्त होने की संभावनायें बढ़ गयी हैं।

5 अक्टूबर को होगा रोजगार मेले का आयोजन

कानपुर देहात। शासन के निर्देशों के क्रम में जिला रोजगार सहायता अधिकारी शशि तिवारी ने बताया कि पुरुष/महिला बेरोजगारों के लिए 5 अक्टूबर को, स्थान जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर, कानपुर देहात में प्रातः 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसमें 6 कंपनिया प्रतिभाग कर रही है। शैक्षिक योग्यता इंटर , स्नातक, आईटीआई उर्तीण अभ्यर्थी रोजगार मेले सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों का सेवायोजन कार्यालय का पंजीकरण आवश्यक है। जिसे सरल प्रक्रिया द्वारा बेवसाइट से किया जा सकता है। अभ्यर्थी अपने पंजीयन आईडी की सहायता से उपरोक्त बेवसाइड पर लॉगिन करें एवं रिक्तियों की जानकरी प्राप्त कर उनके मानकों के आधार पर दिनांक 4 अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन करें। नोट यह रोजगार मेला पूर्णतया ऑफलाइन है। आईटीआई, नॉन आईटीआई अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सेवायोजन कार्यालय परिसर में उपस्थित होना है।

पेज एक का शेष

भारत ने...

के बीच 'संभावित संबंध के विश्वसनीय आरोपों' की सक्रिय रूप से जांच कर रही हैं। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। उसने कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है, उन्हें 'बेतुका' और 'प्रेरित' बताया है। प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख निज्जर की जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले पर ओटावा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित करने के जवाब में भारत ने एक कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया था। नई दिल्ली ने कनाडाई नागरिकों के लिए वीज़ा सेवाएं भी निलंबित कर दीं। 26 सितंबर को, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों से आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा पर प्रतिक्रिया निर्धारित करने के लिए 'राजनीतिक सुविधा' की अनुमति नहीं देने को कहा। उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की थी।

जितनी आबादी...

सीडब्ल्यूसी संकल्प दोनों में निहित है। सिंघवी के विचारों के बारे में पूछे जाने पर एआईसीसी ओबीसी विभाग के प्रमुख अजय यादव ने कहा कि सिंघवी ने जो कहा है वह पार्टी लाइन नहीं है। यादव ने कहा कि पार्टी लाइन से अलग कहने वाले को मैं जवाब नहीं दूंगा। हमारी लाइन है कि गरीबों, वंचितों और बहुजन समाज को आर्थिक और सामाजिक लाभ दिया जाना चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि बिहार की जाति जनगणना ने साबित कर दिया है कि राज्य में 84 फीसदी लोग ओबीसी, एससी और एसटी हैं और उनके अधिकार उनकी आबादी के अनुसार होने चाहिए। बिहार में नीतीश कुमार सरकार, जिसमें कांग्रेस एक घटक है, ने जाति सर्वेक्षण के निष्कर्ष जारी किए हैं जिससे पता चला है कि ओबीसी और ईबीसी राज्य की कुल आबादी का 63 प्रतिशत हिस्सा हैं।

पारुल-अनु...

समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चीन की जेदी मो ने 55.01 सेकेंड का सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विथ्या ने सोमवार को 55.52 सेकेंड के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 1984 में बनाए पीटी उआ के 400 मीटर बाधा दौड़ के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करके अपनी हीट में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। विथ्या भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम का भी हिस्सा थी जिसने सोमवार को श्रीलंका के लेन के उल्लंघन के कारण डिस्क्वालीफाई होने के बाद रजत पदक जीता। टीम के अन्य सदस्य मोहम्मद अजमल वरियाथोडी, राजेश रमेश और सुभा वेंकटेशन थे। पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ फाइनल में यशास पी (49.39 सेकेंड) और संतोष कुमार (49.41 सेकेंड) क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहे। महिला ऊंची कूद फाइनल में पूजा और रूबिना यादव ने अपने अभियान का अंत क्रमशः छठे और नौवें स्थान के साथ किया।

गरीब सबसे...

है। लेकिन अब कांग्रेस कह रही है कि आबादी तय करेगी कि किसे कितना अधिकार मिलेगा। प्रधानमंत्री ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस मुसलमानों के अधिकारों को कम करना चाहती है? उन्होंने कहा, तो क्या अल्पसंख्यकों को कांग्रेस हटाना चाहती है? तो क्या सबसे बड़ी आबादी वाले हिंदू अब आगे बढ़कर अपने सारे हक ले लें? उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को अब कांग्रेस के लोग नहीं चला रहे हैं, क्योंकि उसके बड़े नेता मुंह बंद करके बैठे हैं। उन्होंने कहा, अब कांग्रेस को पर्दे के पीछे से वे लोग चला रहे हैं, जिनकी देश विरोधी ताकतों से सांठगांठ है। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस किसी भी कीमत पर देश के हिंदुओं को बांटकर, भारत को तबाह कर देना चाहती है। कांग्रेस गरीबों को बांटना चाहती है। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 10 सालों में उनकी सरकार ने ऐसी योजनाएं बनाई हैं, जिनसे गरीबों में फिर विश्वास पैदा हुआ। उन्होंने कहा कि मेरे लिए तो इस देश का गरीब ही सबसे बड़ी जाति है। यही सबसे बड़ी बिरादरी है। अगर गरीबों का भला हो गया, तो देश का भला अपने आप हो जाएगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने किसी अन्य देश के साथ अपने गुप्त समझौते का खुलासा नहीं किया है। समझौते के बाद कांग्रेस को भारत के खिलाफ बोलने में मजा आ रहा है। भारत की अच्छी बातों को बुरी तरह से पेश करने में मजा आ रहा है। ऐसा लगता है कि देश के प्रति उनका प्यार कम हो गया है। प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और कहा कि राज्य में चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है। हत्याओं के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्यों में पहुंच चुका है। उन्होंने कहा, कभी-कभी लगता है कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ के बीच इस मामले में स्पर्धा चल रही है कि कहां सबसे ज्यादा हत्याएं होती हैं? कहां सबसे ज्यादा लूट होती है? कहां सबसे ज्यादा महिलाओं पर अत्याचार होते हैं? छत्तीसगढ़ में विकास या तो पोस्टर और बैनरों में दिखता है या कांग्रेस के नेताओं की तिजोरी में। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले दिल्ली में जो सरकार थी उसे लेकर अखबारों में बड़े-बड़े घोटाले छाए रहते थे। पूरी दुनिया में देश का नाम बदनाम कर रखा था, लेकिन 2014 में देश ने कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंका और पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि आज घोटालों के बजाय दुनिया में भारत के गौरव की चर्चा हो रही है और दुनिया में हिंदुस्तान का डंका बज रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के बस्तर जिले में स्थित नगरनार इस्पात संयंत्र का लोकार्पण समेत 26 हजार करोड़ रुपए से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों के नहीं पहुंचने को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि उनको सरकार जाने की इतनी चिंता है कि उनके पास यहां आने के लिए समय नहीं है। उन्होंने कहा, आज यहां देश के बहुत बड़े आधुनिक इस्पात कारखाने का लोकार्पण हुआ है। सभी को इस पर गर्व हो रहा है। लेकिन कांग्रेस वालों को नहीं हो रहा है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार के एक भी मंत्री नहीं आए और ना ही मुख्यमंत्री आए। प्रधानमंत्री ने कहा, उनके नहीं आने के दो कारण हैं। एक, उनको सरकार जाने की इतनी चिंता है कि उनके पास यहां आने के लिए समय नहीं है। वह सरकार बचाने में लगे हैं। दूसरा कारण है कि यहां मोदी है। क्योंकि कोई आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा है तब वह मोदी से आंख नहीं मिला सकता है। इसीलिए वह आने से डरते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती थी कि यहां इस्पात संयंत्र खुले क्योंकि वह भ्रष्टाचार करना चाहती थी। उन्होंने कहा कि इस संयंत्र से 50 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिलेगा और इससे बस्तर की किस्मत बदलने वाली है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर लोकतंत्र को लूटतंत्र बनाने और प्रजातंत्र को परिवार तंत्र बनाने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही कथित लोक सेवा आयोग (पीएससी) घोटाले की जांच करवाने के साथ गुनहगारों को जेल भेजने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं को नौकरी देने का वादा किया और नौजवानों की नौकरी में घोटाला कर दिया। क

नेपाल में भूकंप के झटके

● दो झटके महसूस किए गए, सात लोग घायल

भाषा । काठमांडू

नेपाल के पश्चिमी हिस्से में मंगलवार दोपहर को 5.3 और 6.3 तीव्रता के भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र का हवाला देते हुए, काठमांडू पोस्ट अखबार ने बताया कि बझांग जिले में 5.3 तीव्रता वाले भूकंप का पहला झटका अपराह्न दो बजकर 40 मिनट पर आया तथा अपराह्न तीन बजकर छह मिनट पर 6.3 तीव्रता का दूसरा झटका आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, बाद में अपराह्न तीन बजे से शाम पांच बजकर 38 मिनट के बीच बझांग जिले में रिक्टर पैमाने पर चार से पांच तीव्रता वाले भूकंप के बाद के कम से कम छह झटके (ऑफ्टर शॉक) महसूस किए गए। एजेंसी ने कहा कि अपराह्न तीन बजकर 13 मिनट पर 5.1 तीव्रता, पौने चार बजे 4.1 तीव्रता, चार बजकर 28 मिनट पर 4.1 तीव्रता, चार बजकर 31 मिनट पर 4.3 तीव्रता, शाम पांच बजकर 19 मिनट और शाम पांच बजकर 38 मिनट पर पांच तीव्रता के झटके कम आबादी वाले पहाड़ी क्षेत्र में महसूस किए गए। अधिकारियों के अनुसार, बझांग जिले में चार छात्रों सहित छह लोग घायल हो गए और पड़ोसी अछाम जिले में एक व्यक्ति घायल हुआ। एक छात्र ने घबराहट में दो मंजिला इमारत से छलांग लगा दी और घायल हो गया। स्थानीय प्रशासन कार्यालय के अनुसार, भूकंप के कारण बझांग में जिला पुलिस कार्यालय की एक इमारत और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। भूकंप के झटके अछाम, डोटी, बाजुरा और बैताड़ी जिलों सहित आसपास के इलाकों में महसूस किए गए। काठमांडू और पड़ोसी भारत में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। अप्रैल 2015 में, नेपाल में 7.8 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप आया था जिसमें लगभग 9,000 लोग मारे गए थे और करीब 22,000 अन्य घायल हुए थे। इससे 8,00,000 से अधिक घरों और स्कूल भवनों को भी नुकसान पहुंचा था।

नाइजीरिया में तेल शोधक संयंत्र में विस्फोट, 15 मरे

भाषा । अबुजा (नाइजीरिया)

नाइजीरिया के नाइजर डेल्टा क्षेत्र में एक अवैध तेल शोधक संयंत्र स्थल पर विस्फोट और आग लगने से एक गर्भवती महिला समेत कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय पर्यावरण अधिकार समूह ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह विस्फोट सोमवार को दक्षिणी नदी राज्य के इमोहुआ जिले में हुआ, जहां बड़ी संख्या में अवैध तेल शोधक संयंत्र हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि कई शव पूरी तरह जल चुके हैं और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने इस घटना की पुष्टि की, लेकिन इसके बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। स्थानीय लोगों ने कहा कि मरने वाले ज्यादातर लोग रुमुचोलु गांव में अवैध तेल शोधक संयंत्र में काम करते थे। एक स्थानीय कार्यकर्ता चीमा अवदी के अनुसार, घटनास्थल पर कर्मचारी एक क्षतिग्रस्त पाइप से निकाले गए तेल को परिष्कृत कर रहे थे। चीमा अवदी ने कहा, जब वे उस स्थान से निकले, जहां उन्होंने पाइप को तोड़

दिया था, इसके बाद वे वहां गए, जहां वे खाना बना रहे थे। इस तरह वहां आग लग गई। उन्होंने कहा कि दर्जनों लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। स्थानीय पर्यावरण अधिकार समूह यूथ एंड एनवायर्नमेंटल एडवोकेसी सेंटर द्वारा जारी एक बयान के अनुसार जिन 15 पीड़ितों की मौत की पुष्टि की गई, उनमें एक गर्भवती महिला भी शामिल थी।

नाइजर में जिहादियों ने 29 सैनिकों की हत्या की : सेना

अबुजा । पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर में माली से सटी सीमा के पास जिहादियों ने कम से कम 29 सैनिकों की हत्या कर दी। नाइजर में मौजूदा सैन्य सरकार शासन जुंटा ने यह जानकारी दी। नाइजर के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल सलीफौ मूडी ने सोमवार देर रात एक बयान में कहा कि 100 से अधिक चरमपंथियों ने सीमा क्षेत्र में निकासी अभियान पर तैनात सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए घरेलू विस्फोटकों का इस्तेमाल किया। नाइजर में एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी बार है जब सैनिकों को निशाना बनाकर हमला किया गया है। नाइजर में सेना द्वारा सत्ता पर काबिज होने के बाद एक महीने के भीतर चरमपंथियों द्वारा की जाने वाली हिंसा में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

क्विक न्यूज

परमाणुओं में इलेक्ट्रॉन के अध्ययन के लिए भौतिकी का नोबेल पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों को दिया जाएगा

स्टाकहोम। भौतिकी का नोबेल पुरस्कार इस बार उन तीन वैज्ञानिकों को देने की घोषणा की गई है जिन्होंने सेकेंड के सबसे छोटे हिस्से के दौरान परमाणुओं में इलेक्ट्रॉन का अध्ययन किया। अमेरिका में ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी के पियरे अगस्टीनी, जर्मनी में मैक्स प्लांक इंस्टीट्यूट ऑफ क्वांटम ऑप्टिक्स तथा लुडविग मैक्सिमिलियन यूनिवर्सिटी ऑफ म्यूनिक के फेरेंस क्रौस और स्वीडन स्थित लुंड यूनिवर्सिटी की एने लुइलिए को भौतिकी के क्षेत्र में योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा जाएगा। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने मंगलवार को स्टाकहोम में पुरस्कार की घोषणा की। एकेडमी के अनुसार, उनके प्रयोगों ने मानवता को परमाणुओं और कणों में इलेक्ट्रॉन की दुनिया का अन्वेषण करने के नए औजार उपलब्ध कराए हैं।

ब्रिटेन में यात्रियों, छात्रों के लिए वीजा फीस में बढ़ोतरी इस सप्ताह होगी प्रभावी

लंदन। ब्रिटेन की सरकार द्वारा घोषित प्रस्तावित वीजा शुल्क वृद्धि बुधवार से प्रभावी हो जाएगी, जब भारतीयों सहित दुनिया भर के यात्रियों के लिए छह महीने से कम की यात्रा वीजा की कीमत 15 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड अधिक जबकि छात्र वीजा की कीमत 127 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड (जीबीपी) अधिक होगी। पिछले महीने संसद में प्रस्तावित कानून पेश किए जाने के बाद, ब्रिटेन के गृह कार्यालय ने कहा कि बदलावों का मतलब है कि छह महीने से कम समय के लिए यात्रा वीजा की लागत बढ़कर 115 जीबीपी हो जाएगी और ब्रिटेन के बाहर से छात्र वीजा के लिए आवेदन करने का शुल्क बढ़कर जीबीपी 490 हो जाएगी जो कि देश के आवेदन के लिए ली जाने वाली राशि के बराबर हो जाएगी।

प्रत्यर्पण से बचने के बाद भारतीय मूल के दंपति ब्रिटेन की अदालत में एक अन्य मामले में पेश हुए

लंदन। चार साल पहले अपने 11 वर्षीय दत्तक पुत्र गोपाल की हत्या के आरोप में भारत प्रत्यर्पित होने से बचने वाले लंदन में रह रहे भारतीय मूल के एक दंपति को किसी अन्य आपराधिक मामले में एक बार फिर से ब्रिटेन की अदालत में पेश किया गया। ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) ने अब आरती धीर (58) और उसके पति कवलजीत सिंह रायजादा (35) पर ऑस्ट्रेलिया में मादक पदार्थ कोकीन का निर्यात करने के एक मामले और धनशोधन के 12 मामलों में शामिल होने का आरोप लगाया है। उन पर मुकदमा 30 अक्टूबर को लंदन की साउथवर्क क्राउन कोर्ट में शुरू होने वाला है। एनसीए के एक प्रवक्ता ने कहा, आरती धीर और कवलजीतसिंह रायजादा दोनों पर ऑस्ट्रेलिया को कोकीन निर्यात करने के एक मामले में और धनशोधन के 12 मामलों में आरोप लगाया गया है। जब तक यह मामला चल रहा है, हम कोई टिप्पणी नहीं देंगे, लेकिन मुकदमा 30 अक्टूबर को साउथवर्क क्राउन कोर्ट में शुरू होने वाला है।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the general public at large that Rajender Singh S/o Chidda Singh, R/o C 8 Block C Ashok Nagar Ghaziabad UP 201001. is the owner of Residential Plot No. 7, measuring 220 Sq Yards Out of Khasra No. 1154, in the Residential Colony known as Radha Kunj, Village Shahpur, Bamheta, Ghaziabad, U.P. "said property" by virtue of Sale Deed dated 28.11.2019 executed by Mahesh Yadav in his favour, duly registered as Doc no. 8,915, Book no.1, Vol no. 16,977, Pages 367-402, SRO-I Ghaziabad. That the following paper has been lost 1. Original Sale deed dated 28.11.2019 executed by Mahesh Yadav in favour of Rajender Singh in respect of the Plot measuring 220 Sq Yards, Khasra No. 1154, duly registered as document No. 8915, Book No1, Volume No. 16977, Page No. 367-402, registered on 28.11.2019 by SR I Ghaziabad. Same has been lodged vide LR No. 20230000509108, dated 08.08.2023. Ritu Yadav W/o SAURABH YADAV , R/o C 8 Block C Ashok Nagar Ghaziabad UP 201001 is the owner of Residential Plot No. 76, measuring 200 Sq Yards, Out of Khasra No. 1154, situated in Radha Kunj Colony, C.S Compound Lal Kua Gram Sahpur, Bamheta, Ghaziabad, U.P. "said property" by virtue of Sale Deed dated 02.07.2019 executed by Rajnath Singh in her favour duly registered as Document No. 5276, Book No1, Volume No. 16603, Page No. 1-80, registered on 02.07.2019 by SR I Ghaziabad. That the following paper has been lost 1. Original Sale deed dated 16.06.2003 executed Chidda in favour of Rajnath Singh in respect of the Plot measuring 200 Sq Yards Out of Khasra no. 1154. Same has been lodged vide LR No. 20230000657863, dated 03.10.2023. Further Aditya Birla Finance Ltd. (STSL+) is intending to create a registered/equitable mortgage over the said properties. In case any person/Financial Institute/Bank/Authority/Board or any other entity has any objection or vested interest over the said property, they may contact the undersigned within 07days of this publication. It may be further noted that after the lapse of the aforesaid period no claim in any manner shall be entertained and the same will be considered as waived or abandoned.

New Delhi, Dated: 03.10.2023

Mohd. Gulfam, Advocate
D/8779/2019
Office: Gadi & Associates,D-148, LGF, Saket New Delhi-110017, +91-8800002244

नवाज शरीफ ने 21 अक्टूबर को ब्रिटेन से विमान का टिकट बुक कराया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने 21 अक्टूबर को ब्रिटेन से स्वदेश लौटने के लिए हवाई टिकट बुक कराया है। सोमवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। नवाज (73) ने हाल ही में कहा था कि वह जनवरी 2024 में प्रस्तावित आम चुनाव में अपनी पार्टी का नेतृत्व करने के लिए 21 अक्टूबर को पाकिस्तान लौटने को लेकर उत्साहित हैं। समा टीवी ने एक सूत्र के हवाले से कहा कि इस समय ब्रिटेन में रह रहे नवाज शरीफ 21 अक्टूबर को अबूधाबी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर पहुंचेंगे और उसी दिन उनका अबूधाबी से लाहौर रवाना होने का कार्यक्रम है।

अमेरिका: विमान दुर्घटना में सांसद, उनकी पत्नी और दो बच्चों की मौत

मोआब (अमेरिका)। अमेरिका के नॉर्थ डेकोटा राज्य से रिपब्लिकन पार्टी के सांसद डग लार्सन, उनकी पत्नी और दो बच्चों की एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। एक सांसद ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी के नेता डेविड हॉग ने सोमवार को अपने साथी सांसदों को भेजे ईमेल में लार्सन के निधन की पुष्टि की। ग्रैंड काउंटी शेरिफ विभाग ने फेसबुक पर एक बयान में कहा कि विमान रविवार शाम मोआब से लगभग 24 किलोमीटर दूर कैनियनलैंड्स हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

जोडी टर्नर और जोशुआ जैक्सन ने अलग होने का फैसला किया

लॉस एंजिलिस। क्वीन एंड स्लिम फेम अभिनेत्री जोडी-स्मिथ टर्नर ने शादी के तीन साल बाद जोशुआ जैक्सन से अलग होने का फैसला लिया है। इसके लिए उन्होंने अर्जी भी दायर कर दी है। मनोरंजन समाचार वेबसाइट ईउ ऑनलाइन के अनुसार, टर्नर ने न सुलझ सकने वाले मतभेदों का हवाला देते हुए लॉस एंजिलिस सुपीरियर कोर्ट में तलाक की अर्जी दायर की है। उन्होंने अपनी तीन साल की बेटी की संयुक्त अभिरक्षा का भी अनुरोध किया। कागजी कार्वाई में दोनों के अलग होने की तारीख 13 सितंबर बताई गई है। टर्नर (37) और जैक्सन (45) अगस्त 2019 में शादी के बंधन में बंधे थे। अप्रैल 2020 में टर्नर ने बेटी को जन्म दिया गया। टर्नर और जैक्सन आखिरी बार सार्वजनिक तौर पर एक साथ न्यूयॉर्क फैशन वीक में दिखाई दिए थे।

पाकिस्तान ने नए नौसेना प्रमुख की नियुक्ति की

इस्लामाबाद। नकदी संकट से जूझ रहे देश के सामने कई सुरक्षा चुनौतियों के बीच पाकिस्तानी नौसेना ने मंगलवार को वाइस एडमिरल नवीद अशरफ को अपना नया प्रमुख नियुक्त करने की घोषणा की। अशरफ नौसेना प्रमुख एडमिरल अमजद नियाजी की सेवानिवृत्ति के बाद उनकी जगह लेंगे। पाकिस्तानी नौसेना के प्रवक्ता के अनुसार, कमान परिवर्तन समारोह शनिवार को इस्लामाबाद में आयोजित किया जाएगा। वाइस एडमिरल को नौसेना प्रमुख के तौर पर कार्यभार संभालने के दिन ही चार सितारा रैंक भी दी जाएगी। नवीद अशरफ को 1989 में पाकिस्तान नौसेना की अभियान शाखा में नियुक्त किया गया था। उन्होंने इस्लामाबाद स्थित नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी, यूएस नेवल वॉर कॉलेज और ब्रिटेन के रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज से पढ़ाई की है। वाइस एडमिरल के पास प्रमुख कमान और स्टाफ पदों पर काम करने का व्यापक अनुभव है और वर्तमान में वह नौसेना मुख्यालय में चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में कार्यरत है। पाकिस्तान ने हाल के दिनों में कई आतंकी हमले झेले हैं।

ट्रंप की प्रचार अभियान टीम ने मुझे पिंजरा भेजा: निक्की

भाषा । वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दावेदार निक्की हेली ने कहा है कि देश के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चुनाव प्रचार अभियान टीम ने पिछले सप्ताह बहस के मंच पर उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद उन्हें एक पिंजरा और पक्षियों का भोजन भेजा था। हेली आयोवा, न्यू हैम्पशायर और साउथ कैरोलाइना जैसे कुछ प्रमुख प्रारंभिक प्राइमरी और कॉकस राज्यों में ट्रंप के बाद दूसरे स्थान पर रही हैं। ट्रंप की प्रचार अभियान टीम ने पिछले सप्ताह रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव की बहस के तुरंत बाद हेली के खिलाफ कई बयान जारी किए थे। साउथ कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत रह चुकीं निक्की हेली ने कहा कि रविवार को ट्रंप प्रचार अभियान टीम ने आयोवा में हेली के होटल के कमरे के बाहर एक पिंजरा और पक्षियों का कुछ भोजन छोड़ा था। हेली ने पिंजरे की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की और कहा, प्रचार अभियान के एक दिन बाद, होटल में मेरे कमरे के बाहर यह संदेश मेरा इंतजार कर रहा है। हेली की प्रचार अभियान टीम की प्रबंधक बेट्सी एंकनी ने द न्यूयॉर्क पोस्ट में एक बयान में कहा, दबाव महसूस कर रहे एक पूर्व राष्ट्रपति का यह व्यवहार अजीब एवं अनुचित है, जो उनकी हताशा को दिखाता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल के जरिए हेली पर निशाना साधते हुए लिखा, मैं या एमएजीए (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन यानी अमेरिका को फिर से महान बनाएं) पक्षियों जैसे दिमाग वाली निक्की हेली का कभी समर्थन नहीं करेंगे। राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का लगातार तीसरी बार उम्मीदवार बनने के लिए दावेदारी पेश कर रहे ट्रंप ने लिखा, पक्षियों जैसे दिमाग वाली (हेली) के पास यह काम करने के लिए आवश्यक प्रतिभा या उसके अनुरूप मिजाज नहीं है। अमेरिका को फिर से महान बनाएं। द न्यूयॉर्क पोस्ट ने एक संपादकीय में लिखा कि हेली नीति की अच्छी समझ रखती हैं। इसमें कहा गया कि वह रिपब्लिकन पार्टी की कम से कम पहली दो बहसों की यकीनन विजेता थीं, चिल्ला रहे पुरुषों के झुंड से निपटना किसी महिला के लिए आसान काम नहीं था।

रामास्वामी की प्रचार टीम ने तीसरी प्राइमरी बहस में शीर्ष चार दावेदारों को ही शामिल होने का मौका देने का आग्रह किया

वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के आगामी चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी की प्रचार अभियान टीम ने रिपब्लिकन नेशनल कमेटी से आग्रह किया है कि अगले माह होने वाली पार्टी की तीसरी प्राइमरी बहस में केवल शीर्ष चार दावेदारों को ही हिस्सा लेने की अनुमति दी जाए। पिछले सप्ताह कैलिफोर्निया में सिमी वैली स्थित रोनाल्ड रीगन प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी एंड म्यूजियम में आयोजित दूसरी बहस में रामास्वामी ने फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डिसैंटिस और संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत एवं भारतीय-अमेरिकी निक्की हैली सहित छह अन्य उम्मीदवारों के साथ मंच साझा किया था। सीबीएस न्यूज ने सोमवार को बताया कि रामास्वामी की प्रचार टीम ने आठ नवंबर को मियामी में होने वाली तीसरी प्राइमरी बहस के लिए नियमों में बदलाव की मांग की है। करोड़पति बायोटेक उद्यमी रामास्वामी की प्रचार टीम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बेन योहो द्वारा रिपब्लिकन नेशनल कमेटी (आरएनसी) को भेजे गए एक पत्र के अनुसार, रामास्वामी ने रिपब्लिकन पार्टी से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अलावा मतदान में केवल शीर्ष चार उम्मीदवारों को बहस के मंच पर आने की अनुमति देने की अपील की है। योहो ने लिखा, नवंबर में एक और निरर्थक बहस कराना कोई विकल्प नहीं है। पॉलिटिको अखबार के मुताबिक, तीसरी बहस के लिए रामास्वामी, ट्रंप, डिसैंटिस और हैली संभवतः वांछित योग्यताएं पूरी कर चुके हैं। खबर में कहा गया है, पत्र में योहो ने दावेदारों को अपने प्रतिस्पर्धियों को जवाब देने के लिए अधिक समय देने का अनुरोध भी किया है।

भारत के बाहर आंबेडकर की सबसे बड़ी प्रतिमा का 14 अक्टूबर को अमेरिका में किया जाएगा उद्घाटन

वाशिंगटन। भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार डॉ. बी आर आंबेडकर की भारत के बाहर सबसे बड़ी प्रतिमा का अमेरिका के मैरीलैंड में 14 अक्टूबर को उद्घाटन किया जाएगा। उन्नीस फुट की इस प्रतिमा को स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी (समानता की प्रतिमा) नाम दिया गया है, जिसे प्रसिद्ध कलाकार एवं मूर्तिकार राम सुतार ने बनाया है। सुतार ने ही गुजरात के अहमदाबाद में स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा बनाई थी। आंबेडकर की प्रतिमा मैरीलैंड के एकोकीक शहर में 13 एकड़ भूमि पर बनाए जा रहे आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र (एआईसी) का हिस्सा है। एआईसी ने कहा, यह भारत के बाहर बाबासाहेब की सबसे बड़ी प्रतिमा है और इसे इस केंद्र में बनाए जा रहे आंबेडकर स्मारक के एक हिस्से के रूप में स्थापित किया जा रहा है। उसने कहा, इस कार्यक्रम में अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों से आंबेडकरवादी आंदोलन के प्रतिनिधियों और उनके अनुयायियों के बड़ी संख्या में शामिल होने की उम्मीद है।

Public Notice

This is to inform to general public that initially property bearing no. R 7/20, area 500 sq. yds., i.e., 418.05 sq. mtrs., situated at residential colony Raj Nagar, Ghaziabad, Tehsil & Distt. Ghaziabad was owned by Mr. Rakesh Kumar & Mrs. Aarti Gupta who sold the said property to to 1. Mr. Mango Tyagi, 2. Mr. Rajesh Tyagi, 3. Mr. Gulshan Tyagi, & 4. Mr. Rakesh Tyagi vide Sale Deed dated 29.06.2011, Doc no. 6513.

Unfortunately, Mr. Mango Tyagi died on dated 05.04.2020 and as per SMC shared with us legal heirs of Mr. Mango Tyagi are Mr. Rakesh Tyagi, Mr. Rajesh Tyagi & Mr. Gulshan Tyagi. Now Mr. Rakesh Tyagi, Mr. Rajesh Tyagi & Mr. Gulshan Tyagi are mortgaging the above said property with **IndusInd Bank Ltd.** & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to **Law Veritas North, Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301 or contact at +910120-3101683; 4562809.**

प्रपत्र सं. 3
[विनियम–15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33–34–35,
सेक्टर– 17 ए, चंडीगढ़
(तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी
अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./834/2022
ईएक्सएव. नंबर : 20379
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया)
नियमावली, 1993 के नियम 5 के
उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम
की धारा 19 की उप–धारा
(4) के तहत सम्मन
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
आशीष वोहरा

सेवा में,
(1) आशीष वोहरा
डी/डब्ल्यू/एस/ओ – मोहन वोहरा
आशीष वोहरा पुत्र श्री सुरिन्दर मोहन वोहरा निवासी मकान नंबर 2291, हाउसिंग बोर्ड कालोनी,शाही एक्सपोर्ट्स के पीछे, सेक्टर–28, फरीदाबाद, हरियाणा – 121008 पैन नंबर एएजैडपीवाई4389ई. दूसरा पता :–विप्रो लिमिटेड, प्लॉट नंबर 480–481, उद्योग विहार, फेज–3, गुरूग्राम, हरियाणा–122016 फरीदाबाद, हरियाणा
अन्य पता : विप्रो लिमिटेड, प्लॉट नंबर 480–481, उद्योग विहार, फेज–3, गुरूग्राम, गुरूग्राम, हरियाणा (2) प्रीति वोहरा पत्नी श्री आशीष वोहरा मकान नंबर 2291, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, शाही एक्सपोर्ट्स के पीछे, सेक्टर–28, फरीदाबाद, फरीदाबाद, हरियाणा

सम्मन

जबकि, ओए/834/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 18–09–2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,12,10,519.40/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 30–10–2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 21–09–2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत
अधिकारी के हस्ताक्षर

न्यूजर्सी में अक्षरधाम मंदिर के उद्घाटन से पहले मोदी और सुनक ने दी शुभकामनाएं

भाषा । वाशिंगटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष ऋषि सुनक ने न्यूजर्सी के रॉबिन्सविले शहर में अक्षरधाम मंदिर के उद्घाटन से पहले शुभकामनाएं दीं। इस मंदिर को आधुनिक युग में भारत के बाहर निर्मित सबसे बड़ा हिंदू मंदिर बताया जा रहा है। मोदी ने रॉबिन्सविले में बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था) स्वामीनारायण अक्षरधाम को लिखे एक पत्र में कहा, यह दुनिया भर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए अत्यधिक आध्यात्मिक महत्व का अवसर है। मोदी ने बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था और इस पहल में शामिल सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अक्षरधाम महामंदिर का उद्घाटन समारोह भारतीय वास्तुकला की उत्कृष्टता और इसकी गौरवशाली प्राचीन संस्कृति एवं लोकाचार को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय प्रवासियों, विशेषकर युवाओं को मां भारती से जोड़ने में मदद करेगा और उन्हें इस पर गर्व की अनुभूति कराएगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने आठ अक्टूबर को होने वाले उद्घाटन समारोह से पहले भेजे संदेश में कहा, हम इस मंदिर के शांति, सद्भाव एवं एक बेहतर इंसान बनने के सार्वभौमिक संदेश और इसकी सुंदरता से आश्चर्यचकित हैं।

बैंकॉक में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत

● संदिग्ध हमलावर पुलिस हिरासत में

बैंकॉक। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक प्रमुख शॉपिंग मॉल में मंगलवार दोपहर एक व्यक्ति ने गोलीबारी की, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने संदिग्ध हमलावर को पकड़ लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि मॉल में गोलीबारी की सूचना के एक घंटे से भी कम समय में एक संदिग्ध को पकड़ लिया गया। पुलिस प्रवक्ता अर्चायोन क्रेथोंग ने संवाददाताओं को बताया कि सियाम पैरागॉन मॉल में गोलीबारी की घटना के बाद स्थिति अब नियंत्रण में है। इस मॉल में लक्जरी कार बिक्री केंद्र, एक सिनेमाघर, एक एक्वेरियम और पांच सितारा सियाम केम्पिंस्की होटल जैसे प्रतिष्ठान हैं। बैंकॉक के आपातकालीन चिकित्सा केंद्र के निदेशक युथना श्रीथानन ने कहा कि तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। सोशल मीडिया पर विभिन्न वीडियो में लोग इमारत से बाहर भागते हुए और बेसबॉल टोपी, गहरे रंग की शर्ट पहने एक व्यक्ति हाथ में हैंडगन लिए दिखता है। बाद में पोस्ट किए गए एक वीडियो में हमलावर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करता दिखाई देता है। थाईलैंड में बंदूक द्वारा की जाने वाली हिंसा असामान्य नहीं है। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब थाईलैंड के लोग 6 अक्टूबर, 2022 को एक ग्रामीण डे केयर सेंटर में हुई गोलीबारी और चाकू हमले की बरसी मनाने की योजना बना रहे थे।

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I **Ram Chopra** S/o Late S.S Chopra R/o **C-101,Mayur Aptt,Sec-9,Rohini,Delhi-85 owner of Commercial Unit no.103,FF,Plot no. 3,LSC D-Block,Prashant Vihar,Delhi** has applied for conversion of the aforesaid Unit from **leasehold** to **freehold** vide Application No.340 under Policy of Apartment Act in DDA. That original documents i.e. **Builder Buyer Agreement & Posession Letter** of above property have been lost,A FIR **dt.02.10.2023** bearing LR no.960467/2023 against this effect has been lodged at Crime Branch Delhi. Any persons claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above **add/ph. 9990101129** within **15 days** from date of publication of this notice. The person claiming any right,interest,objections with respect to this property can personally inform or write to **Dy. Director (CL), A-Block, 1st Floor, Vikas Sadan, INA, N.Delhi-23**

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given by Catalyst Trusteeship Limited, 910-911, 9th Floor, Kailash Building, 26, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi –110001 that the below mentioned original documents, pertaining to the below mentioned immovable property of Avaada Green HNProject Private Limited (Company), have been misplaced/ lost by us from our office address as above. The Company shall create mortgage charge on the basis of certified copy of documents of the said properties for the benefit of State Bank of India, for securing the loans/credit facilities availed by the Company.

A missing article report to this respect has been lodged with Police Station, Crime Branch, Delhi bearing unique ID: 939777/2023 on 26 September 2023.

Any person(s) coming into possession of the below mentioned documents and/or any person(s) who is/are having knowledge of the whereabouts of the below mentioned Documents, are hereby requested to intimate the same to Mr. Yogesh Sharma, r/o C-11, C Block, Sector-65, Noida, Uttar Pradesh 201301 having mobile no.: +91-9560999293 & email id yogesh.sharma@avaada.com, under intimation to Mr. Mukesh Kumar, Relationship Manager, State Bank of India, Overseas Branch (04803), 9th Floor, Jawahar Vyapar Bhawan, 1, Tolstoy Marg, New Delhi – 110001, having mobile no.: +91-7488869115 & email id rm1.04803@sbi.co.in, as soon as possible.

Public is warned not to deal with the below mentioned Documents and any person receiving the said Documents or dealing with properties on the basis of the said Documents would be doing so at his/her/their own risk and responsibility. Anybody not returning the said Documents and dealing with the same shall be liable to be prosecuted as per the law of the land. Any transaction on the basis of the lost below mentioned Documents, whether done in past or which may be done in future, shall not be legally valid.

Documents and immovable property referred above are:

Properties situated in Village Pohadka and Bhuratwala, Tehsil Ellenabad, District Sir

राजग में शामिल होना चाहते थे केसीआर, मैंने मना कर दिया: मोदी

● राजग में शामिल होना चाहते थे केसीआर, मैंने उनकी करतूतों की वजह से इनकार कर दिया: मोदी

भाषा। निजामाबाद (तेलंगाना)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने 2020 में हैदराबाद नगर निगम चुनाव के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के अनुरोध को उनके कर्मों का हवाला देते हुए खारिज कर दिया था। हालांकि तेलंगाना के मंत्री और केसीआर के बेटे के.टी. रामाराव ने पलटवार करते हुए कहा कि मोदी सरासर झूठ बोल रहे हैं। तेलंगाना में करोड़ों रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया एक अन्य मुलाकात के दौरान केसीआर ने उनसे कहा था कि वह तेलंगाना की सत्ता अपने बेटे और बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव को सौंप देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब उन्होंने केसीआर को हर प्रकार का मदद देने से इंकार कर दिया, तब से वह उनसे दूर भागने लगे। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव का लोकप्रिय नाम केसीआर है।

जनसभा के दौरान मोदी ने लोगों से कहा कि वह आज एक ऐसा खुलासा करना चाहते हैं, जो उन्होंने पहले कभी नहीं बताया। उन्होंने कहा कि वह जो बताने जा रहे हैं, उसमें शत प्रतिशत सच्चाई है। उन्होंने कहा कि हैदराबाद नगर निगम के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 48 सीट मिली थीं और किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला था। मोदी ने कहा कि इस चुनाव से पहले केसीआर हवाई अड्डे पर पूरी फौज लेकर उनका स्वागत करने आते थे, बढ़िया-बढ़िया माला पहनाते थे और बहुत सम्मान करते थे। उन्होंने कहा, फिर क्या हुआ? अचानक बंद कर दिया? अचानक गुस्सा क्यों निकलने लगा? इसका कारण है कि हैदराबाद के चुनाव के बाद वह मुझसे दिल्ली में मिलने आए। मुझे बहुत बढ़िया शॉल ओढ़ाई। बहुत आदर किया। इतना प्यार दिखाया, इतना प्यार दिखाया...यह केसीआर के चरित्र में ही नहीं है। और फिर मुझे कहने लगे कि आपके नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है। हम भी एनडीए (राजग) का हिस्सा बनना चाहते हैं। आप हमें शामिल कर लीजिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब उन्होंने केसीआर से इसकी वजह जानना चाही, तो उन्होंने हैदराबाद नगर निगम में भाजपा के समर्थन की मांग की। मोदी ने कहा, मैंने केसीआर को कहा कि आपके कारनामे ऐसे हैं कि मोदी आपके साथ जुड़ नहीं सकता है। हैदराबाद में हमें विपक्ष में बैठना पड़ेगा, तो हम बैठेंगे। केसीआर की सरकार हमारे कार्यकर्ताओं पर जुल्म करेगी, तो हम जुल्म सहेंगे, लेकिन हम तेलंगाना की जनता से दगा नहीं कर सकते हैं। मोदी ने बताया कि उन्होंने केसीआर से कहा था कि भले तेलंगाना की जनता ने हैदराबाद में उन्हें 48 सीट दीं, भाजपा के लिए यह तेलंगाना का भाग्य बदलने की शुरुआत है। उन्होंने कहा, मैंने उन्हें हर प्रकार से मदद करने से इंकार कर दिया। राजग में प्रवेश देने से इंकार कर दिया। फिर उसके बाद उनका दिमाग फटका। फिर तो वह दूर भागते रहे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केसीआर फिर एक बार उनसे मिलने आए। उन्होंने (केसीआर) कहा कि मोदी जी, मैंने बहुत काम कर लिया। अब मैं सारा कारोबार केटीआर को दे देना चाहता हूं। मैं एक बार केटीआर को भेजूंगा। आप जरा उसको आशीर्वाद दे देना। यह उन्होंने मुझे कहा। प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने कहा केसीआर...यह लोकतंत्र है। तुम कौन होते हो बेटे को राजगद्दी सौंपने वाले? तुम कोई राजा-महाराजा हो क्या? मैंने कहा कि लोकतंत्र में तेलंगाना की जनता तय करेगी। किसको बिठाना है, किसको नहीं बिठाना है। बस वह दिन आखिरी था। उसके बाद एक बार भी आंखें नहीं मिला पा रहे हैं, वह मुझसे। मेरी परछाई भी देखने की हिम्मत नहीं बची उनकी। प्रधानमंत्री ने निजामाबाद में सरकारी कार्यक्रम में केसीआर की अनुपस्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई भ्रष्टाचारी मेरे बगल में बैठकर ताप सहन नहीं कर सकता है, इसलिए वह भाग रहे हैं।

मोदी ने कहा कि तेलंगाना के निर्माण के लिए हजारों परिवार संघर्ष करते-करते तबाह हो गए और बड़ी संख्या में नौजवानों ने जीवन का बलिदान कर दिया, लेकिन आज एक परिवार ने सब कुछ पर कब्जा कर लिया। तेलंगाना में बस एक ही परिवार ने यहां के लाखों परिवारों के सपनों पर कब्जा कर लिया है। वर्तमान तेलंगाना में या तो वह (केसीआर) खुद हैं या उनके बेटे हैं या उनकी बेटी है या उनके भतीजे हैं या उनके भांजे हैं या चाहे उनके ससुराल वाले हैं। कोई बचा ही नहीं है। क्या आपने कभी सोचा है कि वह कैसे आपके एक वोट का उपयोग अपने परिवार को अमीर बनाने में कर रहे हैं। इन लोगों ने तेलंगाना में भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। पीएम ने कहा कि परिवारवाद का सबसे बड़ा नुकसान देश के युवाओं को उठाना पड़ता है और जब पूरा सिस्टम एक परिवार की सेवा में लगा रहता है, तब वह परिवार सिस्टम में शीर्ष से लेकर नीचे तक उन्हीं लोगों की भर्ती करता है, जो उनके करीबी होते हैं। केंद्र सरकार में रहते हुए भाजपा तेलंगाना के विकास के लिए जितना कर सकती है, वह लगातार कर रही है।

कोर्ट ने बाल कल्याण समिति को अतीक के दो नाबालिग बेटों की रिहाई पर फैसला करने को कहा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश की एक बाल कल्याण समिति को गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद के दो नाबालिग बेटों की रिहाई पर एक सप्ताह के अंदर फैसला करने का निर्देश दिया। पूर्व लोकसभा सदस्य अतीक की 15 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। न्यायमूर्ति एस आर भट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने प्राधिकार को अतीक के बेटों की रिहाई पर फैसला करने का निर्देश दिया। इससे पहले, अतीक की बहन शाहीन अहमद की ओर से पेश हुए अधिवक्ता निजाम पाशा ने कहा कि इनमें से एक लड़का जल्द ही बालिग होने वाला है और इसलिए उसे कल्याण गृह में नहीं रखा जा सकता। उन्हें अपने रिश्तेदार के साथ रहने की अनुमति दी जाए।

पीठ ने दलीलों पर गौर किया और समिति से एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट मांगी है। इसने कहा कि इस बीच, शाहीन अहमद की याचिका लंबित रखी जाए। शीर्ष न्यायालय शाहीन की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। याचिका में, 15 और 17 वर्षीय लड़कों को उनके संरक्षण में देने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने बच्चों पर एक रिपोर्ट पर विचार किया और कहा कि यह व्यापक रूप से संकेत देता है कि नाबालिग बाल देखभाल गृह में रहने को इच्छुक नहीं हैं। न्यायालय ने कहा, कल्याण समिति को इस आलोक में विषय पर नए सिरे से विचार करने का निर्देश दिया जाता है और वह एक सप्ताह में एक तार्किक आदेश जारी करे। साथ ही, विषय की सुनवाई अगले सप्ताह के लिए निर्धारित कर दी।

भोपाल में मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल मेट्रो ट्रेन को फाइनल रन ट्रायल के लिए झण्डी दिखाते हुए।

असम सरकार मूल जनजातीय मुस्लिम समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की समीक्षा करेगी

गुवाहाटी। असम सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह राज्य के पांच मूल जनजातीय मुस्लिम समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की समीक्षा करेगी, ताकि उनके उत्थान के लिए कदम उठाए जा सकें। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने इस संबंध में राज्य सचिवालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, जनता भवन में एक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को असम के मूल जनजातीय मुस्लिम समुदायों (गोरिया, मोरिया, देशी, सैयद और जोल्हा) की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। इसमें कहा गया है कि इस समीक्षा के निष्कर्ष मूल जनजातीय अल्पसंख्यकों के व्यापक सामाजिक-राजनीतिक और शैक्षणिक उत्थान के उद्देश्य से उपयुक्त कदम उठाने के लिए राज्य सरकार का मार्गदर्शन करेंगे। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब बिहार में नीतीश कुमार नीत सरकार ने सोमवार को बहुप्रतीक्षित जाति आधारित गणना के आंकड़े जारी किए, जिसके अनुसार राज्य की कुल आबादी में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत है।

असम में बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई के दूसरे चरण में 1000 से अधिक गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम में बाल विवाह के खिलाफ राज्य व्यापी कार्रवाई के दूसरे चरण में मंगलवार को 1000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। इस साल की शुरुआत में अभियान के पहले चरण में राज्य भर से हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया था। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, बाल विवाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई के तहत असम पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर 800 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह अभियान तड़के शुरू हुआ। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या बढ़कर 1039 हो गई है। उन्होंने कहा कि इस सामाजिक बुराई से संबंधित मामलों में गिरफ्तार किए जाने वाले लोगों की संख्या और बढ़ने की संभावना है क्योंकि अभियान अभी भी जारी है। मुख्यमंत्री द्वारा इस सामाजिक बुराई के खिलाफ बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति की घोषणा के बाद, असम सरकार ने फरवरी से बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी।

क्विक न्यूज

महाराष्ट्र में अस्पताल में 48 घंटे में 31 रोगियों की मौत

छत्रपति संभाजीनगर। शिवसेना के सांसद हेमंत पाटिल ने नांदेड़ के एक सरकारी अस्पताल में 48 घंटे के दौरान 31 रोगियों की मौत होने के बाद अस्पताल के कार्यवाहक डीन से मंगलवार को एक गंदा शौचालय साफ करवाया, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर देखा गया। हिंगोली से सांसद पाटिल 30 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच 12 शिशुओं समेत 31 लोगों की मौत को लेकर आक्रोश के बीच डॉक्टर शंकरराव चव्हाण राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पाटिल को यह कहते हुए सुना जा सकता है, (शौचालय में) मग्गे तक नही है और जो लोग शौचालय का इस्तेमाल नही कर पाते आप उनपर चिल्लाते है। क्या आप (चिकित्सक और डीन) अपने घर मे भी ऐसा ही व्यवहार करते हो? इसके बाद उन्होने एक चिकित्सक से बाल्टी लाने को कहा। क्या इस मेडिकल कॉलेज मे केवल एक बाल्टी है? वीडियो मे पाटिल कार्यवाहक डीन एस. आर. वक्कोडे को एक झाड़ू थमाकर उनसे शौचालय साफ करने के लिए कहते हुए दिख रहे है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना से जुड़े पाटिल ने एक समाचार चैनल से कहा, सरकार करोड़ो रुपए खर्च करती है, मुझे यहां के हालात देखकर दुख हुआ। शौचालय महीनो से साफ नही किए गए है। अस्पताल के वार्ड मे बने शौचालयो पर ताला लगा है। शौचालयो मे पानी नही है। मै डीन के कार्यालय गया, जहां मैने देखा कि वाश बेसिन टूटा हुआ है और टोटी मे पानी नही है। पाटिल ने कहा कि वह मुख्यमंत्री से अनुरोध करेगे कि वह ऐसे लोगो के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दे जो सरकार से वेतन लेते है लेकिन काम मे लापरवाही बरतते है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार ने नांदेड़ अस्पताल मे हुई मौतो को बहुत गंभीरता से लिया है और विस्तृत जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दवाओ और कर्मचारियो की कमी से इनकार किया।

107 सांसदों और विधायकों के खिलाफ नफरती भाषण देने के मामले

नई दिल्ली। देश के कुल 107 सांसदो और विधायको के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण देने के आरोप मे मामले दर्ज है और पिछले पांच वर्षो मे ऐसे मामलो का सामना कर रहे 480 उम्मीदवारो ने चुनाव लड़ा है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के आंकड़ो से यह जानकारी मिली। एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) ने सभी मौजूदा सांसदो और विधायको के अलावा पिछले पांच वर्षो मे देश मे हुए चुनावो मे असफल उम्मीदवारो के चुनावी हलफनामो का विश्लेषण किया है। विश्लेषण से पता चलता है कि कई मौजूदा सांसदो और विधायको ने अपने खिलाफ नफरती भाषण से संबंधित मामलो की घोषणा की है। यह विश्लेषण सांसदो और विधायको द्वारा पिछला चुनाव लड़ने से पहले दिए गए हलफनामो पर आधारित है। विश्लेषण के अनुसार, 33 सांसदो ने अपने खिलाफ नफरती भाषण से संबंधित मामलो की घोषणा की है, जिनमे से सात उत्तर प्रदेश से, चार तमिलनाडु से, तीन-तीन बिहार, कर्नाटक और तेलंगाना से जबकि दो-दो असम, गुजरात, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से तथा एक-एक झारखंड, मध्य प्रदेश, केरल, ओडिशा और पंजाब से है। एडीआर ने कहा कि पिछले पांच वर्षो मे नफरती भाषण के आरोप से संबंधित घोषित मामलो वाले 480 उम्मीदवारो ने राज्य विधानसभाओ, लोकसभा और राज्यसभा का चुनाव लड़ा है। इसमे कहा गया है कि नफरत फैलाने वाले भाषण से संबंधित मामलो वाले 22 सांसद सत्तारूढ़ भाजपा से, दो कांग्रेस से और एक-एक आम आदमी पार्टी, एआईएमआईएम, एआईयूडीएफ, द्रमुक, अन्नाद्रमुक, पीएमके, शिवसेना (यूबीटी) और वीसीके से है जबकि एक निर्दलीय सांसद पर भी नफरती भाषण का मामला दर्ज है। एडीआर के मुतबिक, 74 विधायको ने अपने खिलाफ नफरती भाषण से संबंधित मामलो की घोषणा की है। इनमे बिहार और उत्तर प्रदेश से नौ-नौ, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना से छह-छह, असम और तमिलनाडु से पांच-पांच, दिल्ली, गुजरात और पश्चिम बंगाल से चार-चार, झारखंड और उत्तराखंड से तीन-तीन, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान और त्रिपुरा से दो-दो जबकि मध्य प्रदेश और ओडिशा से एक-एक विधायक शामिल है।

बिहार सरकार ने न्यायिक सेवाओं-विधि कॉलेजों में 10 फीसदी ईडब्ल्यूएस कोटा देने का ऐलान किया

पटना। बिहार मे नीतीश कुमार सरकार ने मंगलवार को न्यायिक सेवाओ और राज्य संचालित विधि महाविद्यालयो और विश्वविद्यालयो मे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की। कैबिनेट बैठक मे यह निर्णय लिया गया। अपर मुख्य सचिव (कैबिनेट सचिवालय) एस सिद्धार्थ ने कहा, कैबिनेट ने राज्य न्यायिक सेवा, 1951 के दिशा-निर्देशो मे संशोधन को मंजूरी दे दी है जिससे न्यायिक सेवाओ और राज्य संचालित विधि संस्थानो और विश्वविद्यालयो मे ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की अनुमति मिल गई। विवरण के साथ एक अधिसूचना जल्द ही संबंधित विभाग द्वारा जारी की जाएगी। सिद्धार्थ ने कहा कि राज्य कैबिनेट ने राज्य मे 100 पशु अस्पतालो के निर्माण को भी मंजूरी दे दी है। राज्य के विभिन्न जिलो मे कुल 100 प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय बनाए जाएंगे। इन सभी अस्पतालो मे प्रशिक्षण केंद्र भी होगे। 17 जिलो मे 225 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सिद्धार्थ ने कहा कि राज्य कैबिनेट ने उपभोक्ता मामलो के विभाग से संबंधित मामलो को संभालने के लिए लिपिक के 30 अतिरिक्त पदो के सृजन को मंजूरी दे दी है।

बिहार जाति सर्वेक्षण में एक जाति को लाभ पहुंचाने के लिए आबादी के आंकड़ों में गड़बड़ी की गई : चिराग

नई दिल्ली। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने बिहार सरकार द्वारा साझा किए गए जाति आधारित गणना के आंकड़ों को एक राजनीतिक साजिश करार देते हुए मंगलवार को खारिज कर दिया। उन्होंने दावा किया कि गणना में कुछ जातियों की संख्या बढ़ा दी गई जबकि कुछ अन्य की संख्या कम कर दी गई है, जिसमें पासवान भी शामिल हैं। लोकसभा सदस्य ने एक्स पर कहा, बिहार सरकार द्वारा जारी जाति आधारित गणना के आंकड़ों में राजनीतिक साजिश स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। राजनीतिक लाभ के लिए एक जाति के आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हैं, जबकि कई जातियों की वास्तविक जनसंख्या से कम दिखाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में कई छोटी जातियां हैं जिनकी वास्तविक संख्या नहीं दिखाई गई है।

स्कूल में कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने पढ़ी नमाज, सरकार ने दिया जांच का आदेश

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में एक निजी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम के तहत हिंदू छात्रों को कथित तौर पर नमाज पढ़ने के लिए कहे जाने के बाद हिंदू दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। राज्य सरकार ने मामले में जांच का आदेश दिया है। प्रदर्शन के वीडियो में एक शिक्षक को पीटते हुए देखा जा सकता है। राज्य सरकार ने शहर के घाटलोडिया क्षेत्र में स्थित कैरोलेक्स फ्यूचर स्कूल में 29 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम की जांच का आदेश दिया है। स्कूल ने माफी मांगते हुए कहा कि उक्त कार्यक्रम आयोजित करने का मकसद विभिन्न धर्मों की प्रथाओं से छात्रों को अवगत कराना था और किसी छात्र से नमाज अदा करने के लिए जबरदस्ती नहीं की गई।

कार्यक्रम का एक वीडियो स्कूल के फेसबुक पेज पर डाला गया था जिसमें प्राथमिक कक्षा के एक छात्र को नमाज पढ़ते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद चार अन्य छात्र भी उसके साथ लब पे आती है दुआ गाते हैं। इस वीडियो को बाद में स्कूल के फेसबुक पेज से हटा लिया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बजरंग दल और अन्य दक्षिणपंथी संगठनों ने विद्यालय के परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। प्राथमिक, माध्यमिक और वयस्क शिक्षा राज्य मंत्री प्रफुल्ल पनशेरिया ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि स्कूलों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके कुछ लोग राज्य का शांतिपूर्ण माहौल खराब करना चाहते हैं। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले छात्रों को यह सही से पता तक नहीं था कि वे क्या कर रहे हैं। यह कतई स्वीकार्य नहीं हैं।

मंत्री ने कहा, हम इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के पीछे की मानसिकता और मंशा का पता लगाने के लिए जांच करेंगे और फिर उचित कार्वाई की जाएगी। हम उन लोगों को नहीं छोड़ेंगे जिन्होंने कुछ भी गलत किया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के मीडिया समन्वयक मीत भावसार ने कहा, "हमें एक वीडियो मिला जिसमें दिख रहा था कि इस स्कूल के हिंदू छात्रों को एक गतिविधि के दौरान नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया गया। हमारे विरोध-प्रदर्शन के बाद, स्कूल प्रबंधन ने माफी मांगी है और यह आश्वासन भी दिया है कि भविष्य में ऐसी गतिविधियां नहीं होंगी। यहां केवल हिंदू छात्र ही प्रवेश लेते हैं।

कार्यक्रम के वीडियो में वाद्य यंत्र बजाते हुए दिख रहे एक शिक्षक को मंगलवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और गुस्साए अभिभावकों ने पीट दिया। इस संबंध में अभी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। स्कूल प्रबंधन ने लिखित माफी मांगते हुए कहा कि वे अगली बार सावधानी बरतेंगे। स्कूल की प्रिंसिपल निराली दगली ने कहा कि त्योहारों से पहले छात्रों को विभिन्न धर्मों और धार्मिक प्रथाओं के बारे में बताना स्कूल की परंपरा है।

लोकमाध्यमों से होगा विज्ञान संचार

अयोध्या। कठपुतलियां सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि विज्ञान भी समझा सकती हैं। भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज की ओर से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पांच दिवसीय ऐसी ही कार्यशाला का आरंभ हुआ। ग्रामीण विकास के लिए लोक माध्यमों से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार तथा गांव आउटरीच कार्यक्रम में 40 प्रशिक्षु प्रतिभाग कर रहे हैं। यह सभी पटकथा लेखन, उसका नाट्य रूपांतरण, कठपुतली निर्माण और उसका संचालन सीखेंगे। बाद में सभी आउटरीच कार्यक्रम के तहत विज्ञान कठपुतली नाटकों का ग्रामीण क्षेत्रों में मंचन करेंगे। भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के सीनियर रिसर्च फेलो रंजीत कुमार, डायट प्रवक्ता पूजा पाठक व अर्शी फातिमा, विज्ञान संचारक संतोष त्रिपाठी, कठपुतली कलाकार श्रीनारायण श्रीवास्तव व सोनाली मौर्य ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। पहले दिन सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण, स्वास्थ्य, तकनीक और कृषि संबंधी विषयों पर पटकथा लिखकर लाने को कहा गया, जिसे बाद में पुतुल नाटक के रूप में परिवर्तित किया जाएगा।

सरकार ने 18.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला : अनुराग ठाकुर

भुवनेश्वर। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को दावा किया कि भाजपा गरीब-हितैषी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत इसकी सरकार ने देश में 18.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। ठाकुर ने कहा कि देश के लोग मोदी और उनकी नीतियों पर विश्वास करते हैं। वह ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा राज्य में विपक्षी दलों - भाजपा और कांग्रेस - को कथित तौर पर गरीब विरोधी एवं विकास विरोधी बताए जाने से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

ठाकुर ने अपने मंत्रिमंडल सहकर्मी धर्मेंद्र प्रधान के साथ दावा किया कि मोदी की लोकप्रियता अभी 78 प्रतिशत से अधिक है, और इसतरह वह न सिर्फ देश के बल्कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमारी जन समर्थक और गरीब हितैषी सरकार है। जब हम विपक्ष में थे, हमने लोगों के हितों से जुड़े मुद्दे उठाए और जब सरकार में हैं, लोगों के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। यही कारण है कि 18.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया। यह पूर्ववर्ती सरकारों के 70 साल की तुलना में मोदी सरकार के नौ वर्षों में हासिल किया गया। उन्होंने सवाल किया, जब भाजपा का मंत्र सबका साथ सबका विकास है, तब पार्टी जन विरोधी और विकास विरोधी कैसे हो सकती है।

ठाकुर ने कहा कि मोदी ने कभी भी किसी व्यक्ति को जन विरोधी या विकास विरोधी नहीं कहा। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति सरकार विरोधी हो सकता है, लेकिन गरीब विरोधी नहीं। यह पूछे जाने पर कि पटनायक की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई प्रशंसा के मद्देनजर क्या भाजपा ओडिशा में 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव में बीजद को वाकओवर देगी, ठाकुर ने कहा, भाजपा राज्य में अगला चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ेगी और देश के शेष हिस्सों जैसा ही बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगी।

यह पूछे जाने पर कि क्या केंद्र ओडिशा की बीजू जनता दल (बीजद) सरकार के खिलाफ भी वैसी ही कार्वाई करेगी, जैसा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी नीत सरकार के खिलाफ की गई है। इसके जवाब में, ठाकुर ने कहा कि ओडिशा सरकार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन के सिलसिले में एक नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा, यदि राज्य ने कोई कार्वाई नहीं की, तो ओडिशा सरकार को नया नोटिस जारी किया जाएगा। बिहार में जातिगत गणना पर एक सवाल का जवाब देते हुए ठाकुर ने कहा कि इस पर टिप्पणी करना मुश्किल है क्योंकि उन्होंने रिपोर्ट को विस्तार से नहीं पढ़ा है।

अलग राज्य की मांग पर संगीत सोम बोले, मिनी पाकिस्तान बन जाएगा पश्चिमी उत्तर प्रदेश

मेरठ (उप्र)। केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान की पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की मांग पर पूर्व भाजपा विधायक संगीत सोम ने सवाल उठाते हुए कहा है कि अगर ऐसा हुआ तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश मिनी पाकिस्तान बन जाएगा। सोम ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान ने अंतरराष्ट्रीय जाट संसद में पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाए जाने की पैरवी की है, मगर यह भविष्य को देखते हुए सही नहीं है। अगर ऐसा हुआ तो पश्चिमी उप्र मिनी पाकिस्तान बन जाएगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को दिल्ली राज्य में शामिल करना चाहिए। सरधना से पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग राज्य बनने पर विशेष वर्ग की बढ़ती आबादी के कारण उस प्रदेश में हिंदू अल्पसंख्यक हो जाएंगे, इसलिए बेहतर होगा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को दिल्ली राज्य में जोड़ने की पहल की जानी चाहिए।

धार्मिक जुलूस के दौरान हिंसा के संबंध में 60 व्यक्ति गिरफ्तार

बेंगलुरु/शिवमोगा। शिवमोगा जिला मुख्यालय शहर में एक धार्मिक जुलूस के दौरान हुई हिंसा के संबंध में अब तक 24 मामले दर्ज किए गए हैं और 60 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी। पुलिस ने कहा कि शिवमोगा शहर के रागी गुडा इलाके में स्थिति अब शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है, जहां रविवार को पथराव की घटनाओं के बाद तनाव व्याप्त होने के बाद निषेधाज्ञा लागू कर दी गई थी। शिवमोगा के पुलिस अधीक्षक जी. के. मिथुन कुमार ने शिवमोगा में संवाददाताओं से कहा, रागी गुडा घटना के संबंध में हमने 24 प्राथमिकी दर्ज की हैं और हमने 60 लोगों को हिरासत में लिया है और उन्हें गिरफ्तार किया है। रागी गुडा क्षेत्र में स्थिति अब शांतिपूर्ण है और शिवमोगा शहर पर इसका कोई असर नहीं है।

कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने बेंगलुरु में कहा, सब कुछ नियंत्रण में है, चिंता की कोई बात नहीं है... जांच जारी है... एडीजीपी कानून एवं व्यवस्था को वहां भेजा गया था, वह वहां रूके थे और अब वापस आ गए हैं...जांच पूरी होने पर वे मुझे एक रिपोर्ट देंगे। स्कूल शिक्षा मंत्री एवं शिवमोगा जिले के प्रभारी मंत्री मधु बंगारप्पा ने आज रागी गुडा इलाके में कुछ घरों का दौरा किया, जिन पर रविवार की घटना के दौरान पथराव किया गया था। बंगारप्पा ने कहा कि कुछ दृश्यों में कथित तौर पर जुलूस के दौरान दिख रही तलवारें असली नहीं हैं और प्लास्टिक या कार्डबोर्ड से बनी हुई थीं... हमारी परंपरा में हम त्रिशूल रखते हैं, उसी तरह यहां भी, इसे हिंसा से न जोड़ें। यदि उनका इस्तेमाल हिंसा के लिए किया गया है तो पुलिस कार्वाई करेगी।

मिथुन कुमार ने कहा कि शिवमोगा शहर में व्यवसाय और अन्य गतिविधियां सामान्य रूप से चल रही हैं। उन्होंने कहा, घटना के बाद भी, उस दिन रात 11:30 बजे तक शहर में ईद-मिलाद का जुलूस शांतिपूर्वक निकला। शिवमोगा शहर के बाहरी क्षेत्र रागी गुडा इलाके में ही यह घटना देखी गई, मैं भी व्यक्तिगत रूप से वहां मौजूद था, हमने (पुलिस) कदम उठाए और आधे घंटे के भीतर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। दोषियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि केवल रागी गुडा क्षेत्र में कुछ पाबंदियां हैं और स्थिति का आकलन करने के बाद इसे वापस ले लिया जाएगा। एसपी ने कहा कि चिंता की आवश्यकता नहीं है और दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि घटनास्थल के दौरे के दौरान उन्हें पता चला कि सभी समुदाय के लोगों के घरों पर पथराव किया गया। उन्होंने कहा, अपराधी अपराधी हैं, चाहे वे किसी भी समुदाय के हों, क्योंकि पथराव करना गलत है....निर्दोषों को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं, जिनके खिलाफ फोटो और वीडियो सबूत हैं।

बाहरी लोगों की संलिप्तता और उपद्रवियों द्वारा एक वैन का इस्तेमाल किए जाने की खबरों के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए मिथुन कुमार ने कहा कि वाहन का पता लगा लिया गया है और जांच जारी है और हमने उन लोगों से पूछताछ की है जिन्होंने इसका इस्तेमाल किया था।

उन्होंने कहा, इस पर अटकलें न लगाएं, किसी निष्कर्ष पर न पहुंचें और लोगों के बीच दहशत उत्पन्न न करें, जांच जारी है और सभी पहलुओं पर गौर किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, कथित तौर पर रविवार शाम को ईद मिलाद जुलूस पर पथराव होने की अफवाह के बाद गुस्साई भीड़ ने कुछ घरों और वाहनों पर पथराव किया जिसमें पुलिसकर्मियों सहित कई लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए उन्हें लाठीचार्ज करना पड़ा। इससे पहले रविवार को पथराव की घटना से पहले, रागी गुडा इलाके में जुलूस के तहत लगाए गए एक कटआउट को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ था, क्योंकि पुलिस ने थोड़ी विवादास्पद (सामग्री) के कारण इसके एक हिस्से को ढंक दिया था।

भारतीय धावकों ने जमाई धाक, हासिल किए छह पदक

पारुल को दौड़ और अनु को भाला फेंक में स्वर्ण

भाषा। हांगझोउ

पारुल चौधरी ने शानदार दमखम का परिचय देते हुए महिला 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि अनु रानी सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ महिला भाला फेंक स्पर्धा में शीर्ष पर रही जिससे भारत मंगलवार को यहां एशियाई खेलों की एथलेटिक्स स्पर्धाओं में छह पदक जीतने में सफल रहा। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी अंतिम लैप में जापान की रिरिका हिरोनाका से पीछे चल रही थी लेकिन अंतिम 40 मीटर में उन्हें पछाड़कर 15 मिनट 14.75 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पारुल का मौजूदा एशियाई खेलों में यह दूसरा पदक है। उन्होंने सोमवार को महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था। मेरठ की 31 साल की अनु ने अपने चौथे प्रयास में 62.92 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका की नदीशा दिल्हान और चीन की हुइहुइ ल्यु ने क्रमश: 61.57 मीटर और 61.29 मीटर के प्रयास के साथ रजत और कांस्य पदक जीते। मोहम्मद अफजल ने पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में एक मिनट 48.43 सेकेंड के साथ रजत पदक जीता। इसी स्पर्धा में कृष्ण कुमार डिस्क्वालीफाई हो गए।

तेजस्विन शंकर ने पुरुष डेकाथलन स्पर्धा में 7666 अंक के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ रजत पदक हासिल किया। इससे पहले वह 1500 मीटर फाइनल में चौथे स्थान पर रहे थे। भारत का एशियाई खेलों की पुरुष डेकाथलन स्पर्धा में 1974 के बाद यह पहला पदक है। विजय सिंह चौहान एशियाई खेलों की इस स्पर्धा में 1974 में पदक जीतने वाले पिछले भारतीय थे। पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड भरतिंदर सिंह के नाम था जो 7658 अंक का था। प्रवीण चित्रावेल ने पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में 16.68 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। इसी स्पर्धा में एन अब्दुल्ला अबुबाकर 16.62 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे। चीन के झू एमिंग (17.13 मीटर) और फेंग याओकिंग (16.93 मीटर) ने क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीता। इससे पहले विथ्या रामराज अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाने के बावजूद महिला 400 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने में सफल रही। पच्चीस साल की विथ्या ने 55.68 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। बहरीन की ओलुवाकेमी मुजिदात आदेकोया ने 54.45 सेकेंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चीन की जेदी मो ने 55.01 सेकेंड का सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विथ्या ने सोमवार को 55.52 सेकेंड के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 1984 में बनाए पीटी ऊषा के 400 मीटर बाधा दौड़ के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करके अपनी हीट में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। विथ्या भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम का भी हिस्सा थी जिसने सोमवार को श्रीलंका के लेन के उल्लंघन के कारण डिस्क्वालीफाई होने के बाद रजत पदक जीता। टीम के अन्य सदस्य मोहम्मद अजमल वरियाथोडी, राजेश रमेश और सुभा वेंकटेशन थे। पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ फाइनल में यशास पी (49.39 सेकेंड) और संतोष कुमार (49.41 सेकेंड) क्रमश: पांचवें और छठे स्थान पर रहे। महिला ऊंची कूद फाइनल में पूजा और रूबिना यादव ने अपने अभियान का अंत क्रमश: छठे और नौवें स्थान के साथ किया।

प्रीति व नरेंद्र ने मारे कांसे के पंच

हांगझोउ। विश्व चैम्पियन लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचकर ओलंपिक कोटा हासिल किया जबकि प्रीति पवार (54 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) को सेमीफाइनल मुकाबले में हारने के बाद कांस्य से संतोष करना पड़ा। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना ने सेमीफाइनल में एशियाई चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता थाईलैंड की बेसन मानिकोन को सर्वसम्मति से लिए गए फैसले में हराया। लंबे कद का पूरा फायदा उठाते हुए लवलीना ने शानदार मुक्के लगाए। पहले दौर में पिछड़ने के बाद उनकी प्रतिद्वंद्वी ने आखिरी तीन मिनट में वापसी की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। दूसरी ओर ओलंपिक कोटा हासिल कर चुकी प्रीति को मौजूदा फ्लायवेट चैम्पियन चीन की चांग युआन ने 5-0 से हराया। पहले तीन मिनट में प्रीति ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए घूंसे बरसाए लेकिन बाद में लय कायम नहीं रख सकी। चीनी खिलाड़ी ने जबर्दस्त आक्रमकता दिखाते हुए उसे कोई मौका नहीं दिया। पहले दौर में पांच में से चार जज ने चीनी खिलाड़ी के पक्ष में फैसला दिया। दूसरे दौर में प्रीति ने उसका डिफेंस तोड़ने की कोशिश की। प्रीति को सिर के पीछे से मारने पर युआन को चेतावनी भी मिली। उसने आखिरी तीन मिनट में रक्षात्मक खेल दिखाते हुए जीत दर्ज की। नरेंद्र सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता कामशीबेक कुंकाबाएव से 0-5 से हार गए और इस तरह से ओलंपिक कोटा हासिल करने से चूक गए। एक अजीबोगरीब घटनाक्रम में सचिन सिवाच अपना 57 किग्रा का क्वार्टर फाइनल मुकाबला ल्यू पिंग से तीन मिनट और सात सेकंड में 1-4 से हार गए। दोनों मुक्केबाजों के सिर टकराने के कारण चीन के खिलाड़ी के माथे पर घाव हो गया। पिंग ने पहला राउंड 4-1 से जीता था और जब यह स्पष्ट हो गया कि खून बहने के कारण वह मुकाबला आगे जारी नहीं रख सकते हैं तो जजों ने चीन के खिलाड़ी के पक्ष में फैसला सुना दिया।

एशियाई खेलों पदक तालिका

देश-	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
चीन	161	90	46	297
जापान	33	47	50	130
द.कोरिया	32	42	65	139
भारत	15	26	28	69
उज्बेकिस्तान	14	15	21	50
ताइपे	12	10	18	40

पुरुष और महिला सॉफ्ट टेनिस टीम सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम

हांगझोउ। भारत की पुरुष और महिला सॉफ्ट टेनिस टीम मंगलवार को यहां एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही। अनुषा नेलाकुदिति, तुशिता सिंह, अध्या तिवारी, निकिता बिश्नोई और रागा श्री कुलानदेइवेलु मनोगरबाबु की मौजूदगी वाली महिला टीम ग्रुप ए में दो जीत और इतनी ही हार के साथ तीसरे स्थान पर रही। आदित्य दुबे, जय मीणा, अंकित पटेल, रोहित धीमान और राजवीर अमालियार की टीम चार पूल मुकाबलों में सिर्फ एक जीत के साथ चौथे स्थान पर रही।

भारतीय गोताखोरों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी

हांगझोउ। भारतीय गोताखोर सिद्धार्थ बजरंग परदेशी और लंदन सिंह हेमाम मंगलवार को यहां एशियाई खेलों में पुरुषों की तीन मीटर स्प्रिंगबोर्ड स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहे। सिद्धार्थ प्रारंभिक चरण में 236.35 अंकों के साथ 17वें स्थान पर रहे, जबकि लंदन 207 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर रहे, जिससे इस खेल में भारतीय गोताखोरों निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। स्पर्धा में शीर्ष 12 गोताखोरों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। लंदन इससे पहले सोमवार को पुरुष एक मीटर स्प्रिंगबोर्ड गोताखोरी स्पर्धा में 207.80 अंक के साथ निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए 12वें स्थान पर रहे।

भारतीय पुरूष सेपकटकॉ टीम बाहर

हांगझोउ। भारतीय पुरूष टीम जुझारू प्रदर्शन के बावजूद एशियाई खेलों की सेपकटकॉ स्पर्धा में दक्षिण कोरिया से हारकर बाहर हो गई। आखिरी ग्रुप मैच में भारत को कोरिया ने 2-1 से हराया। सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए भारत को यह मैच हर हालत में जीतना था लेकिन उसने पहला सेट 16-21 से गंवा दिया। दूसरा सेट 21-16 से जीतकर वापसी की लेकिन निर्णायक सेट फिर 21-16 से गंवा दिया। भारतीय टीम ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रही। जापान और फिलीपींस इस ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि ग्रुप ए से इंडोनेशिया और म्यांमां ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

शतरंज : पुरुष टीम ने ड्रॉ खेला, महिलाओं ने मंगोलिया को हराया

हांगझोउ। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष टीम को मंगलवार को यहां एशियाई खेलों की शतरंज प्रतियोगिता के पांचवें दौर में ईरान ने 2-2 से ड्रॉ पर रोक दिया। कोनेरू हम्पी और आर वैशाली की अगुवाई में भारतीय महिला टीम ने हालांकि बेहतरीन प्रदर्शन किया और पांचवें दौर में मंगोलिया को 4-0 से करारी शिकस्त दी। भारत की महिला और पुरुष टीम दोनों आठ आठ अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारतीय पुरुष टीम का मुकाबला अंकतालिका में शीर्ष पर चल रहे ईरान से था। भारत के शीर्ष खिलाड़ी डी गुकेश को परहम माघसौदलू से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन आर प्रज्ञानानंदा ने सैयद मोहम्मद मिन तबाताबई को हराया।

अर्जुन-सुनील ने केनोए में 39 साल बाद पानी से निकाला पदक

1000 मीटर युगल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता

हांगझोउ। मछुआरे के बेटे सलाम सुनील सिंह और कारखाने में काम करने वाले के बेटे अर्जुन सिंह एक दूसरे से लगभग 2000 किलोमीटर की दूरी पर रहते हैं लेकिन जलक्रीडा (वाटर स्पोर्ट्स) के जुनून ने विषम परिस्थितियों में दोनों को आगे बढ़ने और एक साथ मिलकर देश के लिए पदक जीतने के लिए प्रेरित किया।

चौबीस साल के सुनील मणिपुर के मोइरंग के हैं जबकि 16 साल के अर्जुन रुड़की में रहते हैं। अर्जुन और सुनील ने एशियाई खेलों में मंगलवार को पुरुषों की केनोए 1000 मीटर युगल स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने 3 : 53 . 329 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। एशियाई खेलों के इतिहास में केनोए में भारत का यह दूसरा ही पदक है। भारत के सिजि सदानंदन और जॉनी रोमेल ने इससे पहले 1994 में हिरोशिमा खेलों में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। सुनील और अर्जुन के लिए यह पदक उनके जीवन में कठिन परिस्थितियों के बावजूद की गई कड़ी मेहनत का परिणाम है। सुनील ने हांगझोउ में कांस्य पदक जीतने के बाद कहा, मेरे पिता (इबोयिमा सिंह) एक मछुआरे हैं। वह हर सुबह और शाम अपनी नाव चलाते हैं और लोकतक झील में मछलियां पकड़ते हैं। यही हमारे परिवार की आय का स्रोत है। मेरी मां (बिनीता देवी) एक गृहिणी हैं। जब मैंने इस खेल को शुरू किया था तो यह काफी मुश्किल था। नाव और दूसरे उपकरण काफी महंगे है। पैडल का खर्च कम से कम 40,000 रुपए और नाव की कीमत चार से पांच लाख रुपए है। सेना में हवलदार पद पर कार्यरत इस खिलाड़ी ने कहा, शुरुआत में परिवार और रिश्तेदारों ने मेरी आर्थिक मदद की लेकिन 2017 में भारतीय सेना से जुड़ने के बाद मैं अपना खर्च खुद उठा रहा हूं। सुनील का जन्म लोकतक झील के पास हुआ है ऐसे में जलक्रीडा के प्रति उनका जुनून स्वाभाविक है। लोकतक पूर्वोत्तर भारत की मीठे पानी की सबसे बड़ी झील है। सुनील ने केनोए का अपना पहला सबक इसी झील में सीखा था।

स्क्वाश में तीन पदक पक्के

● घोषाल, दीपिका-हरिंदर और अभय-अनाहत की जोड़ी सेमीफाइनल में

हांगझोउ। सौरभ घोषाल ने आसान जीत के साथ मंगलवार को यहां स्क्वाश के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि मिश्रित युगल जोड़ियों ने भी शानदार जीत के साथ अंतिम चार में जगह बनाई, जिससे एशियाई खेलों में भारत के इस खेल में तीन पदक पक्के हो गए। अनुभवी घोषाल ने जापान के रयुनोसुके त्सुकु पर 11-5, 12-10, 11-3 से आसान जीत दर्ज की, जबकि अनाहत सिंह और अभय सिंह की मिश्रित युगल जोड़ी ने यांग एओनसू और डोंगजुन ली को 32 मिनट तक चले मैच में 11-4, 8-11, 11-1 से हराया। इससे पहले दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू की भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के जेमिका अरीबाडो और एंड्रयू गारिया की जोड़ी को 2-1 (7-11, 11-5, 11-4) से शिकस्त दी। महिला एकल में हालांकि तन्वी खन्ना का सफर क्वार्टर फाइनल में सातोमी वतनबे से 5-11, 6-11, 12-14 से हार कर खत्म हो गया। दीपिका और हरिंदर की जोड़ी को अंतिम आठ मुकाबले में फिलीपींस की जोड़ी ने कड़ी टक्कर दी लेकिन भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी की।

पुरुष हॉकी टीम के सामने सेमीफाइनल में कोरिया के रूप में पहली कड़ी चुनौती

हांगझोउ। पूल चरण में आसान मुकाबलों में एकतरफा जीत दर्ज करने वाली भारतीय पुरूष हॉकी टीम के सामने बुधवार को एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया जैसी खतरनाक टीम के रूप में पहली कड़ी चुनौती होगी। खिताब की प्रबल दावेदार दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय टीम ने पूल चरण में पांच मैचों में 58 गोल किए और सिर्फ पांच गोल गंवाए हैं। पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने के इरादे से उतरी हरमनप्रीत सिंह की टीम ने उजबेकिस्तान को 16–0 से, सिंगापुर को 16– 1, पाकिस्तान को 10–2, गत चैम्पियन जापान को 4–2 और बांग्लादेश को 12 –0 से हराया। पिछली बार 2018 एशियाई खेलों में भी भारत की स्थिति समान थी लेकिन सेमीफाइनल में मलेशिया ने उसे शूटआउट में 7–6 से हरा दिया था। भारत ने आखिरी बार एशियाई खेलों में स्वर्ण 2014 में इंचियोन में जीता था जबकि कोरया ने आखिरी बार दोहा में 2006 में खिताब हासिल किया था। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, हमने शानदार शुरूआत की है जिससे आत्मविश्वास काफी बढा है। हम सकारात्मक सोच के साथ सेमीफाइनल में उतरेंगे। लेकिन हमें सावधान रहना होगा।

19th Asian Games Hangzhou

सिंधू, प्रणय व श्रीकांत प्री क्वार्टर फाइनल में

हांगझोउ। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय, किदांबी श्रीकांत और पी वी सिंधू ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों में एकल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने मंगोलिया के बत्दावा मुंखबात को 21-9, 21-12 से हराया। प्रणय कमर की चोट के कारण पुरुष टीम चैम्पियनशिप फाइनल नहीं खेल सके थे। अब उनका सामना कजाखस्तान के दमित्री पानारिन से होगा। श्रीकांत ने कोरिया के ली युन ग्यु पर 21-16, 21-11 से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला जापान के दूसरे वरीय कोडाई नरूका से होगा। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपै की वी चि सू को 21-10, 21-15 से हराया। अब उनका सामना इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी से होगा। अस्मिता चालिहा हालांकि आगे बढ़ाने में नाकाम रही। उन्हें इंडोनेशिया की विश्व में सातवें नंबर की खिलाड़ी ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग ने 35 मिनट तक चले मुकाबले में 17-21, 16-21 से हराया। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की 17वें नंबर की जोड़ी ने अमिनाथ नबीहा अब्दुल रज्जाक और फातिमाथ नबाहा अब्दुल रज्जाक को 21-14, 21-12 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की।

नीरज भाला फेंक में स्वर्ण पदक का बचाव करने उतरेंगे, नदीम चोट के कारण हटे

हांगझोउ। भारत के नीरज चोपड़ा बुधवार को जब यहां पुरुष भाला फेंक स्पर्धा के लिए मैदान में उतरेंगे तो उनका इरादा अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के साथ सत्र का शानदार अंत करने का होगा। भारत के महानतम एथलीट में शामिल चोपड़ा का काम आसान हो सकता है क्योंकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी और विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता अरशद नदीम घुटने की पुरानी चोट के कारण इन खेलों से हट गए है। चोपड़ा ने अब तक नदीम के खिलाफ हर प्रतियोगिता जीती है। दोनों ने कुल मिलाकर नौ बार एक साथ प्रतिस्पर्धा की है। इसमें 2018 का एशियाई खेल भी शामिल है, जहां पाकिस्तान का खिलाड़ी तीसरे जबकि भारतीय खिलाड़ी शीर्ष पर था। चोपड़ा हालांकि अब तक 90 मीटर की दूरी तय नहीं कर पाए है जबकि नदीम ने इसे हासिल कर लिया है। पाकिस्तान के दल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा, अरशद नदीम ने चिकित्सा कर्मियों से परामर्श करने के बाद किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए एशियाई खेलों में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। वह पेरिस ओलंपिक 2024 में भागीदारी को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहते है। पाकिस्तान दल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (डॉ. असद अब्बास) ने व्यापक जांच की सिफारिश की थी। हांगझोउ के एक स्थानीय अस्पताल में नदीम की एमआरआई और अन्य चिकित्सा जांच की गई। एमआरआई से पता चला कि उनकी पुरानी चोट अब भी बरकरार है।

वर्मा व देवताले फाइनल में, रिकर्व तीरंदाजों ने किया निराश

हांगझोउ। मौजूदा विश्व चैम्पियन ओजस देवताले परफेक्ट 150 स्कोर करके एशियाई खेलों में पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए जहां उनका सामना हमवतन अभिषेक वर्मा से होगा जिससे भारत का स्वर्ण और रजत पदक पक्का हो गया। वहीं ज्योति सुरेखा वेन्नम ने अपने सारे अनुभव का इस्तेमाल करके हमवतन अदिति स्वामी को हराकर महिला कंपाउंड व्यक्तिगत फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत के तीरंदाजी में तीन पदक पक्के हो गए है। भारतीय तीरंदाज छह टीम स्पर्धाओं में भी पदक की दौड़ में बने हुए है जिसमें तीन रिकर्व और इतनी की कंपाउंड स्पर्धाएं है। भारत की इन टीम ने सोमवार को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारत ने इस तरह इंचियोन में 2014 एशियाई खेलों में अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी कर ली जब देश ने तीरंदाजी में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक सहित तीन पदक जीते थे। सीनियर विश्व चैंपियन 17 साल की अदिति स्वामी महिला कंपाउंड व्यक्तिगत सेमीफाइनल में अपनी आदर्श ज्योति के खिलाफ शिकस्त के बाद कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी। उन्हें कांस्य पदक के मुकाबले में इंडोनेशिया की रतिह जिलिजाती फादहली का सामना करना है। अनुभवी अतनु दास और धीरज बोम्मादेवरा हालांकि पुरुषों के रिकर्व व्यक्तिगत क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। रिकर्व वर्ग में पुरानी कहानी दोहराई गई और कोई भी भारतीय तीरंदाज व्यक्तिगत ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर पाया। बर्लिन में दो महीने पहले सीनियर विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने वाले देवताले ने दक्षिण कोरिया के सातवीं वरीयता प्राप्त यांग जाएवोन को 150-146 से हराया। उन्होंने 15 तीर पर परफेक्ट 150 स्कोर किया। वहीं वर्मा ने दक्षिण कोरिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त जू जाएहून को 147-145 से मात दी। महिला वर्ग में चार दौर के बाद एक अंक से आगे चल रही सीनियर विश्व चैम्पियन 17 वर्ष की अदिति की लय टूटी और ज्योति ने 149-146 से जीत दर्ज की। ज्योति को अपना आदर्श मानने वाली अदिति ने अगस्त में बर्लिन में सीनियर विश्व चैम्पियनशिप में उसे 149-145 से हराया था।

भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में

●वंदना, दीप ग्रेस और दीपिका की हट्रिक

हांगझोउ। अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया, उपकप्तान दीप ग्रेस इक्का और दीपिका की हैट्रिक से भारत ने आखिरी पूल मैच में हांगकांग को 13–0 से हराकर एशियाई खेलों की महिला हॉकी स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वंदना (दूसरा, 16वां और 48वां मिनट) ने फील्ड गोल किए जबकि दीप ग्रेस (11वां, 34वां और 42वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए। संगीता कुमारी (27वां और 55वां मिनट), मोनिका (सातवां) और नवनीत कौर (58वां) ने भी गोल दागे। भारत पूल ए में चार मैचों में 10 अंक लेकर शीर्ष पर है। दक्षिण कोरिया के सात अंक है लेकिन उसका एक मैच बाकी है। भारत का गोल औसत दक्षिण कोरिया से काफी बेहतर है। आखिरी पूल मैच में कोरिया का सामना मलेशिया से होगा। पूल से दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारतीय टीम ने मैच में शुरू से ही दबदबा बना लिया था।

कबड्डी में भारत के पुरुषों ने बांग्लादेश, महिलाओं ने दक्षिण कोरिया को हराया

हांगझोउ। रिकॉर्ड सात बार की चैम्पियन भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने एशियाई खेलों के ग्रुप ए मैच में मंगलवार को बांग्लादेश को 55-18 से हराकर अपने अभियान का आगाज किया। महिला टीम ने भी ग्रुप ए में अपने दूसरे मैच में दक्षिण कोरिया के खिलाफ 56-23 से आसान जीत दर्ज की। महिला वर्ग में पिछले खेलों के रजत पदक विजेता भारत को सोमवार को चीनी ताइपे ने पहले मैच में 34-34 से ड्रॉ पर रोक दिया था। पिछली बार कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम की नजरें इस बार फिर स्वर्ण अपने नाम करने पर है। भारत ने मध्यांतर तक 24-9 की बढत बना ली थी। नवीन कुमार गोयत और अर्जुन देशवाल की अगुआई में भारत ने 12वें मिनट में ऑलआउट किया।

भारतीय क्लाइंबर पदक की दौड़ से बाहर

हांगझोउ। अनीषा वर्मा, शिवप्रीत पन्नु और अमन वर्मा की क्वार्टर फाइनल में हार के साथ मंगलवार को यहां एशियाई खेलों की स्पीड क्लाइंबिंग स्पर्धा में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। पुरुष स्पीड के क्वार्टर फाइनल में अमन को इंडोनेशिया के वेदरिक लियोनार्डो के खिलाफ 17 सेकेंड के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले अमन क्वालीफिकेशन दौर में 16वें स्थान पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। धीरज दिनकर बिराजदार 20वें स्थान पर रहते हुए अगले दौर में क्वालीफाई करने में नाकाम रहे। महिला स्पीड स्पर्धा में अनीषा को चीन की डी न्यु के खिलाफ छह मिनट से अधिक अंतर से हार का सामना करना पड़ा जबकि शिवप्रीत को इंडोनेशिया की राजिया सालसाबिल्लाह ने हराया।

सचिन विश्व कप के लिए वैश्विक दूत नियुक्त

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को भारत के दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को पांच अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होने वाले वनडे क्रिकेट विश्व कप के लिए वैश्विक दूत नियुक्त किया।तेंदुलकर ने छह बार वनडे विश्व कप में भाग लिया है। वह गुरुवार को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले उद्घाटन मैच से पहले विश्व कप ट्रॉफी लेकर मैदान पर आएंगे और टूर्नामेंट की शुरुआत की घोषणा करेंगे। 1987 में बॉल ब्वाय बनने से लेकर छह टूर्नामेंट में देश का प्रतिनिधित्व करने तक विश्व कप के लिए हमेशा मेरे दिल में विशेष जगह रही है। 2011 में विश्व कप जीतना मेरे क्रिकेट करियर का सबसे गौरवशाली क्षण रहा। इतनी अधिक विशिष्ट टीम और खिलाड़ी यहां भारत में विश्व कप में कड़ी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं।

जायसवाल व स्पिनरों ने दिलाई भारत को जीत

● एशियाई क्रिकेट में नेपाल को 23 रनों हराया

हांगझोउ। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की शतकीय पारी के बाद रवि बिश्नोई की अगुवाई में स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी से भारत ने एशियाई खेलों की पुरुष टी20 क्रिकेट स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को यहां नेपाल को 23 रन से शिकस्त दी। जायसवाल ने 49 गेंद की पारी में आठ चौके और सात छक्के जड़ 100 रन बनाए। भारत ने चार विकेट पर 202 रन बनाने के बाद नेपाल की पारी को नौ विकेट पर 179 रन पर रोक कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। जायसवाल ने कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (23 गेंद में 25 रन) के साथ 59 गेंद में 103 रन की शतकीय साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। शिवम दुबे (19 गेंद में नाबाद 25) और रिंकू सिंह (15 गेंद में नाबाद 37) ने पांचवें विकेट के लिए 22 गेंद में 52 रन की अटूट साझेदारी कर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। रिंकू ने दो चौके और चार छक्के जड़े जबकि दुबे ने दो चौके और एक छक्का लगाया। लक्ष्य का पीछा करते समय नेपाल की टीम 13 ओवर में चार विकेट पर 120 रन बना कर अच्छी स्थिति में थी लेकिन बिश्नोई ने खतरनाक बल्लेबाज दीपेंद्र सिंह ऐरी (15 गेंद में 32 रन) और अर्शदीप ने संदीप जोरा (12 गेंद में 29 रन) को आउट कर मैच में भारत की वापसी कराई। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए महज 20 गेंद में 45 रन की साझेदारी कर भारतीय खेमे में थोड़ी देर के लिए खलबली मचा दी थी। बड़े स्कोर वाले इस मैच में बिश्नोई और पदार्पण कर रहे साई किशोर ने नेपाल की रन गति पर अंकुश लगाकर मैच में उलटफेर होने से टीम को बचा लिया। बिश्नोई ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि पदार्पण कर रहे वामहस्त स्पिनर किशोर ने चार ओवर में महज 25 रन खर्च कर एक विकेट लिया। आवेश खान (चार ने 78 रन देकर तीन विकेट लिए। कप्तान पैट कमिंस और ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने दो-दो विकेट हासिल किए।

ऑस्ट्रेलिया ने पाक को 14 रन से हराया

● अभ्यास मैच

भाषा। हैदराबाद

ऑस्ट्रेलिया ने अपने प्रमुख बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से मंगलवार को यहां विश्व कप क्रिकेट अभ्यास मैच में पाकिस्तान को कड़े मुकाबले में 14 रन से हराकर अपनी तैयारियों का पुख्ता सबूत पेश किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 351 रन बनाए थे। उसकी तरफ से ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल (77) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 50) ने अर्धशतक जमाए। उनके अलावा डेविड वार्नर ने 48, मार्नस लाबुशेन ने 40 और जोश इंग्लिस ने 48 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम कप्तान बाबर आजम (90) और इफ्तिखार अहमद (83) की बड़ी अर्धशतकीय पारियों के बावजूद 47.4 ओवर में 337 रन पर आउट हो गई। इन दोनों के अलावा मोहम्मद नवाज ने 42 गेंद पर 50 रन की तेजर्तार पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कामचलाऊ स्पिनर लाबुशेन ने 78 रन देकर तीन विकेट लिए। कप्तान पैट कमिंस और ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने दो-दो विकेट हासिल किए।

भारत का दूसरा मैच भी धुला

तिरुवनंतपुरम। भारत का नीदरलैंड के खिलाफ दूसरा विश्व कप अभ्यास मैच मंगलवार को यहां लगातार बारिश के कारण रद्द हो गया। मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। पिछले हफ्ते गुवाहाटी में भारत के पहले अभ्यास मैच में भी एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी।भारत इस तरह एकमात्र टीम है जो विश्व कप में अभ्यास मैच में बल्लेबाजी या गेंदबाजी का अभ्यास करे बिना उतरेगी।भारत विश्व कप में रविवार को चेन्नई में अपने अभियान की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।

शेष भारत ने जीता ईरानी कप

राजकोट। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार की अगुवाई में शेष भारत के गेंदबाजों ने अनुकूल परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाकर सौराष्ट्र को मंगलवार को यहां दूसरी पारी में 79 रन पर ढेर करके अपनी टीम को तीसरे दिन ही 175 रन से बड़ी जीत के साथ ईरानी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब दिलाया। शेष भारत ने पहली पारी में 94 रन की बढ़त लेने के बाद स्पिनरों के लिए अनुकूल पिच पर अपनी दूसरी पारी में 160 रन बनाकर सौराष्ट्र के सामने जीत के लिए 255 रन का लक्ष्य रखा। चेतेश्वर पुजारा और शेल्डन जैकसन जैसे अनुभवी बल्लेबाजों की मौजूदगी वाली सौराष्ट्र की टीम हालांकि 34.3 ओवर में 79 रन पर सिमट गई ।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्